
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 339 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 11 जुलाई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**The Recapture of Point 5770** — At about 2 PM, we heard the explosions, the firing and all that followed in a close quarter battle situation. I knew that Lord Hanuman had blessed us

**DON'T TAKE GIRLS IN PAIN SERIOUSLY!** — Any biases in judgments about pain would be hugely important because they can exacerbate inequitable healthcare provision

# इण्डिया गठबंधन फूला नहीं समा रहा सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची में भारी ''रिविज़न'' की प्रक्रिया की टाइमिंग व आवश्यकता व वैधानिकता पर भारी सन्देह जताया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर भारतीय निर्वाचन आयोग के विवादास्पद कदम के खिलाफ इंडिया गठबंधन को नैतिक और राजनीतिक रुप से पहली महत्वपूर्ण जीत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने, चुनाव आयोग के इस विशेष अभियान को चुनौती देने वाली कई रिट याचिकाओं की सुनवाई करते हुए, इस पुनरीक्षण प्रक्रिया की आवश्यकता और वैधता पर गंभीर संदेह व्यक्त किया। यह एक ऐसा घटनाक्रम है, जिसने राज्य के सभी विपक्षी दलों को उत्साहित कर दिया है।

हालाँकि गठबंधन को इस बात की भी चिंता है कि चुनाव आयोग देश के सभी राज्यों में इसी तरह का विशेष गहन पुनरीक्षण करने जा रहा है, जिसमें बिहार के बाद सबसे पहले पश्चिम बंगाल आएगा, जहाँ अगले वर्ष की शुरुआत में चुनाव होने हैं। इंडिया गठबंधन के सूत्रों ने कहा कि यह घटनाक्रम विपक्षी दलों को एकजुट होने को बाध्य कर देगा और हर उस हमले का सामना करना पड़ेगा,

- **इण्डिया गठबंधन के बिहार में सभी घटक सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को, अपने आरोपों की पुष्टि मान रहे हैं, और अति उत्साहित हैं।**
- **बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम तो पहले ही कह रहे थे मतदाता सूची का ''रिविज़न'', राजनीति से प्रेरित है, जनमत को विकृत करके पेश करने का प्रयास है।**
- **तेजस्वी यादव ने यह भी कहा, कि गठबंधन पूरे वोटर लिस्ट के रिविज़न को वापस लेने के लिए संगठित अभियान चलायेगा।**
- **वैधानिक एक्स्पट्र्स व राजनीतिज्ञों का मानना है, कि अब भी अगर चुनाव आयोग, संविधान के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही नहीं करता है तो जनता में भारी आक्रोश फैलेगा, न्यायालयों में और जमीन पर।**

जो उनकी नज़र में भाजपा को मजबूत कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की बैंच, जिसमें न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची शामिल थे, ने विशेष रूप से एक चुनावी राज्य में पुनरीक्षण अभियान चलाने के औचित्य और समय पर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों – राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, भाकपा, भाकपा (माले), माकपा और अन्य – ने स्वागत किया है, जो लगातार चुनाव आयोग पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि वह सत्तारूढ़ भाजपा–नेतृत्व वाले एनडीए के पक्ष में मतदाता सूची में हेरफेर करने के लिए राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ''सुप्रीम कोर्ट ने हमारे रुख को सही ठहराया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण एक राजनीतिक चाल थी, जिसका उद्देश्य जनता के जनादेश को विकृत करना था। इस असंवैधानिक कदम के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। हम बिहारवासियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जन आंदोलन को और तेज करेंगे।''

इंडिया गठबंधन के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि राज्य में सभी विपक्षी दलों की एक संयुक्त बैठक शीघ्र ही बुलाई जाएगी, जिसमें भविष्य की कार्य योजना तैयार की जाएगी। गठबंधन, संभवतया पुनरीक्षण अभियान को पूरी तरह से रद्द करने की मांग करेगा और चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा किए गए हस्तक्षेप की भावना का सम्मान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कनिष्ठ अभियंता पेपर लीक में फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर, 10 जुलाई। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियन्ता भर्ती परीक्षा 2020 पेपर लीक मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस और एसओजी) ने बताया कि कनिष्ठ अभियन्ता भर्ती परीक्षा वर्ष 2020 के पेपर लीक मामले में फरार आरोपित महेन्द्र गहलोत (37) निवासी विवेक विहार (जोधपुर) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महेन्द्र गहलोत पूर्व में गिरफ्तार उदा राम बिश्नोई का प्रमुख सहयोगी रहा है।

- **एसओजी ने फरार आरोपी महेन्द्र गहलोत को जोधपुर से गिरफ्तार किया।**

कनिष्ठ अभियन्ता भर्ती परीक्षा 2020 का पेपर परीक्षा से पूर्व लेने के लिये उदा राम व महेन्द्र गहलोत में प्रति अभ्यर्थी 12 लाख रुपयों में पेपर पढ़ाने का सौदा हुआ था। आरोपित उदा राम ने अपने वाट्सअप नम्बर से महेन्द्र गहलोत के वाट्सएप नम्बर पर परीक्षा पूर्व पेपर भेज दिया था। यह पेपर आरोपित महेन्द्र गहलोत ने आगे अपने अभ्यर्थियों को पढ़ाया था। इस प्रकार आरोपित महेन्द्र गहलोत ने अन्य अभ्यर्थियों से नकद धनराशि प्राप्त कर परीक्षा पूर्व पेपर पढ़ाया गया। गिरफ्तार महेन्द्र गहलोत से इस भर्ती परीक्षा के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आधार कार्ड, वोटर पहचान पत्र और, राशन कार्ड को जायज़ प्रमाण माना जाना चाहिए'

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग का यह तर्क रद्द किया कि ये दस्तावेज वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाने के लिए जायज़ दस्तावेज़ ही नहीं हैं

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 10 जुलाई। चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण में आधार कार्ड को अमान्य बताने के दावे को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बैंच ने आदेश दिया कि बिहार में चल रहे चुनाव पूर्व मतदाता पुनरीक्षण में आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए।

विपक्षी नेताओं, कार्यकर्ताओं, गैर–सरकारी संगठनों और वकीलों द्वारा दायर इस मामले में 10 से अधिक याचिकाएं इस मामले दायर की गई थीं। उन्होंने अदालत के आदेश का स्वागत किया पर किसी अंतरिम रोक की मांग नहीं की। अगली सुनवाई 28 जुलाई को तय की गई है।

याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि बिहार में यह प्रक्रिया चुनाव के बिल्कुल पास और बेहद लापरवाही से की जा रही है। साथ ही उन्होंने यह बिन्दु भी उठाया कि आधार वैध दस्तावेज नहीं माना गया है।

- **सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से वोटर लिस्ट के रिविज़न के खिलाफ दस चायिकाएं स्वतः ही वापस ले ली जायेंगी, ऐसा माना जा रहा है।**
- **याचिका दायर करने वाले विपक्ष के नेता, एक्टिविस्ट, एन.जी.ओ. ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया, और अब स्टे की मांग भी नहीं उठाई।**

चुनाव आयोग का कहना है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण करना उसके संवैधानिक अधिकारों के दायरे में है, और यह प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी।

न्यायमूर्ति बागची ने बिहार में चुनाव से कुछ ही महीने पहले पुनरीक्षण प्रक्रिया की समय–सीमा पर सवाल उठाया।

याचिकाकर्ता इस समय मतदाता पुनरीक्षण पर अंतरिम रोक की मांग नहीं कर रहे हैं, क्योंकि ड्राफ्ट मतदाता सूची अगस्त में प्रकाशित होनी है और अगली सुनवाई 28 जुलाई को होनी है।

चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने आधार को शामिल न करने के कई कारण दिए और कहा कि मतदाता सत्यापन के लिए 11 दस्तावेजों की सूची दी गई है, जो अंतिम नहीं है।

लेकिन पीठ ने कहा कि यदि सूची अंतिम नहीं है, तो न्याय के हित में चुनाव आयोग को आधार, वोटर आई डी कार्ड और राशन कार्ड को मान्य दस्तावेज मानना चाहिए। आदेश में कहा गया कि इससे अधिकांश याचिकाकर्ताओं की चिंता का समाधान हो जाएगा।

द्विवेदी ने आपत्ति जताई, लेकिन जस्टिस धूलिया ने कहा कि वह इन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हमने ''उदयपुर फाइल्स'' के बारे में कोई आदेश पारित नहीं किया'

## सुप्रीम कोर्ट ने, कपिल सिब्बल के मौखिक प्रश्न के जवाब में कहा, ''हमने तो केवल ''अर्जेन्ट सुनवाई'' न करने की असमर्थता जाहिर की है''

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 10 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि उसने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया है, बल्कि बुधवार को जब यह मामला ''मैन्शन'' (उल्लिखित) किया गया, तब केवल तत्काल सुनवाई से इन्कार किया गया था।

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो जमीयत उलेमा–ए–हिंद की ओर से पेश हुए, ने गुरुवार को दोपहर 1 बजे इस मामले को न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ के समक्ष मौखिक रूप से उठाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट द्वारा मामले को तुरंत सूचीबद्ध करने से इन्कार करने की रिपोट्र्स के कारण दिल्ली हाईकोर्ट, फिल्म रिलीज़ के विरूद्ध जमीयत की याचिका पर आदेश देने से हिचकिचा रहा है। यह फिल्म शुक्रवार, 11 जुलाई को देशभर में रिलीज़ होने वाली है।

- **जैसा कि विदित ही है, सुप्रीम कोर्ट में कन्हैया लाल हत्याकाण्ड के आरोपित मोहम्मद जावेद ने ''उदयपुर फाइल्स'' फिल्म की रिलीज़ पर, स्टे की मांग की थी सुप्रीम कोर्ट में। जावेद का तर्क था, कि फिल्म के सार्वजनिक रिलीज़ होने से उनको भय है कि उनका मुकदमा प्रभावित होगा।**

सिब्बल ने कहा, मैंने याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की थी। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने मुझसे कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, जिसकी न तो सुनवाई हुई है और न ही उसे सूचीबद्ध किया गया है। आपकी ओर से केवल मौखिक टिप्पणी की गई थी।

इस पर न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, हमने तो सिर्फ यह कहा था कि हम इसे तत्काल सुनवाई के लिए नहीं ले रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका मोहम्मद जावेद नामक व्यक्ति द्वारा दायर की गई है, जो कन्हैयालाल हत्या मामले का आरोपी है। उसने फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाने की मांग की है, यह तर्क देते हुए कि फिल्म उसकी निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन करेगी।

बुधवार को कोर्ट ने फिल्म की रिलीज़ (11 जुलाई) से पहले इस मामले को तुरंत सूचीबद्ध करने से मना कर दिया था और वकील से कहा था कि अगले सप्ताह, जब अदालत फिर से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को उम्र कैद

जयपुर, 10 जुलाई। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग को डरा धमकाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त नागेश को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने 22 वर्षीय इस अभियुक्त पर 3.25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी केसी अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में नाबालिगों के खिलाफ अपराध में दिन–प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर न केवल उसे शारीरिक क्षति पहुंचाई, बल्कि उसे जीवनभर दुख देने वाला मानसिक आघात भी दिया। ऐसे

- **अभियुक्त नाबालिग पीड़िता को डरा धमकाकर ले गया तथा नशीला जूस पिलाकर उसे बेहोश कर उसका अपहरण कर लिया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हम चुनाव आयोग की पावर को नहीं बल्कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की टाईमिंग को चैलेंज कर रहे हैं'

## मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ याचिका दायर करने वालों के वकील शंकर नारायणन ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पैशल इन्टैन्सिव रिविज़न/एस.आई.आर.) को लेकर चुनाव आयोग के कदम में तर्क और व्यवहारिकता है, लेकिन चुनाव से कुछ महीने पहले इस प्रक्रिया को शुरू करने के समय पर सवाल उठाए।

चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, ''जो वे कर रहे हैं, वह संविधान के तहत उनका दायित्व है। इसमें व्यवहारिकता है। उन्होंने तारीख इसलिए तय की, क्योंकि कंप्यूटरीकरण के बाद यह पहली बार हो रहा है। इसलिए इसमें एक तर्क है।''

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची से गैर–नागरिकों को हटाने के लिए गहन पुनरीक्षण करने में कुछ भी गलत नहीं है।

- **एक अन्य याचिकर्ता के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, चुनाव आयोग यह कहने वाला कौन है कि हम नागरिक हैं या नहीं।**
- **सर्वोच्च न्यायालय ने भी माना चुनाव आयोग की कार्यवाही समस्या नहीं है समस्या तो टाईमिंग की है।**

अदालत ने कहा, ''आपकी (चुनाव आयोग) प्रक्रिया समस्या नहीं है, समस्या इसका समय है।

अधिवक्ता शंकर नारायणन, जो याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हो रहे थे, ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह से मनमाना और भेदभावपूर्ण बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे चुनाव आयोग की शक्ति पर नहीं, बल्कि इस प्रक्रिया के तरीके पर सवाल उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''वे कह रहे हैं कि 2003 से पहले अगर किसी का नाम वोटर लिस्ट में था, तो माना जाता था कि वह भारत का नागरिक है। लेकिन 2003 के बाद, भले ही किसी ने पांच बार वोट डाला हो, फिर भी यह नहीं माना जायेगा कि वह नागरिक है, अब वह शक के दायरे में आ सकता है, अर्थात अब यह भरोसा नहीं किया जा रहा कि वोट डालना यह साबित करता है कि आप भारतीय नागरिक हैं।''

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित थे, ने कहाः ''वे (चुनाव आयोग) कौन होते हैं यह कहने वाले कि हम नागरिक हैं या नहीं? यह भार उन पर है, हम पर नहीं। उनके पास यह कहने का कोई साक्ष्य होना चाहिए कि मैं नागरिक नहीं हूं।''

## दिल्ली एनसीआर में भूकम्प के झटके

नयी दिल्ली, 10 जुलाई। दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गुरुवार पूर्वाह्न नौ बजकर पांच मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गयी।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र के अनुसार, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, रोहतक, भिवानी, झज्जर, बहादुरगढ़ समेत कई शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र हरियाणा के झज्जर में था। भूकंप से कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आयी है।

दिल्ली–एनसीआर में बुधवार रात से तेज बारिश, जाम एवं जलभराव झेल रहे लोग आज सुबह भूकंप के तेज झटकों से सहम गए। लोग डरकर घर से बाहर निकल आए।

- **सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर 4.4 तीव्रता के इन झटकों का केन्द्र हरियाणा का झज्जर था।**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पोस्ट कर सभी के सुरक्षित होने की उम्मीद की है। उन्होंने लिखा कि उम्मीद है कि भूकंप के बाद सभी सुरक्षित होंगे। सभी के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।

दिल्ली पुलिस ने भी भूकंप को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें लिखा कि आज सुबह दिल्ली–एनसीआर में आए भूकंप से अभी तक किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। हम सभी दिल्लीवासियों की कुशलता की कामना करते हैं।

## वडोदरा पुल हादसे में मृतकों की संख्या 18 हुई

वडोदरा, 10 जुलाई। गुजरात में वडोदरा जिले के पादरा क्षेत्र में महिसागर नदी पर बने मुजपुर–गंभीरा पुल के अचानक ढ हने से मृतकों की संख्या बढ़ कर 18 हो गयी है।

सरकारी सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पादरा के पास मुजपुर–गंभीरा पुल पर बुधवार को हुई दुर्घटना में राहत और बचाव कार्य आज भी युद्धस्तर पर जारी है। इस घटना में अब तक 18 लोगों शव नदी से बरामद किये गये हैं और अन्य नौ लोग घायल हो गये थे। घायल नौ में से पांच घायलों को पादरा सीएचसी और वडोदरा एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जबकि चार घायलों को उपचार के बाद कल और दो लोगों को आज छुट्टी दे दी गयी तथा तीन का उपचार अभी जारी है।

- **सरकारी सूत्रों ने कहा, राहत बचाव कार्य जारी हैं अब तक 18 शव मिल चुके हैं, हादसे में 9 लोग घायल हुए हैं।**

इस घटना के बाद राहत और बचाव के लिए 20 से अधिक अग्निशमन कर्मी, एक एनडीआरएफ टीम, एक एसडीआरएफ टीम, दो फायर बोट, तीन फायर टेंडर, 10 से अधिक एम्बुलेंस और पांच से अधिक मेडिकल टीमें घटनास्थल पर काम कर रही हैं। जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, विधायक चैतन्य सिंह झाला और प्रांतीय अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं और राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दे रहे हैं।

# 2025 में छठी यात्रा पर बिहार आ रहे हैं प्र.मंत्री मोदी

## मोदी तोहफों का पिटारा खोलेंगे तथा साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नई स्कीम, रियायतें, सड़कों की घोषणाओं की बारिश कर रहे हैं, चुनाव के पहले

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जुलाई। बिहार में चुनाव का समय है और, पूर्वानुमान के अनुसार, राजनीतिक नेता राज्य की ओर रुख कर रहे हैं और सरकार के खजाने का ढक्कन खोला जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी 18 जुलाई को बिहार के मोतिहारी आ रहे हैं। पिछले 28 दिनों में प्रधानमंत्री मोदी की दूसरी बिहार यात्रा है। वर्ष 2025 को देखें तो वे छठी बार बिहार आ रहे हैं। मोदी मोतिहारी में एक वित्तीय पैकेज की घोषणा करेंगे, जिसका विशेष फोकस महिलाओं के कल्याण पर होगा।

जेडीयू नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को एक कैबिनेट बैठक में राज्य की महिलाओं तक पहुँचने की कोशिश की और राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अब तक, महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध तो था, लेकिन राज्य के बाहर की महिलाएँ भी इसके लिए पात्र थीं। अन्य कई योजनाओं की घोषणा भी की गईः मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना की शुरुआत, जिसके तहत बीपीएससी और यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले दिव्यांगजनों को रु. 50,000 से रु. 1,00,000 तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी; जीविका को–ऑपरेटिव बैंक के लिए राज्य सरकार की हिस्सेदारी के रूप में 105 करोड़ रुपये की मंजूरी; सिंचाई के लिए डीज़ल सब्सिडी में 100 करोड़ रुपये की राशि; मुजफ्फरपुर के कुढ़नी ब्लॉक में डॉ. अंबेडकर रेज़िडेंशियल स्कूल की स्थापना और कैमूर के मसानी व कोल्हुआ में 720 बैड वाले दो सरकारी आवासीय विद्यालयों का पुनर्निर्माण। राज्य सरकार ने समस्तीपुर, मधेपुरा, पश्चिम चंपारन, गोपालगंज, सहरसा और मधुबनी सहित, कई जिलों में अनेक सड़कों को चौड़ा और मजबूत करने की योजना की भी घोषणा की है। लेकिन एनडीए के सामने एक समस्या हैः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू के खिलाफ अब और ज्यादा तेज सत्ता विरोधी भावना पनप रही है। कुमार ने अपने अजीब व्यवहार और अटपटे बयानों के कारण अपनी स्थिति को और खराब कर लिया है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर उल्टी–सीधी अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच, बीजेपी और जेडीयू के बीच खींचतान भी चल रही है, और ये अटकलें पुख्ता हो रही हैं कि एनडीए की जीत की स्थिति में कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा।

- **इस सबके बावजूद प्रशांत किशोर, जो दो साल से बिहार की पद यात्रा पर निकले हुए हैं, को भी हल्का नहीं माना जा सकता, नवम्बर के विधानसभा चुनाव में। वे ''किंग'' नहीं तो ''किंग मेकर'' की भूमिका में तो रहेंगे ही, ऐसा आज माना जा रहा है बिहार में। पर चुनाव अभी कुछ महीनों बाद हैं, अतः कोई पक्की बात कहना सम्भव नहीं लग रहा।**

हालाँकि अभी चुनाव में समय है, लेकिन प्रशांत किशोर के प्रभाव को नज़रअंदाज़ करना भी गलत होगा। किशोर ने, अपनी जन सुराज पार्टी के माध्यम से, पिछले दो वर्षों में राज्य में गहन पदयात्रा की हैं और लगभग सभी जिलों में अपना नैटवर्क स्थापित कर चुके हैं। यदि किशोर 'किंग' नहीं बने, तो नवंबर चुनावों के बाद 'किंगमेकर' जरूर बन सकते हैं।

## विचार बिन्दु

**हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर**

# क्या है सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के कदाचार या असमर्थता के आरोप पर हटाने की प्रक्रिया?

भारत के संविधान के अध्याय IV में उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन से सम्बन्धित प्रावधान है। संविधान के अनुच्छेद 124(1) में न्यायालय के गठन की व्यवस्था है तथा अनुच्छेद 124(2) में उच्चतम न्यायलाय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया दी है। न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश को उसके पद से कैसे हटाया जावेगा, इसका उल्लेख विस्तार से अनुच्छेद 124(4) में दिया गया है। अनुच्छेद 124 के खण्ड 4 में यह व्यवस्था है कि न्यायाधीश को उसके पद से तब तक नहीं हटाया जावेगा, जब तक साबित कदाचार या असमर्थता के आधार पर हटाये जाने के बाबत संसद के प्रत्येक सदन द्वारा अपनी कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो तिहाई बहुमत द्वारा समर्थित समावेदन राष्ट्रपति के समक्ष उसी सत्र में रखे जाने पर राष्ट्रपति अपना आदेश पारित नहीं करें। Motion (प्रस्ताव) के लिये 100 पार्लियामेण्ट अथवा 50 सदस्य राजसभा के होने चाहिये।

अनुच्छेद 124(5) में यह व्यवस्था है कि संसद खण्ड (4) के अधीन किसी समावेदन के रखे जाने की तथा न्यायाधीश के कदाचार या असमर्थता के अन्वेषण और साबित करने की प्रक्रिया का विधि द्वारा विनियमन कर सकेगी।

उच्चतम न्यायालय के प्रत्येक न्यायाधीश के लिये संविधान की तीसरी अनुसूची के अनुसार यह आवश्यक रखा गया है कि वह शपथ लेगा या सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करेगा कि वह भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखेगा, भारत की प्रभुता और अखण्डता अक्षुण्ण रखेगा तथा सम्यक प्रकार से और श्रद्धापूर्वक तथा अपनी योग्यता के साथ ज्ञान व विवेक से अपने पद के कर्त्तव्यों का भय या पक्षपात अनुराग या द्वेष के बिना पालना करेगा तथा संविधान और विधियों की मर्यादा बनाये रखेगा। यह शपथ औपचारिक नहीं है, जहां कोर्ट का गवाह साधारण रूप से शपथ पर ही झूठ बोलता है; किन्तु यह तो संविधान के अनुच्छेद 124 के खण्ड (6) के अनुसार पद की गरिमा के लिये अति आवश्यक है।

जहाँ तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का सम्बन्ध है, उनके बाबत उच्च कोर्ट के गठन व न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की कार्यवाही के बाबत प्रावधान संविधान के अध्याय V में देखे जा सकते हैं। पाठकों का ध्यान संविधान के अनुच्छेद 218 की ओर आकर्षित करना चाहूंगा जो स्पष्ट करता है कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के सम्बन्ध में जो प्रावधान खण्ड (4) और खण्ड (5) के उपबन्धों में दिये हैं वे वैसे ही लागू होंगे जैसे वे उच्च न्यायालय के संबंध में लागू होंगे।

अनुच्छेद 124 के खण्ड (4) में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने का कारण Proved Misbehaviour or Incapacity अर्थात् कदाचार व असमर्थता है। यही आधार उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने पर लागू है। अनुच्छेद 124 का खण्ड (6) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की शपथ के बाबत हैं और वैसा ही प्रावधान (उपबंध) अनुच्छेद 219 में उच्च न्यायाधीशों के संबंध में है।

न्यायमूर्ति रामामूर्ति के केस में उन्हें हटाये जाने के लिये राष्ट्रपति को समावेदन प्रस्तुत करने के प्रस्ताव को लोकसभा में अपेक्षित बहुमत नहीं मिल सका। कई संसदों ने सुनवाई से अपने को अलग कर लिया था। महाअभियोग पास नहीं हो सका। अतः न्यायाधीशों को हटाने के सम्बन्ध में संविधान में दी गई प्रक्रिया को हमें अच्छी तरह समझना होगा।

संविधान के अनुच्छेद 124 खण्ड (5) में दिये अधिकार के तहत् संसद खण्ड (4) के अधीन किसी समावेदन के रखे जाने की तथा न्यायाधीश के कदाचार या असर्मथता व अन्वेषण और साबित करने की प्रक्रिया का विधि द्वारा विनियमन कर सकती है। इस हेतु संसद ने न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 पारित किया। केन्द्र सरकार ने गजट में प्रकाशित कर अपनी एक विज्ञप्ति से इस अधिनियम को दिनांक 05.12.1968 से लागू किया।

सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के कदाचार या असमर्थता की जांच और उसे साबित करने तथा संसद द्वारा राष्ट्रपति को अभिभाषण प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और उससे सम्बन्धित विषयों को विनियमित करने वाला अधिनियम है। इस प्रकार यह अधिनियम महाअभियोग की प्रक्रिया को निर्धारित करता है। इसमें दी गई प्रक्रिया के आधार पर कार्यवाही की जानी चाहिये। उक्त अधिनियम की धारा 3(2) के अनुसार तीन जजों की नियुक्ति की जाती है। यह कमेटी Motion के पास होने के बाद बनाई जाती है। यह जांच कमेटी न तो राजनीति से प्रभावित होती है और न जुडिशियल ही कही जा सकती है। जांच कमेटी Quasi judicial Authority है और प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों पर अपनी जांच की कार्यवाही करती है। इस कमेटी के समक्ष प्रोसीक्यूशन को Misbehaviour (कदाचार) अथवा Incapacity (असमर्थता) के आरोपों (Charges) को साक्ष्य के आधार पर साबित करना होता है। इसे कानूनी भाषा में जांच कमेटी की Findings कहते हैं। रिपोर्ट साक्ष्य के आधार पर होनी चाहिये। बचाव पक्ष को यानी आरोपी न्याायधीश को अपनी सफाई पेश करने का पर्याप्त मौका देना चाहिये। जांच की रिपोर्ट पत्रावली के साथ संसद में पेश होती है और दोनों सदन के सदस्य मानों वे स्वयं न्यायाधीश हैं सुनवाई करते हैं और अपना निर्णय देते हैं।

> **हमारे न्यायाधीश देवतुल्य हैं, सन्त जैसे हैं आचरण की पवित्रता ही उन्हें न्यायाधीश बनाती है। अतः उनके लिये तो साधारण कदाचार (भ्रष्टाचार) भी क्षम्य नहीं है। जज का पद गरिमा का है। कोई भी समाज सन्त को चाहे वह कैसा ही महान सन्त रहा हो, स्वीकार नहीं करेगा, यदि वह भ्रष्ट हो। देश ने कभी भी आचारहीन भ्रष्ट व्यक्ति को अपना शासक नहीं माना। अतः साधारण कदाचार करने वाला न्यायाधीश, न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठने की योग्यता गंवा देता है। उसे सेवा से हटाना ही उचित है।**

मूल प्रश्न जो ऐसी जांच कार्यवाही में आरोपी न्यायाधीश द्वारा उठाये जा सकते हैं वे हैं क्या आरोप कदाचार अथवा असमर्थता की परिभाषा में आते हैं?

'कदाचार' और 'असर्मथता' के शब्दों को जिनका उल्लेख अनुच्छेद 124(5) में किया गया है उन्हें संविधान में अथवा न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 में परिभाषित नहीं किया गया है। इनकी परिभाषा The Judges (Inquiry) Bill, 2006, The Judicial Standards and Accountability Bill, 2010 तथा न्यायाधीश (जांच) विधेयक, 2005 में हमें मिलती है किन्तु ये Bill अधिनियम नहीं बन पाये अतः शक्तिहीन हो गये।

सी.के. रविचन्दन अय्यर बनाम ए भट्टाचारी के केस में कृष्णास्वामी बनाम भारत संघ 1992 (4) एससीसी 605 में कदाचार शब्द को भ्रष्टाचार के रूप में माना गया है। निष्ठा की कमी या नैतिक पतन से जुड़ा अपराध कदाचार है। न्यायाधीश का दुर्व्यवहार वह कृत्य है जब न्यायाधीश न्यायिक कर्त्तव्यों की पालना नहीं करता पाया जावे या जानबूझकर पद का दुरूपयोग करता है।

जस्टिस यशवन्त वर्मा के विरूद्ध कदाचार का आरोप है। शिकायत होने पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष जांच समिति का गठन किया। इस कमेटी में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी.एस. संघावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन सदस्य थे। जांच कमेटी ने उसके समक्ष प्रस्तुत शहादत के आधार पर आरोपों को सही पाया और महाअभियोग (Impeachment) की कार्यवाही जस्टिस वर्मा के विरूद्ध की जाने की सिफारिश ताकि उन्हें हाईकोर्ट के न्यायाधीश के पद से हटाया जा सके। कमेटी के समक्ष जस्टिस वर्मा के विरूद्ध आरोप था कि उनके सरकारी आवास पर एक बहुत बडी धनराशि जली हुई नकदी के बोरों में मिली। कमेटी ने पाया कि एक गम्भीर कदाचार है। उनके विरूद्ध आरोप था कि उक्त राशि रिश्वत की हो सकती है, जो काला धन है। जांच कार्यवाही में जस्टिस वर्मा ने उस राशि का स्रोत्र नहीं बतलाया।

अभी 2-3 दिन पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उक्त घटना का उल्लेख राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय कोच्चि में छात्रों व संकाय सदस्यों के साथ संवाद के दौरान भी उल्लेख किया। धनखड़ ने कहा अपराध की जांच तो होनी ही चाहिये, यदि धनराशि इतनी अधिक है तो यह जानना आवश्यक है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत्र क्या है? यह न्यायाधीश के सरकारी आवास पर कैसे पहुंचा? उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने माना कि संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही करना एक विकल्प हो सकता है। यह विषय अलग चर्चा का है, यहां हम जस्टिस वर्मा के केस को आरोपों तक ही सीमित रख रहे हैं। जस्टिस वर्मा के विरूद्ध केस कदाचार का है, अतः यह आपत्ति उठाई जा सकती है कि भ्रष्टाचार (रिश्वत) के आरोप में उन्हें नहीं हटाया जा सकता।

लेखक का मत है कि कदाचार शब्द का प्रयोग व्यापक रूप में किया जाता है। हिन्दी शब्दकोष में कदाचार शब्द के अर्थ में Misbehaviour, Misconduct, Corruption को कहा गया है तथा कदाचारी को Corrupt द्वारा सम्बोधित किया है व भ्रष्टाचारी उसे कहा गया है जो Corrupt है। रिश्वत भ्रष्टाचार का गम्भीर रूप है।

यदि हम गम्भीरता से विचार करें तो पायेंगे कि हमारे संविधान निर्माता न केवल विद्वान थे अपितु दार्शनिक व दूरदर्शी भी थे। उनका मानना था कि हमारे न्यायाधीश ऐसे होने चाहिये जिनके चरित्र पर कोई अंगुली भी न उठा पाये। रिश्वत के आरोप पर तो किसी भी साधारण कर्मचारी को सेवा से Dismiss किया जा सकता है। किन्तु हमारे न्यायाधीश देवतुल्य हैं, सन्त जैसे हैं आचरण की पवित्रता ही उन्हें न्यायाधीश बनाती है। अतः उनके लिये तो साधारण कदाचार (भ्रष्टाचार) भी क्षम्य नहीं है। जज का पद गरिमा का है। कोई भी समाज सन्त को चाहे वह कैसा ही महान सन्त रहा हो, स्वीकार नहीं करेगा, यदि वह भ्रष्ट हो। देश ने कभी भी आचारहीन भ्रष्ट व्यक्ति को अपना शासक नहीं माना। अतः साधारण कदाचार करने वाला न्यायाधीश, न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठने की योग्यता गंवा देता है। उसे सेवा से हटाना ही उचित है।

देश के विधिवेक्ता, विद्वान गम्भीरता से इस विषय पर चिन्तन करेंगे कि न्यायधीश वर्मा का केस रिश्वत का नहीं हो तो भी यह मामला कदाचार का तो है ही। इतनी बडी धनराशि घर में मिलना और उसका स्रोत्र (Source) नहीं बतलाना कदाचार ही है। न्यायाधीश वर्मा को न्यायाधीश के पद से हटाने की संविधान अनुमति देता है। प्रतीक्षा करें, प्रस्ताव मानसून सत्र में, संसद में पेश हो रहा है।

सत्यमेव जयते!

**-अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# भारत में घट रही गरीबी की दर



राम शर्मा

**भारत** एक विशाल और विविधतापूर्ण देश है, जहाँ आर्थिक असमानता और गरीबी लंबे समय से चुनौती बनी हुई है। हालाँकि, पिछले कुछ दशकों में देश ने आर्थिक विकास की उल्लेखनीय गति हासिल की है, जिससे लाखों लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। सरकारी आँकड़ों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में गरीबी की दर में लगातार गिरावट दर्ज की गई है।

वर्ल्ड बैंक की नवीनतम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि भारत में गरीबी से लोग तेजी से उभर रहे हैं। आर्थिक असमानता कम हो रही है। वर्ल्ड बैंक के गिनी इंडेक्स के अनुसार समान समाज वाले देशों की सूची में भारत दुनिया का चौथा सबसे समान समाज वाला देश बन गया है। इसका मतलब यह है कि देश में जो भी डेवलपमेंट हो रहा है उसका फायदा अधिकतम लोगों तक पहुंच रहा है।

भारत का 'गिनी इंडेक्स' 25.5 है, ये दिखाता है कि देश में आर्थिक असमानता कम है। ये स्कोर स्लोवाक रिपब्लिक, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद आता है, लेकिन चीन (35.7), अमेरिका (41.8) और 7 और 20 देशों से बेहतर है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता दी है। 1950-60 के दशक में देश में गरीबी की दर लगभग 60 प्रतिशत थी, जो 1990 तक घटकर 45 प्रतिशत रह गई। 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद भारत ने तेज़ी से विकास किया, जिससे गरीबी में कमी आई। विश्व बैंक के अनुसार, 2011 तक भारत में गरीबी की दर 21.9 प्रतिशत थी, और 2022 तक यह घटकर 10 प्रतिशत से नीचे आ गई।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2005-06 से 2019-21 के बीच 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इस अवधि में देश की बहुआयामी गरीबी (एमपीआई) दर 29.17 प्रतिशत से घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई।

देश में आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर बढे हैं। भारत की उच्च वृद्धि ने लाखों लोगों को रोजगार दिया है। सेवा क्षेत्र, निर्माण उद्योग और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाया है।

केन्द्र और राज्य स्तर पर चल रही लोक कल्याणकार सरकारी योजनाओं ने भी गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है। इसमें महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना जैसी प्रमुख योजनाएं है। इसी प्रकार वित्तीय समावेशन की योजनाओं ने भी लोगों का जीवन स्तर सुधारा है। जन धन योजना, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और यूपीआई में लेन देन जैसी तकनीकों ने सरकारी लाभ सीधे गरीबों तक पहुँचाया, जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर गरीबों की संख्या कम हो रही है, लेकिन चुनौती अभी बनी हुई है। देश में संतुलित विकास की कमी है। लेकिन कुछ राज्यों और समूहों में अभी भी गंभीर असमानता है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में गरीबी राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जबकि केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में गरीबी दर तेज़ी से घटी है। इसी प्रकार ग्रामीण भारत में गरीबी अभी भी शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है, हालाँकि अंतर कम हुआ है। अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी समुदायों में गरीबी दर अभी भी राष्ट्रीय औसत से ऊपर है।

देश में महँगाई, बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं गरीबी उन्मूलन में बड़ी चुनौती बनी हुई है। खाद्य पदार्थों और ईंधन की बढ़ती कीमतें गरीबों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही हैं। हालांकि आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में महंगाई दर इन दिनों घटी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर मुद्रास्फीति मई 2025 में घटकर 2.82 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 3.16प्रतिशत थी और बाजार की 3 प्रतिशत की उम्मीदों से भी कम थी। लेकिन यह सीजनल गिरावट है। व्यवहार काल में मध्यम वर्ग के लिए अब भी महंगाई एक बड़ी समस्या है।

इसी तरह भ्रष्टाचार भारत में एक महामारी के रूप में उभरा है। यह सरकार की योजनाओं को धरातल पर नहीं पहुंचने देता। इससे आर्थिक असमानता भी आ रही है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) 2024 में भारत 180 देशों में से 96वें स्थान पर है। 2023 में भारत 93वें स्थान पर था, इसलिए इस साल रैंकिंग में गिरावट आई है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक, सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के स्तर को मापने का एक वैश्विक संकेतक है। यह सूचकांक 0 से 100 तक के पैमाने पर देशों को रैंक करता है, जिसमें 0 सबसे भ्रष्ट और 100 सबसे कम भ्रष्ट का प्रतिनिधित्व करता है। 2024 में भारत का स्कोर 38 है। कोविड-19 के बाद बेरोज़गारी भी एक बड़ी समस्या है।

आय स्तर के मामले में किसान समुदाय अब भी पीछे है। किसान की आय अनिश्चित और सीमित है। जलवायु परिवर्तन ने फसल उत्पादन को प्रभावित किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुँच। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी गरीबी को बनाए रखती है। इस सब कारणों के चलते गरीबी कम होने के बावजूद भारत में अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ रही है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, देश के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। भारत ने गरीबी उन्मूलन में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सरकार को न केवल आर्थिक विकास पर ध्यान देना होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को भी मज़बूत करना होगा। गरीबी कम करने के लिए सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना आवश्यक है। यदि सही नीतियाँ बनाई जाएँ और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तो भारत वास्तव में एक गरीबी-मुक्त समाज की ओर अग्रसर हो सकता है।

**–राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

# पाली के सोनाई मांझी शिविर में एईएन प्रकाश पटेल ने लीला देवी के घर में किया उजाला




**सौरभ सिंगारिया और प्रकाश पटेल।**



**सरकार** की नीतियों और योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य होता है लेकिन जब कोई अधिकारी अपने इस कर्तव्य में सार्थक जीवन मूल्यों को शामिल कर लेता है तो आमजन को मिलती है बेहतर, संवेदनशील और गुड गवर्नेंस। पाली जिले में पदस्थ जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल ने एक ऐसी ही मिसाल कायम की है।

पाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुख्यालय सीनाई मांझी पर आयोजित शिविर में लाभान्वित आइचिया निवासी लीला देवी पत्नी वसाराम भील के परिवार की भोजन और आवास की जरूरत तो राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के चलते पूरी हो जाती है लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं होने से बहुत समस्याओं से दो-चार होना पड़ता था।

लीला देवी ने कनेक्शन का आवेदन तो किया था और डिमांड राशि भरने के लिए कई जगह उधार मांग के भी देखा लेकिन कहीं से सहायता नहीं मिली। एक दरवाजा बंद होता है तो है तो दूसरे दरवाजे खुलते हैं। लीला देवी को भरोसा नहीं था लेकिन ईश्वर पर विश्वास था और उसी विश्वास की उम्मीद में शिविर में आ गई। किसी से बिजली कनेक्शन वाले स्टॉल के बारे में पूछकर वह इसके आसपास घूम रही थी लेकिन समस्या बताने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी।

तभी एईएन प्रकाश पटेल अपनी कुर्सी से उठे और लीला देवी से समस्या पूछी। पहले तो हिचकिचाहट में उसने बताया नहीं लेकिन पटेल की आत्मीयता के कारण अपना दुखडा रो दिया।

इस पर पटेल ने हाथों-हाथ स्वयं की जेब से डिमांड राशि भरी और मौके पर कार्मिकों को भेजकर उसके घर कनेक्शन करवाया। वे लीला देवी को राजस्व शिविर में भी ले गए और जरूरी कागजी कागजी कार्यवाही करवा कर स्वामित्व योजना में प्रोपर्टी कार्ड दिलवाया।

लीला देवी ने भावुक होकर पटेल को धन्यवाद दिया तो उन्होंने कहा कि आज मैं जिस पद पर हूं, किसी जरूरतमंद की मदद कर सकता हूं फिर भी मदद न करूं तो मानवता कैसे बचेगी। समाज जो देता है, हमें काबिल बनकर समाज को लौटाना होता है। यही बैक टू सोसायटी है, यही मानवता है, यही सुप्रशासन और रामराज्य है।

अक्सर इन शिविरों में अपना काम होने पर लोग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हैं। लेकिन इस शिविर में लाभार्थी लीला देवी के साथ ही सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल ने भी मुख्यमंत्रीजी का धन्यवाद दिया और कहा कि वे समाज के पिछडे और विकास की दौड में पिछड़ गए लोगों, समूहों को मुख्यधारा में लाने का प्रशंषनीय कार्य कर रहे हैं। मेरा इसमें वही योगदान है जो श्रीराम सेतु निर्माण में एक गिलहरी ने दिया था।

**इस आर्टिकल को संयुक्त रूप से सहायक निदेशक ( डीआईपीआर ) सौरभ सिंगारिया और जेवीवीएनएल के सहायक अभियन्ता प्रकाश पटेल ने लिखा और सम्पादित किया है।**

# शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों व विद्यार्थियों में आक्रोश

- **उपरेडा ग्राम पंचायत में खातन खेड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्रामवासियों ने सुबह विद्यालय के ताला लगा दिया**
- **विद्यालय में करीब 400 के लगभग नामांकन है, लेकिन मात्र पांच शिक्षक ही लग रहे हैं**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के रायला में शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं ने विद्यालय को ताला लगा दिया। तालेबंदी की खबर मीडिया पर चलने के बाद शिक्षा विभाग तत्काल एक्शन में आया और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने पांच टीचर लगाने के आदेश दिए।

गौरतलब है कि उपरेडा ग्राम पंचायत में खातन खेड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ग्रामवासियों ने सुबह विद्यालय के ताला लगा दिया। अध्यापक व छात्रों को अंदर नहीं घुसने दिया। छात्रों ने नारेबाजी की कि हमें टीचर चाहिए, हमारी मांगे पूरी करो, छात्र-छात्राओं ने नारे लगाए। शिक्षकों की कमी के चलते छात्र छात्राओं ने तालाबंदी की। विद्यालय में करीब 400 के लगभग नामांकन है, लेकिन मात्र पांच शिक्षक ही लग रहे हैं। कक्षा 1 से 12वीं तक का विद्यालय होने के बावजूद भी पूरे शिक्षक नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य में परेशानी होती है। इधर तालाबंदी की सूचना पर शाहपुरा बनेड़ा विधायक लालाराम बैरवा ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभाव से बनेड़ा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से बात कर तुरंत प्रभाव से पांच टीचर लगाने का आदेश दिए। उसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्रा व ग्रामवासियों ने ताला खोला और अध्ययन चालू हुआ। इस दौरान उपरेडा ईश्वर सिंह सरपंच, प्रहलाद बैरवा पूर्व सरपंच, मिट्ठू गुर्जर, मुन्ना खां, गोविंद तेली, हीरालाल, कुर्बान, गोपाल गुर्जर, हबीब खां आदि मौजूद थे।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया

**पावटा,** (निसं)। पूर्णिमा के पावन पर्व पर कहीं गुरू पूजे गए तो कहीं उनकी पादुकाओं का पूजन किया गया। इस पावन पर्व पर भण्डारे, सत्संग और भजनों का आयोजन भी हुआ। गुरू पूर्णिमा का यह पर्व सुबह से लेकर शाम तक मनाया गया। इस दौरान लोग अपने-अपने गुरूओं के घर भी पूजन करने के लिए गए। वहीं शहर में मंदिरों में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा लगाकर भगवान व गुरुजनों से आशीर्वाद लिया।

उपखण्ड की ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान स्थित भरतदास आश्रम बगीची टोरडाधाम में मंदिर महंत मंगलदास के सानिध्य में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड एवं उपखण्ड अधिकारी पावटा कपिल उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, जिले के अधिकारी, भक्तों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर विधायक हंसराज पटेल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मंगलदास जी महाराज को पत्र के जरिये अभिनंदन करते हुए गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं प्रेषित की। सुंदरकांड के सामुहिक पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गुरु पूर्णिमा पर भगवान श्रीराम, जानकी, हनुमान जी का पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया। गुरु पूर्णिमा पर उमड़े भक्तों के जन सैलाब ने मन्दिर महंत मंगलदास महाराज सहित गुरुओं का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

## राशिफल शुक्रवार 11 जुलाई, 2025



पंडित अनिल शर्मा


सावन मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र प्रातः 5:56 तक, वैधृति योग रात्रि 8:44 तक, बालव करण दिन 2:08 तक, चन्द्रमा आज दिन 12:09 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-धनु, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज वैधृति पुण्य है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:26 तक, लाभ-अमृत 7:26 से 10:59 तक, शुभ 12:32 से 2:14 तक, चर 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:20




**मेष**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।




**सिंह**

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**धनु**

मानसिक तनाव दूर होगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**वृष**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। मित्रों/रिश्तेदारों के कारण परेशानी हो सकती है। घर-गृहस्थी के खर्चों में वृद्धि हो सकती है।



**कन्या**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**मकर**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।




**मिथुन**

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्रमा शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है।




**तुला**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




**कुंभ**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**कर्क**

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।



**वृश्चिक**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।



**मीन**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# जेवरात लूटने वाली अंतरराज्यीय गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार

## मुंबई, दिल्ली, उत्तराखंड में कई वारदातों को दिया अंजाम

- बुजुर्ग महिलाओं को बातों में उलझा कर जेवरात लूटने वाली गैंग चढी पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग महिला को बातों में उलझा कर जेवरात लूटने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। बदमाशों ने राजस्थान, मुंबई, दिल्ली, उत्तराखंड में कई वारदात करना कबूल किया हैं। बदमाशों ने राजस्थान में जयपुर और कोटा में 20 से ज्यादा वारदात की हैं। गिरफ्तार बदमाशों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग महिला को बातों में उलझा कर जेवरात लूटने वाली गैंग के शातिर बदमाश बुच्या उर्फ धर्मा (46) निवासी कंझावला जिला रोहिणी दिल्ली हाल निवाई जिला टोंक, गणेश सोलंकी (23) निवासी कानोता जयपुर हाल निवाई जिला टोंक,सुरज सोलंकी (21) निवासी कानोता जयपुर हाल निवाई जिला टोंक औरकरण उर्फ कालू रॉय (29) निवासी कंझावला जिला रोहिणी दिल्ली हाल निवाई जिला टोंक को



पुलिस ने अंतरराज्यीय गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किया है।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के 3-4 सदस्य ऑटो में आते हैं। पहले गिरोह का एक सदस्य महिला -पुरुष जिसके साथ धोखाधडी होती है उससे जैसे रींगस या अन्य स्थान का रास्ता पूछता है। पहला वाला बातों में उलझाकर बोलता है किराये खाने पीने के लिये पैसे नहीं है। मालिक ने काम से निकाल दिया है। उसी समय गिरोह का दूसरा सदस्य आ जाता है। पहला सदस्य उससे भी यही बात कहता है जो उसको 100-200 रुपये दे देता है। पहले वाला बोलता है कि मैं मालिक के यहां से बैग ले आया हूं। इसमें पता नहीं क्या है दूसरा साथी बैग चेक कर झूठ बोलता है कि इसमें तो 5-6 लाख रुपये हैं। उसके बाद पहला वाला साथी महिला - पुरुष व अपने साथी को बोलता है कि बैग आप रख लो उसे खर्चे के 40-50 हजार रुपये दे दो। दूसरा साथी बोलता है कि वह रुपये लेकर आता है। पहला साथी किसी को कहां जाने नहीं देता है और बोलता यहीं दो। उसी समय तीसरा साथी आ जाता है। सभी एक दूसरे से अन्जान बनकर महिला - पुरुष को बातों में उलझाकर पैसों का लालच देकर बोलते हैं, कि बैग आप रख लो जो भी गहने हैं।

यह एक अंतरराज्यीय गैंग है। गैंग का एक सदस्य के द्वारा दूर रहकर पुलिस व आने जाने वाले लोगों का ध्यान रखता है। आरोपियों ने जयपुर शहर में ईलाका थाना, मालपुरा गेट, सांगानेर, छोटी चौपड़ कोतवाली, ब्रह्मपुरी, भट्टा बस्ती, सिंधी कैंप, रेल्वे स्टेशन सदर, संजय सर्किल, दादी का फाटक झोटवाड़ा में करीब एक दर्जन व कोटा में 07-08 वारदात करना कबूल किया है। आरोपियों ने अन्य राज्यों उत्तराखंड, दिल्ली, मुंबई में कई वारदात करना कबूल किया है। आरोपियों से जयपुर शहर की अन्य और वारदातें खुलने की संभावना के चलते पूछताछ जारी है।

# कटारा के सहयोगी कुंदन कुमार की बेटी,भतीजा और भतीजी गिरफ्तार

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने कार्रवाई करते हुए पूर्व आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा के सहयोगी कुंदन कुमार की बेटी, भतीजा और भतीजी को गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 में का पेपर लीक करने वाले पूर्व आर.पी.एस.सी. सदस्य बाबूलाल कटारा ने अपने सहयोगी कुन्दन कुमार पण्ड्या को पेपर दिया था। कुंदन ने यह पेपर बेटी रिद्धी पण्ड्या, भतीजा नैतिक पण्ड्या एवं भतीजी नेहा पण्ड्या को दे दिया था। पेपर मिलने के बाद तीनों ने परीक्षा दी और पास भी हो गए। लेकिन तीनों फिजिकल में पास नहीं हो सके।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी)एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा 2021 की जांच कर रही टीम को कुछ इनपुट मिले। जिस के आधार पर टीम ने जांच करना शुरू किया। जांच में तथ्य सही मिलने पर एसओजी की टीम ने बाबूलाल



कटारा के सहयोगी की बेटी,भतीजा-भतीजी को गिरफ्तार किया।

लीक पेपर लेने के मामले में एसओजी ने आरोपी कुन्दन कुमार पण्ड्या पुत्र दिनकर पण्ड्या निवासी ब्राह्मण बस्ती, टामटिया तहसील सागवाड़ा पुलिस थाना वरदा जिला डूंगरपुर को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। कुंदन तृतीय श्रेणी अध्यापक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कन्यालाघाटा, पालवडा, डूंगरपुर में तैनात था। आरोपी ने लीक पेपर सबसे पहले अपनी बेटी रिद्धी पण्ड्या उसके बाद अपने भाई लोकेन्द्र पण्ड्या निवासी टामटिया तहसील सागवाडा पुलिस थाना वरदा जिला डूंगरपुर के पुत्र नैतिक पण्ड्या एवं भाई की पुत्री नेहा पण्ड्या को दिया था। जिस से वह परीक्षा में पास हो गए थे। लेकिन तीनों ही फिजिकल में फेल होने से उनका चयन नहीं हो पाया था। जिस पर आज रिद्धी पण्ड्या, नैतिक पण्ड्या एवं नेहा पण्ड्या को पूछताछ के लिए एसओजी मुख्यालय बुलाया गया। जांच के बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया कल तीनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। इस केस में अब तक एसओजी 116 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं।

# वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर किया महिला से देहशोषण

**जयपुर।** विधाधर नगर थाना इलाके में परिचित युवक के एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अश्लील वीडियो बनाकर आरोपित परिचित ने ब्लैकमेल कर देहशोषण किया। बदनाम करने की धमकी देकर लाखों रुपए के जेवरात भी ऐंठ लिए। पुलिस ने जीरो नम्बर की एफआईआर दर्ज कर दूदू थाना पुलिस को भेज दी है।

पुलिस ने बताया कि विद्याधर नगर की रहने वाली महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण आरोपित से उसकी जान-पहचान थी। बातचीत होने के कारण आरोपित ने उसके बच्चों का अच्छे परिवार में रिश्ता करवाने का झांसा दिया। झूठ बोलकर उसे मिलने के बहाने दूदू बुलाया। मिलने जाने पर आरोपित ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके अश्लील फोटो-वीडियो मोबाइल में बना लिए।

अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर कई बार जबरदस्ती देहशोषण किया। विरोध करने पर उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

# हड़ताल का आयोजन

**जयपुर।** संयुक्त परिषद ऑफ पोस्टल कर्मचारी द्वारा एक दिवसीय मांकेतिक हडताल का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान परिमंडल के समस्त कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस हड़ताल का आयोजन संयुक्त कर्मचारी परिषद तथा केंद्रीय श्रम संगठनों के अव्हान पर किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन में सरकार का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही डाक विभाग ने संबंधित विभित्र समस्याओं के शीघ्र समाधान की भी मांग की गई।

# मुनेश गुर्जर के तीसरे निलंबन के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एवज में रिश्वत से जुड़े मामले में हेरिटेज नगर निगम के मेयर पद से मुनेश गुर्जर को निलंबित करने के खिलाफ दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश मुनेश गुर्जर की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता को ना तो प्राथमिक जांच से पहले सुनवाई का मौका दिया गया और ना ही निलंबन से पहले जवाब पेश करने का समय दिया गया। राज्य सरकार की यह कार्रवाई प्राकृतिक न्याय कि प्रावधानों के खिलाफ है। याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया। जबकि अगले तीन दिनों तक सार्वजनिक अवकाश था और चौथे दिन उसे निलंबित कर दिया गया। इसलिए उसके निलंबन आदेश को रद्द किया जाए। याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि याचिकाकर्ता को जवाब के लिए पर्याप्त समय देते हुए नियमानुसार निलंबित किया गया था। ऐसे में याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# हड़ताल कर बैंक कर्मियों ने किया भव्य प्रदर्शन

**जयपुर।** देशभर में आज सरकार की श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ ऑल इंडिया बैंक एम्पलाईज एसोसिएशन , ऑल इण्डिया बैंक ऑफ़िसर्स एसोसिएशन , बेफी बैंक संगठनों ने विभिन्न केंद्रीय श्रमिक संगठनों के साथ राष्ट्रीय हड़ताल में भाग लेकर एम आई रोड बैंक ऑफ़ इण्डिया पर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया ।

यह हड़ताल 17 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आयोजित की गई है , जिनमें मुख्य रूप से मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को वापस लेना, आउटसोर्सिंग पर रोक लगाना, पर्याप्त स्थायी भर्ती करना, पुरानी पेंशन को बहाल करना , ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाकर 25 लाख करना , मेडिकल पॉलिसी पर जीएसटी हटाना तथा 26,000 न्यूनतम मासिक वेतन निर्धारित करना शामिल हैं।

# 'यह जो साल में एक बार गुरु पूर्णिमा आती है, उस दिन गुरु की दया बरसती है'

**जयपुर।** बाबा उमाकांत जी महाराज ने प्रात: काल आज अजमेर रोड़, ठिकरिया टोल प्लाजा के निकट जयपुर स्थित बाबा उमाकांत जी महाराज आश्रम पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन करने के बाद अपने सतसंग में कहा कि हर काम का मुहूर्त होता है, समय होता है और मुहूर्त में जब कोई काम करते हैं तब उसमें ज्यादा सफलता मिलती है। यह जो साल में एक बार गुरु पूर्णिमा आती है, उस दिन गुरु की दया बरसती है। आज यहां एक-सवा लाख लोगों ने अपने-अपने स्थान पर बैठ कर के गुरु को याद किया है, गुरु से दया मांगी है। तो यहां गुरु की दया की बरसात में साधक भीगे हैं, जिन्होंने अपने शरीर को रोक कर रखा है, जिन्होंने अपने मन को रोका है जो बराबर भगता है। मन का काम है भगते रहना, चलते-घूमते रहना, इसकी आदत बन गई। जब से यह सुरति



के साथ लगा है तब से यह सुरति (जीवात्मा) को भरमा रहा है। लेकिन गुरु ने जो रास्ता बताया, गुरु ने जो कहा, उस हिसाब से जब लोग करते हैं तब यह मन रुकने लगता है। जिसका मन यहां रुक गया।

उन्होंने अमृत पान किया। अब इसी तरह से दया लेने के लिए आप साधक, जो अपने वतन, अपने घर, जहाँ आपका परिवार है, बच्चे हैं, जहाँ आपका कुनबा है, जिनके साथ आपका कई जन्मों के कर्मों का लेना-देना है, उसको अदा करने के लिए जा रहे हो, वहाँ भी आप इसी तरह से साधना करने की आदत बनाए रखना और वहाँ भी अमृत पीना, क्योंकि देने वाला तो कहीं भी दे सकता है। जो नए लोग थे उनको कम से कम बैठने की आदत तो बनी। जिनका मन एक सेकंड भी नहीं रुकता था, यहां जब देर तक बैठे तो मन पर काबू तो लगा। तो इस गुरु पूर्णिमा के आयोजन में लोगों को अबकी बार आध्यात्मिक लाभ मिला है, संतुष्टि है। बाबा उमाकान्त जी महाराज के सानिध्य में चार दिवसीय साधक गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न हुआ। देश और विदेश से भक्तगण श्रद्धालु गुलाबी नगरी जयपुर में लाखों की संख्या में गुलाबी वस्त्र पहनकर इस साधक गुरु पूर्णिमा 2025 में भाग लेने के लिए कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा ने संत-महात्माओं का सम्मान किया

- पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने सांगानेर में जैन मुनि सुंदर सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया
- पार्टी पदाधिकारियों के साथ विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और अनेक धर्मगुरुओं को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया

**जयपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से संतों एवं महात्माओं के बहुमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पार्टी पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और अनेक धर्मगुरुओं को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने सांगानेर में जैन मुनि सुंदर सागर महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चतुर्वेदी ने कहा कि जैन मुनि, धर्म गुरू, साधु-संत हमारे समाज के गौरव हैं। वे हमारी संस्कृति के मजबूत स्तंभ हैं। हमें सदैव उनके मार्गदर्शन में रहकर समाज सेवा के पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भी नंदपुरी सोडाला स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर गुरुजनों को नमन किया और देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने गलता गेट स्थित कनक बिहारी मंदिर में महामंडलेश्वर सियाराम दास महाराज का बहुमान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु वंदन कार्यक्रम के तहत चूरू स्थित खासोली धाम पहुंचकर संत नवरतन गिरी महाराज के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने विधानी धाम के महंत मिथिला शरण महाराज एवं जगतपुरा अक्षय पात्र स्थित इस्कॉन मंदिर के संत रामरस दास महाराज का वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सुबह देव दर्शन की शुरुआत मोती डूंगरी गणेश मंदिर से की। उन्होंने महंत कैलाश चंद्र शर्मा का राजस्थान सरकार, भाजपा और प्रदेश की जनता की ओर से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक शर्मा ने महंत शर्मा के नाम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी पढ़कर सुनाया। इसके बाद विधायक गोपाल शर्मा गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन पूजन कर उन्होंने महंत अंजन कुमार गोस्वामी और मानस गोस्वामी का सम्मान किया। वहीं बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र स्थित बालनाथ आश्रम, लुणियावास में गुरुदेव बाबा बस्तीनाथ को वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व विधायक मोहन गुप्ता ने हाथोज धाम पहुंचकर महाराज संत बाल मुकुंदाचार्य का बहुमान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम संत परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति सम्मान प्रकट करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

# सीनियर रेजिडेंटशिप के लिए रिलीव नहीं करने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

- अदालत ने कहा कि चिकित्सकों को रिलीव करने के दौरान राज्य सरकार ने याचिकाकर्ताओं के साथ भेदभाव नहीं किया

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सेवारत चिकित्सकों को सीनियर रेजिडेंटशिप के लिए रिलीव नहीं करने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश सर्वेश कुमार योगी व अन्य की ओर से दायर याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि चिकित्सकों को रिलीव करने के दौरान राज्य सरकार ने याचिकाकर्ताओं के साथ भेदभाव नहीं किया है।

याचिका में कहा गया कि स्वास्थ्य निदेशक ने गत 11 जून को एक परिपत्र जारी कर सीनियर रेजिडेंटशिप के लिए चिकित्सा अधिकारियों को रिलीव करने पर पाबंदी लगा दी। याचिका में इस परिपत्र को चुनौती देते हुए कहा गया कि एसआरशिप के लिए ज्वाइनिंग की तिथि समाप्त हो गई है और राज्य सरकार ने उन्हें चिकित्सा अधिकारी पद से रिलीव नहीं किया है। जबकि कई अन्य चिकित्सकों को रिलीव किया जा चुका है। ऐसे में राज्य सरकार के परिपत्र को निरस्त कर उन्हें रिलीव किया जाए। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अर्चित बोहरा ने कहा कि एसआरशिप के लिए रिलीव करने पर अस्पताल में चिकित्सकों की कमी हो जाएगी। इसके अलावा करीब एक माह में 1700 नए चिकित्सकों की नियुक्ति होने वाली है। ऐसे में निर्णय लिया गया उनकी नियुक्ति होने पर याचिकाकर्ताओं को रिलीव कर दिया जाएगा। इसके अलावा एसआरशिप के लिए ज्वाइनिंग की तिथि भी तब तक के लिए बढा दी जाएगी। राज्य सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि कुछ चिकित्सकों को एसआरशिप के लिए रिलीव किया गया था, लेकिन किसी भी चिकित्सक को 11 जून के परिपत्र के बाद रिलीव नहीं किया गया।

# डिस्कॉम कनिष्ठ 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर की विशेष टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जोधपुर डिस्कॉम नाचना जिला जैसलमेर के कनिष्ठ अभियन्ता रावल सिंह भाटी और प्राइवेट व्यक्ति रूपाराम को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी विशेष टीम जोधपुर को परिवादी ने शिकायत की जोधपुर डिस्कॉम नाचना जिला जैसलमेर का कनिष्ठ अभियन्ता रावल सिंह की ओर से उसके इजारे (किराये) के ट्यूबवेल पर नया विद्युत कनेक्शन करने एवं उसका एस्टीमेट बनाने की एवज में 40 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी की विशेष टीम जोधपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियन्ता रावल सिंह ने रिश्वत के 30 हजार रुपये अपने प्राइवेट व्यक्ति रूपाराम को दिलवाई। जिस पर एसीबी टीम प्राइवेट व्यक्ति रूपाराम और कनिष्ठ अभियन्ता रावल सिंह को 30 हजार रुपये की रिश्वत गिरफ्तार किया गया है।

# जयपुर डिस्कॉम को मिली बड़ी सफलता

- डिफेक्टिव मीटर शून्य घोषित हुए झालावाड़, दौसा और जेपीडीसी नॉर्थ सर्किल
- प्रमुख शासन सचिव ने सौंपे प्रमाण पत्र

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम के तीन सर्किलों ने शत-प्रतिशत डिफेक्टिव मीटर बदलने में बड़ी सफलता हासिल की है। दौसा, जेपीडीसी (नॉर्थ) तथा झालावाड़ सर्किलों ने अपने वृत्त क्षेत्र के सभी सब डिविजनों में 1 जुलाई, 2025 की स्थिति में खराब मीटर बदल दिए हैं।

इस उपलब्धि के लिए इन सर्किल के अभियंताओं को प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा अजिताभ शर्मा ने गुरूवार को विद्युत भवन में जीरो डिफेक्टिव मीटर सर्किल होने के आशय के प्रमाण पत्र सौंपे।अजिताभ शर्मा ने इस महत्वपूर्ण कामयाबी पर तीनों सर्किल के अभियंताओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि जयपुर डिस्कॉम के शेष सर्किलों के साथ-साथ जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगमों में भी खराब मीटरों की संख्या शून्य करने की योजना बनाई जाए। उन्होंने इस संबंध में चेयरमैन डिस्कॉम्स को दोनों वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मीटर के डिफेक्टिव रहने का विपरीत असर डिस्कॉम के राजस्व पर पड़ता है। यदि मीटर 2 माह से अधिक समय तक डिफेक्टिव रहता है तो निगम को विद्युत शुल्क का 5 प्रतिशत छूट उपभोक्ता को प्रदान करनी होती है। साथ ही, मीटर खराब होने से औसत उपभोग के आधार पर विद्युत बिल जारी करना पड़ता है। यदि वास्तविक उपभोग औसत से कम रहता है तो उपभोक्ताओं की शिकायतें बढ़ती हैं और वास्तविक उपभोग अधिक होने पर निगम को आर्थिक हानि होती है। साथ ही, वास्तविक उपभोग से बिलिंग नहीं होने के कारण संबंधित सब डिविजन अथवा फीडर की वितरण हानि का आंकलन भी संभव नहीं हो पाता।

उल्लेखनीय है कि चेयरमैन डिस्कॉम्स सुआरती डोगरा ने अपनी विभिन्न समीक्षा बैठकों में अधीक्षण अभियंताओं को सर्किल्स में खराब मीटरों की लम्बित सूची को समाप्त करने के निर्देश दिए थे।किसी भी सर्किल में डिफेक्टिव मीटर के प्रकरण दो माह से अधिक समय तक लम्बित ना रहें। सामूहिक प्रयासों का सकारात्मक परिणाम शुरूआती रूप में इन तीन सर्किलों में देखने में आया है।

झालावाड़ वृत्त की ओर से अधिशासी अभियन्ता के एल बरोदिया, जेपीडीसी नॉर्थ की ओर से अधीक्षण अभियन्ता राजेश गुप्ता, दौसा वृत्त की ओर से अधीक्षण अभियन्ता एम.एल मीणा ने यह प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

# सीआईडी सीबी ने 67.50 लाख का साढ़े चार क्विंटल डोडाचूरा जब्त किया

- कार चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। जिसकी तलाश जारी है

**जयपुर ।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चित्तौड़गढ़ पुलिस ने सीआईडी सीबी जयपुर से मिली विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक इनोवा कार से 449 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया है। जब्त किए गए डोडाचूरा की बाजार कीमत करीब 67.50 लाख आँकी गई है। हालांकि कार चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। जिसकी तलाश जारी है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि सीआईडी सीबी जयपुर के एडीजी दिनेश एमएन की टीम से मिली सटीक सूचना के आधार पर गुरुवार को सदर निम्बाहेड़ा के सहायक उप निरीक्षक सुंदरपाल और उनके जाप्ता कांस्टेबल अमित, दयाराम और जगदीश रानीखेड़ा चौराहे पर नाकाबंदी कर रहे थे। नाकाबंदी के दौरान नीमच की तरफ से एक इनोवा कार आती



पुलिस ने इनोवा कार से 449 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया।

दिखी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन कार चालक ने गाड़ी को वापस घुमाकर भागने की कोशिश की। कांस्टेबल जगदीश ने तुरंत स्टॉप स्टिक का इस्तेमाल किया, जिससे इनोवा का पीछे का एक पहिया पंचर हो गया।

इसके बावजूद चालक कार को वापस नीमच की तरफ भगाया। पुलिस टीम ने फौरन पीछा किया तो कार चालक ने मडडा चौराहे से सर्विस रोड पर कार छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चालक का पता नहीं चल पाया। सहायक उप निरीक्षक सुंदरपाल ने तत्काल थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा को सूचना दी, जिसके बाद उप निरीक्षक कन्हैया लाल और उनका जाब्ता मौके पर पहुंचा और नियमानुसार इनोवा कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, कार में 449 किलो 900 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा मिला, जिसे जब्त कर लिया गया।

# सहकारी समितियों सदस्यों एवं किसानों के प्रशिक्षण पर दिया जोर

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बीज उत्पादन एवं जैविक उत्पादों के विपणन के संबंध में सहकारी समिति सदस्यों एवं किसानों को प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सदस्यों को समुचित प्रशिक्षण उपलब्ध होने से कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, जिससे इस दिशा में बेहतर रूप से कार्य किया जा सकेगा। राजपाल ने शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में भारतीय बीज सहकारी समिति लि. एवं राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. के अधिकारियों से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने राजस्थान राज्य क्रय-विक्रय सहकारी संघ (राजफेड) और राष्ट्रीय स्तर पर गठित दोनों बहुराज्यीय सहकारी समितियों के मध्य हुए एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी दिनों में इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे। जिसका लाभ सहकारी समितियों एवं किसानों को प्रत्यक्ष रूप में मिलेगा। इससे जैविक उत्पादों के विपणन एवं किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवाने के साथ ही उन्हें आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने तथा बाजार तक कृषक समूहों की पहुंच बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

प्रमुख शासन सचिव ने इस संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित कर आगामी रोडमैप पर चर्चा करने तथा शीघ्र सुचारू रूप से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर गठित एक अन्य बहुराज्यीय सहकारी समिति राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. ( ) के साथ आगामी 14 जुलाई को एमओयू किया जाना प्रस्तावित है। इससे निर्यात के क्षेत्र में सहकारी समितियों को कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे सहकारी समितियों द्वारा तैयार उत्पादों की विदेश में भी पहुंच होगी। इससे प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी तथा सहकारी समितियों की आय में वृद्धि होगी।

राजपाल ने कहा कि सहकारी समितियों एवं किसानों की आय में वृद्धि के दृष्टिगत केन्द्र सरकार द्वारा उक्त तीनों सहकारी समितियों भारतीय बीज सहकारी समिति लि.,राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. एवं राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. का गठन किया गया है। उन्होंने राज्य की सहकारी समितियों को अधिकाधिक संख्या में इनकी सदस्यता ग्रहण करवाने पर जोर दिया ताकि उन्हें अपने व्यवसाय में वृद्धि के लिए उचित सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

### महिला गला और मुंह दबाकर लूट मामला

# पुलिस की कई टीमें कर रही बदमाशों की तलाश

- सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है
- फिलहाल बदमाश पुलिस पकड़ से दूर

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में सेंट्रल पार्क में बदमाशों द्वारा दो जुलाई की शाम को महिला का गला और मुंह दबाकर बेहोश कर सोने-चांदी के जेवरात लूट मामले में फिलहाल पुलिस के हाथ खाली है। लेकिन पुलिस के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते पुलिस टीम का गठन कर बदमाशों की तलाश में लगा दी है। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया जा रहा है। जिससे पुलिस को कुछ सुराग मिल सके।

एएसआई राजकुमार ने बताया कि राजस्थान विद्युत विभाग में सीनियर रिसेप्शनिस्ट रिटायर अनुराधा शर्मा (65) निवासी अनीता कॉलोनी बजाज नगर ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि वह रोज की तरह दो जुलाई की रात 7 से 8 बजे तक घूमने के लिए पोलो ग्राउंड गई थीं। घूमने के बाद हाईकोर्ट के सामने छोटे गेट की ओर से निकल रही थी। तभी अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से आकर गला और मुंह दबाया और फिर कुछ सुंघा कर उसे बेहोश कर सोने-चांदी के जेवरात लूट ले गए। इसके बाद महिला को तलाशते हुए परिवार सेन्ट्रल पार्क पहुंचा। महिला बेहोश मिली। संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने हमले के दौरान गला जोर से दबाना बताया। उनको आंतरिक चोटें भी आई हैं। दो दिन इलाज चलने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। महिला ही हालत अब ठीक है।

# हाइवे पर ईथेनॉल कैमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा, हादसा टला

## केमिकल रिसाव और घर्षण से आग लगी, चालक ने दूर जाकर अपनी जान बचाई

- 500 मीटर क्षेत्र को खाली कराया, चार दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निकटवर्ती पनियाला मोड़ के पास कोटपूतली-अंबाला हाइवे पर ईथेनॉल कैमिकल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे कैमिकल का रिसाव शुरू हो गया। रिसाव और घर्षण से टैंकर में भीषण आग लग गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान ऐहतियात के तौर पर ट्रैफिक को दूर रोक दिया गया और आसपास के ईलाके को खाली कराया गया।

जानकारी के अनुसार टैंकर जैसे ही पलटा उसमें से रसायन बहने लगा और कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगी। हादसे के वक्त चालक ने सूझबूझ दिखाते हुये समय रहते टैंकर से दूर भाग कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग की तेज लपटों ने टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया और दूर-दूर तक आग की लपटें व धुंआ दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही कोटपूतली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ऐहतियातन हाइवे पर यातायात को करीब आधा किलोमीटर दूर रोक कर डायवर्ट कर दिया गया। इस दौरान जाम की स्थिति बन गई। सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के 500 मीटर के दायरे को पूरी तरह खाली करवा लिया। आसपास की दुकानों और रिहायशी ईलाकों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। आग पर काबू पाने के लिये दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन टैंकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। फिलहाल ट्रैफिक को सामान्य करने की कोशिश जारी है। मौके पर एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेंद्र बुरडक, सरूण्ड एसएचओ बाबूलाल मीणा व पनियाला एसएचओ मोहर सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



**कैमिकल से भरे टेंकर में धधकती आग की लपटें दूर तक दिखाई दी।**

# संविधान नहीं, कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में : सतीश पूनिया

- भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार

**जोधपुर,** (कासं)। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के संविधान खतरे में है वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि दरअसल कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है। कांग्रेस अब सिर्फ बयानों के सहारे जिंदा रहने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेता सतीश पूनिया ने जोधपुर में मीडिया से बात करते हुए संघ, धर्म, राजनीति और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर खुलकर बयान दिए।

उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं और उनके लिए भगवा ध्वज ही गुरु है। उन्होंने भगवान शंकर को आध्यात्मिक गुरु और अपने राजनीतिक जीवन में जिनसे भी सीखा है, उन सभी को अपना गुरु बताया। बिहार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जो राज्य कभी जातिवाद की प्रयोगशाला माना जाता था, वह अब विकास की प्रयोगशाला बन गया है। भाजपा सरकार ने आवास, अन्न, मुद्रा, आयुष्मान जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारकर आम जनता को राहत दी है। बिहार चुनाव पर चुटकी लेते हुए सतीश पूनिया ने कहा कि कांग्रेस हर चुनाव में ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल खड़ा करती है, जिससे लगता है कि उन्हें हार का अंदेशा पहले से होता है। पाठ्यक्रम परिवर्तन पर उन्होंने कहा कि पहले महापुरुषों को दरकिनार कर एक परिवार और एक पार्टी का महिमामंडन किया जाता था। अब बदलाव हो रहा है, लेकिन यह एक दिन में नहीं होता, इसके लिए गहन रिसर्च और तैयारी की जरूरत होती है। वहीं पूनिया ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णवजी के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## कॉलेज में चोरी

**उदयपुर।** कुराबड थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ कॉलेज से केमरे व केबल चुराने का प्रकरण दर्ज किया। पीड़ित गेहरीलाल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि गत दिनों अज्ञात चोर कॉलेज से सीसीटीवी केमरे व केबल चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD ELECTRICAL DIVISION KOTA**

No:-278 Date:-61-07-2025

**Notice Inviting Bid (NIT No 09/2025-26)**

Bids for 02 Nos Electrical work at District Kota are invited from interested bidders up to 06.00 PM of 14.07.2025 (Monday) Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State. The approximate value of the procurement is Rs 152.98 Lac.

UBN-PWD2526WSOB06054, PWD2526WSOB06055

DIPR/C/9305/2025 Executive Engineer PWD Elect.Div Kota

**Office Of Superintending Engineer PHED Circle Jhalawar (Rajasthan)**

**NOTICE INVITING Bid No. 15/2025-26**

Bids for Operation and Maintenance of Chaumehala Water Supply Project, District Jhalawar for 05 years on Private Contract Basis are invited from interested bidder's upto 14.07.2025 at 18.00 Hours. Other particulars of the bid may be visited www.dipr.rajasthan.gov.in, http://rajwater.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in. Departmental websites. http://sppp.rajasthan.gov.in on the and

NIB No. PHE2526A2100

UBN No. PHE 2526 WSOB04267

DIPR/C/9334/2025 Superintending Engineer PHED Circle Jhalawar

# कांग्रेस में अध्यक्ष कोई भी हो, पर आलाकमान केवल एक ही परिवार : गजेन्द्र सिंह शेखावत

- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बात की

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि कांग्रेस में भले ही अध्यक्ष कोई भी हो, पर वहां आलाकमान एक ही परिवार होता है। उस परिवार के सामने कांग्रेस अध्यक्ष की क्या हैसियत है? ये सभी लोग जानते हैं। जोधपुर प्रवास के दौरान शेखावत ने गुरुवार को कई मुद्दों पर मीडिया से खुलकर बातचीत की।

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी हाईकमान द्वारा तय किए जाने संबंधी बयान पर मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर शेखावत ने कहा कि यह तो पार्टी तक का विषय है, लेकिन चाहे आपातकाल के समय में संजय गांधी का हस्तक्षेप रहा हो या 10 साल तक यूपीए सरकार में बिना संवैधानिक पद पर रहते हुए भी सोनिया और राहुल गांधी का हस्तक्षेप हो। कैबिनेट के फैसलों को जिस तरह सरेआम मीडिया के सामने फाड़ा जाता था, संवैधानिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाई जाती थीं। जब वे लोग आज संविधान की किताब लेकर घूमते हैं तो इससे ज्यादा हास्यास्पद कुछ भी नहीं हो सकता है।

केंदीय मंत्री ने कहा कि जिस पार्टी के लोगों ने अपनी पार्टी के कांस्टीट्यूशन को कपड़े में बांधकर घर की छत पर रख दिया है, वो देश के संविधान की क्या रक्षा करेंगे? उन्होंने दो टूक कहा कि संविधान के हत्यारे केवल चोला बदलकर संविधान का रक्षक होने का ढोंग करते हैं। देश इनकी चाल को भली-भांति जान चुका है। इनके चेहरे देश के सामने बेनकाब हो चुके हैं। इसी वजह से निरन्तर हाशिए में जाकर उससे भी कोने में जाकर कांग्रेस सिमट कर रह गई है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसी छटपटाहट में विपक्ष कभी भाजपा पर तो कभी चुनाव आयोग पर अमर्यादित टिप्पणी कर रहा है। इंडी गठबंधन ने पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है, लेकिन वोटर्स लिस्ट को लेकर जिस तरह वह सवाल उठा रही है, वह केवल अपनी पूर्व निर्धारित हार का ठीकरा चुनाव आयोग के नाम फोड़ने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस जहां हर पराजय के बाद ईवीएम पर प्रश्नचिह्न उठाती थी, लेकिन अब वह चुनाव आयोग और उसकी कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न उठाने लगी है, जो इस बात का द्योतक है कि कांग्रेस ने अपनी हार स्वीकार भी कर ली है और समझ भी ली है। केंद्रीय मंत्री ने शेखावत ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार राजस्थान में अपना राजधर्म निभा रही है। विपक्ष किसी तरह के अनर्गल आरोप लगा भी रही है तो उसे विपक्ष का अपना फर्ज निभाने दीजिए, लेकिन भाजपा सरकार अपना राजधर्म निभा रही है। राजस्थान के विकास और देश को विकसित बनाने के लिए इस अमृतकाल में राजस्थान विकास का ग्रोथ इंजन बने, इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार कटिबद्ध है और पूरे प्राण, प्रण और ऊर्जा के साथ काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव जी के निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वह जितना भरोसा अश्वनी वैष्णव पर किया करते थे, उतना ही भरोसा मुझ पर भी करते थे। अश्वनी वैष्णव का परिवार इस घटना से व्यथित है, और मैंने भी दाऊलालजी के रूप में परिवार के एक वरिष्ठ सदस्य को खोया है। अपने पितृ तुल्य सदस्य को खोया है। इस अपार दुःख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं अश्वनी वैष्णव जी के परिवार के साथ हैं।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने चूरू एयर क्रेश घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण और दर्दनाक है। एयर क्रेश में दो पायलटों के शहीद होने से पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। पूरे देश की संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के प्रति हैं। वीरगति को प्राप्त हुए पायलट और को-पायलट को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित है। दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को दुख सहन करने का सामर्थ्य मिले।

# युवती से दुष्कर्म, अश्लील क्लिप बनाई

**बीकानेर,** (निसं)। दवा लेने घर से निकली युवती को रास्ते में कोल्डड्रिंक्स में नशा देकर दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है।

जामसर पुलिस थाने के एसएचओ रवि कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में पीड़िता की ओर से रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब एक माह पूर्व वह दिन में घर से दवा लेने के लिए अपने गांव से रही थी। इस दौरान रास्ते में याकूब शाह मिला। उसने बाइक पर छोड़ने का कहकर बैठा लिया। रास्ते में एक जगह युवती को कोल्डड्रिंक्स पिलाई जिससे वह बेसुध हो गई। इस दौरान सुनसान जगह पर याकूब ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील क्लिप बना ली। बाद में युवती को ब्लैकमेल करने लगा और शादी का झांसा देकर बार-बार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की रिपोर्ट पर जामसर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला का मेडिकल मुआयना करवाया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय निदेशक, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर**

(दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)

क्रमांक-एफ.586/पु.सं./स्मा./फाईन डाईनिंग रेस्टो/नाहरगढ/2025/9028

दिनांक-01/07/2025

**निविदा सूचना**

नाहरगढ़ दुर्ग, जयपुर में पर्यटकों की सुविधार्थ फाईन डाईनिंग रेस्टोरेन्ट के संचालन के लिए इच्छुक और पात्र कंपनी / फर्म/व्यक्तियों/ से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली का विवरण http://museumsrajasthan.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

DIPR/C/9389/2025 AMD2526SLOB00028 निदेशक

## मादक पदार्थ समेत तीन गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की करवड़ पुलिस ने सांयकालीन गश्त में गंगाणी के पास में एक कार को रोककर तलाशी ली। कार में अवैध मादक पदार्थ के साथ तीन युवक मिले, जिन्हें बाद में एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। करवड़ थानाधिकारी लेखराज सिहाग सांयकालीन गश्त पर थे। तब गंगाणी सरहद में एक संदिग्ध कार को रूकने का इशारा किया गया। कार में तीन युवक सवार थे। गाड़ी की तलाशी लिए जाने पर उसमें 63.47 किलो अवैध डोडा-पोस्त और 485 ग्राम अफीम मिली। इस पर पुलिस ने कार में सवार युवकों से पूछताछ की तब पता लगा कि यह युवक फलौदी जिले के मतोड़ा निवासी जगदीश पुत्र मोहनराम गर्ग, गंगाणी करवड़ का गोपीकिशन पुत्र जितेंद्र गर्ग एवं मतोड़ा का अर्जुनराम गर्ग पुत्र शंकर गर्ग है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त-धौलपुर**

क्रमांक: 1168-80 दिनांकः- 01.07.2025

**निविदा सूचना संख्या : 05/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला धौलपुर में बजट वर्ष 2024-25 बजट घोषणा के तहत 1 भवन कार्य (दोष निवारण अवधि 5 वर्ष सहित) उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रकिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता हैं। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बेवसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक हैं।

| Package No. | NIB NO. | UBN No. |
|---|---|---|
| भवन निर्माण कार्य उपखण्ड सह तहसील कार्यालय बाड़ी (धौलपुर) | PWD2526A1705 | PWD2526WSOB06059 |

DIPR/C/9292/2025 अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत्त धौलपुर

# जोधपुर डिस्कॉम का जे.ई.एन. व दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

- रिश्वत राशि किराये के ट्यूबवेल पर नया विद्युत कनेक्शन करने और उसका एस्टीमेट बनाने की एवज में ली थी
- एसीबी टीम ने जम्भेश्वर भोजनालय नाचना पर कार्यरत रूपाराम (दलाल) को यह राशि दिलवाई, जिस पर एसीबी टीम ने कार्रवाई की

**जोधपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर यूनिट ने जोधपुर डिस्कॉम नाचना के कनिष्ठ अभियन्ता और दलाल को तीस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। उन्होंने यह रिश्वत राशि किराये के ट्यूबवेल पर नया विद्युत कनेक्शन करने और उसका एस्टीमेट बनाने की एवज में ली थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसबीबी चौकी विशेष इकाई जोधपुर को एक शिकायत मिली थी, जिसमें बताया कि जोधपुर डिस्कॉम नाचना के कनिष्ठ अभियन्ता रावलसिंह भाटी परिवादी से उसके किराये के ट्यूबवेल पर नया विद्युत कनेक्शन करने और उसका एस्टीमेट बनाने की एवज में 40 हजार रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहा है। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए दलाल के मार्फत 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते जेईएन और दलाल दोनों को गिरफ्तार किया। एसीबी रेंज जोधपुर के उप महानिरीक्षक हरेन्द्र कुमार महावर के सुपरविजन में एसीबी चौकी विशेष इकाई जोधपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में टीएलओ पुलिस निरीक्षक पदमपाल सिंह ने यह ट्रैप कार्रवाई की। एसीबी टीम ने जम्भेश्वर भोजनालय नाचना पर कार्यरत रूपाराम (दलाल) को यह राशि दिलवाई। जिस पर एसीबी टीम द्वारा रूपाराम को 30 हजार की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा। साथ ही कनिष्ठ अभियंता रावल सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।

**वृद्ध की मौत :** उदयपुर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में अचेत हालत में मिले वृद्ध की एमबी चिकित्सायल में मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जून को अम्बामाता स्थित सुन्दरसिंह भण्डारी चिकित्सालय के बाहर मिले अचेत वृद्ध को प्राथमिक उपचार के बाद एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर एएसआई आसिफ ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा वैकुंठ धाम के जरिये अंतिम संस्कार करवाया।

# भरतपुर के सरकारी हॉस्पिटल में नवजात की अदला-बदली

- आरोप है कि यहां के जनाना हॉस्पिटल को मां के साथ नवजात बच्ची को जयपुर रेफर करना था, इसकी जगह नवजात बच्चे को रेफर कर दिया

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर के सरकारी हॉस्पिटल में बच्चों के बदलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां के जनाना हॉस्पिटल को मां के साथ नवजात बच्ची को जयपुर रेफर करना था। इसकी जगह उन्होंने नवजात बच्चे को रेफर कर दिया। मामला बुधवार शाम करीब आठ बजे का है। वहीं, भरतपुर के हॉस्पिटल में एडमिट मासूम को जब मां डायपर चेंज करने लगी तो उसके होश उड़ गए। बच्चा बदलने की जानकारी हॉस्पिटल प्रशासन को दी गई। मैनेजमेंट का दावा है कि दोनों बच्चों को ही जयपुर रेफर करना था। बच्चा बदला किस कर्मचारी की गलती की वजह से, इसकी जांच की जा रही है।

बच्चे के पिता नदबई निवासी छोटे लाल (25) ने बताया कि उसकी पत्नी डोली (21) ने 19 जून को बेटे को जन्म दिया था। बच्चा प्रीमैच्योर था। ऐसे में उसे नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) वार्ड में रखा जा रहा था, जबकि उसकी मां डोली को 24 जून को डिस्चार्ज कर दिया गया था। रोजाना बच्चे के चेकअप होते थे। मां को दो बार एनआईसीयू वार्ड में बच्चे को दूध पिलाने के लिए बुलाया जाता था। बुधवार को जब वो शाम को बच्चे को दूध पिलाने पहुंची और डायपर चेंज करने लगी तो बच्चा बदलने का पता लगा। वहीं, बुधवार को एनआईसीयू वार्ड में आगरा के रहने वाले एक परिवार की बच्ची को एडमिट कराया गया। अछनेरा की रहने वाली प्रियंका (20) ने 6 जुलाई को इस बच्ची को जन्म दिया था। इसके सांस लेने में तकलीफ थी। बच्ची को बुधवार को जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल में रेफर करना था, लेकिन कर्मचारियों ने परिजनों को लड़की की जगह लड़का दे दिया। उसे एम्बुलेंस से जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल के लिए शाम छह बजे रेफर किया गया। बच्चों की अदला-बदली की जानकारी सामने आते ही बच्चे के परिवार ने हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल प्रशासन की जांच में सामने आया कि कर्मचारी की गलती के कारण ऐसा हुआ है।

एनआईसीयू इंचार्ज हिमांशु गोयल ने बताया कि वार्ड में दो बच्चे एडमिट थे, जिन्हें सांस लेने में दिक्कत थी। इसलिए दोनों को जयपुर रेफर किया जाना था। एक बच्चे को पहले रेफर किया, दूसरे बच्चे को अलग रेफर किया गया। जयपुर की टीम से बात हो गई है। दोनों बच्चों का इलाज किया जा रहा है। बाकी जो मामला सामने आया है, उसकी जांच कर रहे हैं।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ओ.एफ.डी. खण्ड प्रथम, सिं.क्षे.वि., इं.गा.न.प., बीकानेर**

क्रमांक-1694 दिनांक-01/07/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 03 वर्ष 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन पंजीकरण नियमों के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से Construction of Pucca Water Course in Chak 18 PTP Bhakhra Canal Project, 13 BGS Bhakhra Canal Project, 6 EEA Gang Canal Project phase-II की अनुमानित लागत क्रमशः 91.55, 61.73, 60.62 लाख है, के कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि दिनांक 03.07.2025 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 15.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक होगी। प्राप्त तकनीकी निविदाएं इलैक्ट्रोनिक फोर्मेट में https://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 17.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https:// cad.rajasthan.gov.in डीआईपीआर की वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. CAB2526WSOB00099, UBN NO. CDB2526WSOBO0100, UBN NO. COB2526WSO800101

DIPR/C/9347/2025 अधिशाषी अभियन्ता, ओएफडी खण्ड प्रथम, सिंक्षेवि, इंगानप, बीकानेर मोबाईल-9414603873

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, WATER RESOURCES CIRCLE BARAN**

क्रमांक-F /SEWR/Circle/ NIT-04/2025-26/ दिनांक-02/07/25

**E-NIT No.- 04/2025-26**

Bid for works "Repair of wing wall & desiliting of Narayankheda Minor Irrigation Project Tehsil Shahbad, Distt. Baran (Rs. 254.25 lac)" are invited from interested bidders (registered in appropriate class) from 04.07.2025 (9:30 AM) to 23.07.2025 till 18:00 Hr. Other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal eproc.rajasthan.gov.in; sppp.rajasthan.nic.in, dipronline.rajasthan.gov.in and www.water.rajasthan.gov.in.

NIB No.: WRD2526A0217

UBN No.: WRD2526WSOB00617

(Mahendra Kumar) Superintending Engineer, Water Resources Circle Baran

DIPR/C/9369/2025

**Rajasthan Financial Services Delivery Limited**

Registered Office : 3rd Floor, REIL House, Shiprapath, Mansarovar, Jaipur-302020 (Raj.)

e-mail Id: rfsdl@rajasthan.gov.in

No. : F.1(21)/RFSDL/2025 Date : 09/07/2025

**Corrigendum – V**

Date of Bid Submission for NIB-02/2025-26 Dated 09/05/2025 is extended from 09.07.2025 to 16.07.2025. The detail may be visited on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in.

UBN - FGT2526SLRC00003, FGT2526SLRC00004, FGT2526SLRC00005, FGT2526SLRC00006, FGT2526SLRC00007

Raj.Samwad/C/25/5967 Advisor (Finance)

**कार्यालय नगरपालिका महवा (दौसा) राज0**

EMAIL-nagarpalikamahwa@gmail.com फोन न.– 07461 284005

क्रमांक–नपाम / 2025–26 / 246 दिनांक 04.07.2025

**–: निविदा आमंत्रण सूचना :–**

नगर पालिका महवा द्वारा विभिन्न कार्यो की निविदा आमंत्रित की गई है जिसकी निविदा यू बी एन न. (DLB2526WSRC09999), (DLB2526WSRC10149), (DLB2526WSRC10153) है। निविदा सूचना एवं शर्ते राजस्थान उपापन पोर्टल की बेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproce.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 25 / 5947 अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका महवा

**राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आईटी सर्विसेज लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) पंजि.कार्या. : विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर - 302005

**निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

रा. ऊ. वि. एवं आईटी सर्विसेस लि. जयपुर द्वारा एन. आई. टी संख्या HR 03/2025-26 में यथा उल्लेखित नियमों / शर्तो/ तकनीकी विशिष्टता के अनुसार ईछुक निविदा दाता/ फ़र्म / एजन्सी से हायरिंग ऑफ मैनपावर सर्विस हेतु अलग अलग मोहरबंद लिफाफो मे निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.sppp.rajasthan.gov.in तथा https://eproc.rajasthan.gov.in की वैबसाइट देखें। UBN-RUV2526SLOB0006

राज.संवाद/सी/25/5943 आरयूवीआईटीएल/पीआर- 100 (2025) उप निदेशक (मा. स.)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

# सरकारी स्कूल में शिक्षकों की कमी, विद्यार्थी टी.सी. कटवाने को मजबूर

## शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रही छात्रों की पढ़ाई को लेकर अभिभावक चिंतित

- अभिभावकों ने एसडीएम से मिलकर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक लगाने की मांग की
- महेशपुरा गांव स्थित रा. उच्च माध्यमिक विद्यालय लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है

**छबड़ा,** (निसं)। स्कूलों में यदि छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की कमी हो तो शिक्षा कार्यो को पूरा करना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। महेशपुरा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। शिक्षकों की कमी से प्रभावित हो रही छात्रों की पढ़ाई को लेकर अभिभावक काफी चिंतित हैं। विद्यार्थी टीसी कटवाकर निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने को मजबूर हैं।

उपखण्ड मुख्यालय से तीन किमी दूर स्थित महेशपुरा गांव में संचालित हो रहे सीनियर सैकण्डरी स्कूल में केवल पांच ही शिक्षक हैं, जबकि कक्षाएं एक से 12वीं तक संचालित हैं। अब ऐसे में बच्चों का भविष्य कैसे उज्जवल हो सकेगा। अध्यापकों की कमी से जूझ रहा यह विद्यालय वर्ष 2023 में सीनियर सैकण्डरी में क्रमोन्नत हो गया था। किंतु वर्तमान में यहां की शिक्षण व्यवस्था बदहाल हैं। स्टॉफ के अभाव में विद्यार्थी टीसी कटवाकर निजी स्कूलों में प्रवेश लेने को मजबूर हैं। ऐसे में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले अभिभावको को आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

**अभिभावकों ने एसडीएम को पीड़ा बताई :-** महेशपुरा निवासी अर्जुन यादव, सोनू, रमेशचंद, दिनेश, नवल, श्यामलाल, दीपक शर्मा, प्रेमनारायण, मनीष, जीतू, राधाकिशन, प्रेम, सुनिल आदि अभिभावकों ने गुरूवार को एसडीएम से मिलकर गंभीर समस्या से अवगत करवाते हुए विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक लगाए जाने की मांग की है ताकि बच्चे अन्यत्र प्रवेश लेने को मजबूर न हो। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

## फ्लाइट लेफ्टिनेंट का अंतिम संस्कार

- केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत अंतिम विदाई देने पहुंचे

**पाली,** (निसं)। चूरू में गत नौ जुलाई को क्रेश हुए भारतीय वायु सेना के जगुआर फाइटर जेट हादसे में शहीद हुए पाली के सुमेरपुर स्थित खिंवादी गांव के फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज सिंह (23) की देह पंचतत्व में विलीन हो गई। सैन्य सम्मान से उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार हुआ। राजस्थान सरकार के गोपालन, डेयरी, पशुपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत शहीद पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज को अंतिम विदाई देने पहुंचे। उन्होंने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, सैन्य अधिकारी, उपखंड अधिकारी कालुराम कुम्हार, पुलिस प्रशासन, परिजन व ग्रामवासी मौजूद थे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल नैनवां जिला बून्दी (राज0)**

क्रमांक :- न.पा.नै./SI/2025-26/1255 दिनांक :- 07/07/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 18/2025-26**

राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2013 की पालना में नगर पालिका द्वारा उपयुक्त श्रेणी पंजीकृत संवेदकों से निम्नानुसार वर्णित सम्पूर्ण नगर पालिका क्षेत्र में आई ओ टी आधारित घर–घर कचरा संग्रहण एवं निर्धारित स्थान पर कचरा परिवहन करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निविदायें आमंत्रित की जातीहै। उक्त निविदाओं को https://eproc.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। जिनका NIB no DLB2526A3336 निम्न है। UBN NO DLB2526WSRC10409, DLB2526WSRC10410, DLB2526WSRC10411, DLB2526WSRC10414, DLB2526WSRC10415, DLB2526WSRC10418, DLB2526WSRC10420, DLB2526WSRC10421, DLB2526WSRC10423, DLB2526WSRC10425, DLB2526WSRC10426, DLB2526WSRC10427, DLB2526WSRC10428, DLB2526WSRC10429, DLB2526WSRC10430, DLB2526WSRC10431, DLB2526WSRC10432, DLB2526WSRC10433, DLB2526WSRC10434, DLB2526WSRC10436, DLB2526WSRC10437, DLB2526WSRC10438, DLB2526WSRC10440, DLB2526WSRC10441, DLB2526WSRC10442 है।

राज.संवाद/सी/25/5973 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत बून्दी**

क्रमांक : केशियर/डी-779 दिनांक : 01.07.2025

**निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

NIB code: PWD2526A1700

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बजट घोषणा संख्या 215.19 / 2025-26 के क्रियान्वयन हेतु राशि रुपये 15.00 करोड के जिला बून्दी के अंतर्गत ग्रामीण सडकों के उन्नयन कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष से पांच / दस वर्ष की गारण्टी अवधि सहित निम्न कार्यों की निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.dipr.rajasthan.gov.in", http://eproc.rajasthan.gov.in तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है। निविदा अपलोड करने की तारीख 11.07.2025 (शुक्रवार) से 30.07.2025 (बुधवार) को सायं 6:00 बजे तक।

UBN is: PWD2526WSOB06053

(मुकेश कुमार गुप्ता) अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत बून्दी

DIPR/C/9316/2025

## युवक का अपहरण करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक का अपहरण कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित आदतन बदमाश है और इनके खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ जुलाई को अनिल भट्ट का अपहरण करने के मामले में आरोपित शुभम राठौड़ उर्फ गोलु (23)निवासी जगतपुरा रामनगरिया, हर्षित शर्मा उर्फ अप्पू (23) निवासी सिद्धार्थ नगर मालवीय नगर, कुलजीत उर्फ राजा (23)निवासी जवाहर नगर व तन्मय गुप्ता (26) निवासी जवाहर नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पीड़ित के परिवार वालों से पांच लाख रुपये की फिरौती भी मांगी थी। लेकिन समय पर पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने एक्शन लेते हुए बदमाशों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी मदनलाल कड़वासरा ने बताया कि पीड़ित अनिल भट्ट ने मामला दर्ज कराया था वो मालवीय नगर स्थित ईबीजा कैफे पर बैठा हुआ था। तभी वहां पर तन्मय गुप्ता, हर्षित शर्मा आए और उसका हाथ पकड़ कर उसे कैफे से नीचे ले लाए।

# 'एडवेंचर पॉलिसी बनाने की प्रक्रिया में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से इनपुट प्राप्त करें'


जयपुर स्थित पर्यटन भवन में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला, संस्कृति, पुरातत्व विभाग एवं अध्यक्ष आरटीडीसी राजेश यादव ने पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक ली।

- 'सम्बंधित अधिकारी एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए समयबद्ध रूप से कार्य करें'

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला, संस्कृति, पुरातत्व विभाग एवं अध्यक्ष आरटीडीसी राजेश यादव ने राजस्थान राज्य की एडवेंचर पॉलिसी बनाने की प्रक्रिया में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से भी इनपुट प्राप्त कर शामिल किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्थान राज्य के पर्यटन क्षेत्र हेतु किए गए एमओयू के त्वरित क्रियान्वयन एवं प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु निदेशालय में पदस्थापित वरिष्ठ अधिकारियों के मध्य एमओयू का जिलेवार आवंटन किया। इन अधिकारियों द्वारा निवेशकों के साथ बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सम्बंधित अधिकारी एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए समयबद्ध रूप से कार्य करें।

प्रमुख शासन सचिव ने उनकी अध्यक्षता में आयुक्त पर्यटन एवं प्रबंध निदेशक आरटीडीसी रुक्मणी रियाड़ की उपस्थिति में गुरुवार को जयपुर स्थित पर्यटन भवन में आयोजित पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति, निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पिछली बैठक में पर्यटन विभाग की विभिन्न शाखाओं यथा मेला उत्सव, पर्यटक सुरक्षा बल, लेखा शाखा, विकास शाखा, निवेश शाखा, पर्यटन सूचना केन्द्र जयपुर, आरटीडीसी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण, पुरातत्व विभाग, आमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण, रविंद्र मंच, जवाहर कला केन्द्र प्रस्तुत प्रपत्रों के बिंदुओं की समीक्षा की। प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने तीज मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले को भव्यता से आयोजित किया जाए।

पुरातत्व विभाग के पुरावशेषों का डिजिटलाइजेशन करवाने के निर्देश दिए। इस हेतु 345 स्मारकों की अनुमानित लागत का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

हवामहल के सामने ट्रैफिक जाम रहने अथवा धीमी गति से ट्रैफिक चलने की समस्या के निराकरण हेतु उपनिदेशक (टैफ) को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता। जिसके निराकरण के लिए हवामहल पर यातायात को सुचारू / नियंत्रित रखने के सम्बन्ध यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती की जावे। उन्होंने इस हेतु उपनिदेशक (टैफ) को हवामहल की नियमित रूप से विजिट कर व्यवस्थाये बनाये रखना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने टैफ कर्मियों में क्षमता का निर्माण करने के सम्बन्ध में वार्षिक प्रशिक्षण नियमित करवाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वर्ष 2025 में टैफ कर्मियों के लिये माह अक्टूबर में पुलिस अकादमी जयपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के प्रस्तावित पर चर्चा की और निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में कार्यकारी निदेशक आरटीडीसी एवं अतिरिक्त निदेशक पर्यटन प्रशासन (अतिरिक्त प्रभार) राजेश सिंह, संयुक्त शासन सचिव पर्यटन मोहम्मद अबूबक्र, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन पवन जैन, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न



**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2025 गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं अध्यात्म के वातावरण में आधा दर्जन से अधिक स्थलों पर भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत 8 जुलाई को गुरु गीता के संगीतमय पाठ से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला साधिकाओं ने भाग लेकर गुरु सत्ता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन के दूसरे दिन 9 जुलाई को गायत्री महामंत्र का अखंड जप प्रातः 6 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया, जिसके पश्चात दीपयज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के तीसरे दिन 10 जुलाई को मुख्य आयोजन जयपुर के विभिन्न प्रज्ञा केन्द्रों पर सम्पन्न हुए, जिनमें नौ कुंडीय एवं पंचकुंडीय यज्ञ, गुरु पूजन, गुरु चरण पादुका पूजन, दीक्षा एवं विभिन्न वैदिक संस्कारों का आयोजन किया गया। जयपुर के ब्रह्मपुरी, मानसरोवर, कालवाड़, वाटिका और जनता कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों में 3000 से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस दौरान लगभग 300 साधकों ने गुरु दीक्षा लेकर गायत्री परिवार के युग निर्माण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। दीक्षा प्राप्त करने वाले साधकों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन, नैतिक मूल्यों के प्रचार, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों में योगदान का व्रत लिया। यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं ने वृक्षारोपण का संकल्प भी लिया। एक यज्ञ - एक वृक्ष अभियान के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों ने गायत्री यज्ञ के उपरांत अपने घरों, मोहल्लों और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प दोहराया। आयोजन के दौरान संस्कृति संरक्षण, आत्मचिंतन, आत्मनिर्माण और अध्यात्मिक जागरण के विविध पहलुओं पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रमों के समापन पर सभी स्थानों पर महाप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

### गुरु पूर्णिमा उत्सव गोविंद देव जी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

**जयपुर।** श्रावण मास की आषाढ़ी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन राधा गोविंद देव जी मंदिर, जयपुर में अत्यंत भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह दिवस श्रीपाद सनातन गोस्वामी जी महाराज की पुण्यतिथि के रूप में भी श्रद्धापूर्वक मनाया गया। प्रातः काल मंगला झांकी के दर्शन के पश्चात ठाकुर गोविंद देव जी का पंचामृत अभिषेक किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर ठाकुर श्रीजी का विशेष शृंगार किया गया और बर्फ एवं गुड़ की खीर का भोग समर्पित किया गया। माननीय गोपाल शर्मा जी (विधायक, सिविल लाइन) ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की ओर से ठाकुर श्रीजी की चौखट पर पूजन कर देश में शांति, समृद्धि और विकास की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने महंत अंजन कुमार गोस्वामी जी को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। महंत जी द्वारा भी उन्हें प्रसादी शॉल एवं ठाकुर श्रीजी की छवि प्रदान की गई। राजभोग झांकी के अवसर पर राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं देवस्थान मंत्री की ओर से आदरणीय जिला कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त देवस्थान जयपुर प्रथम रतन लाल योगी ने महंत अंजन कुमार गोस्वामी जी को शॉल व श्रीफल भेंट किए गए। इसके उत्तर में महंत जी ने भी उन्हें ठाकुर जी की प्रसाद, शॉल व छवि भेंट की। संध्याकाल में विशेष फूल बंगला झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हुए, जिसके उपरांत ग्वाल झांकी और शयन झांकी के भी दर्शन हुए। इस पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में उपस्थित होकर ठाकुर श्रीजी की भक्ति में सराबोर होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### देवनानी ने आशीर्वाद लिया

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी गुरुवार को प्रातःकाल में गुरु पूर्णिमा के मौके पर अमरापुर पावन स्थल पहुँचकर गुरु साई श्री भगत प्रसाद का शॉल ओढाकर, माला पहनाकर और श्री फल भेंट कर आशीर्वाद लिया। देवनानी ने इस मौके पर श्री प्रेम प्रकाश सम्प्रदायाचार्य श्री 1008 सद्गुरू स्वामी टेंऊराम के पावन स्थल श्री अमरापुर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। देवनानी ने सांई मोनूराम का भी आशीर्वाद लियादेवनानी ने वहां उपस्थित भक्तजन को गुरु पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरूजन और संतजन का आशीर्वाद और उनके आशीर्वचन से आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर देवनानी के साथ भाजपा जयपुर जिलाध्यक्ष अमित गोयल भी मौजूद थे।

### नीलम को मिली पीएचडी उपाधि

**जयपुर।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा नीलम सोलंकी पुत्री प्रोफेसर ओम प्रकाश सोलंकी को उनके शोधकार्य पूर्ण होने पर पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया है। नीलम सोलंकी ने यह शोधकार्य "एस्टेब्लिसमेंट ऑफ इन विट्रो कल्चर ऑफ स्पाईरुलिना प्लेटेन्सिस एंड करेक्टराइजेशन ऑफ़ इट्स न्यूट्रासाइटिकली इम्पोरटेन्ट कंपाउंड्स" विषय पर पूर्ण किया। नीलम ने यह शोध कार्य डॉ . सुमन परिहार के निर्देशन में पूर्ण किया है उनके शोध में स्पाइरुलिना प्लेटेन्सिस इन विट्रो कल्चर स्थापना तथा उसमें पाये जानेवाले पोषक और औषधि रूप से महत्वपूर्ण घटकों का अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन से पोषण विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी योगदान माना जा रहा है।

### विद्युत चोरी के 18.80 लाख का जुर्माना

**जयपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को बगरू क्षेत्र में सतर्कता जांच के दौरान ओमेक्स सिटी, माल की ढाणी, रामीला व लक्ष्मीनारायणपुरा में विद्युत चोरी पकड़ी। इसमें घरेलू विद्युत कनेक्शन के सिंगल फेज मीटर की आउटगोइंग लोड लाइन को फ्री कर समीपवर्ती विद्युत के एलटी पोल से 2 कोर एबी लाइन के द्वारा सीधे लोड साइड में तार जोड़कर चोरी की जा रही थी। अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बीएल शर्मा ने बताया कि इन प्रकरणों में मौके पर ही वीसीआर भरी गई और कनेक्शन काटकर 10 लाख 30 हजार 76 रूपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही, पोल से अवैध एबी केबल हटाकर सिंगल फेज मीटरों को जब्त किया गया है। उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित समयावधि में जुर्माना राशि जमा नहीं कराने पर उनके विरूद्ध विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। दूसरी ओर अधीक्षण अभियंता जयपुर नगर वृत्त दक्षिण तथा अधिशाषी अभियंता नागेश अग्रवाल के निर्देशन में आदर्श नगर एवं जवाहर नगर क्षेत्र में विशेष सतर्कता जांच कर 20 वीसीआर भरी गई और करीब 8 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

### वेतन रिकवरी का विरोध किया

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने वित्त विभाग के 11 दिसंबर 2024 के आदेश के विपरीत विभिन्न विभागों के चतुर्थ श्रेणी के समक्ष कर्मचारियों के वेतन से बढ़े हुए वेतनमान की रिकवरी किए जाने का कड़ा विरोध किया है। एक बयान में महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि वित्त विभाग ने 11 दिसंबर 2024 के आदेश में ग्रेड पे 1700 का वेतन ले रहे सभी निचले स्तर के स्थाई कर्मचारियों को लेवल- 1 देने के आदेश जारी किए थे। जो स्वागत योग्य है। लेकिन इस आदेश के बाद भी कई विभागों में कर्मचारियों के वेतन फिक्सेशन को गलत ठहराया जा रहा है और उनके वेतन से रिकवरी की जा रही है। जिससे कर्मचारियों में काफी असंतोष है। राठौड़ ने राज्य सरकार से चतुर्थ श्रेणी के समक्ष सभी कर्मचारियों के वेतन संशोधन का लाभ दिए जाने की मांग की है साथ ही कर्मचारियों के वेतन से की जा रही रिकवरी पर तुरंत रोक लगाने की भी मांग की है।

### नकबजन चढा पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित दिन में ही सूने मकानों की रैकी कर किराए के ऑटो या पैदल वारदात की जगह पर जाकर घटना को अंजाम दिया करता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरु परंपरा की साधना में लीन दिया कुमारी

- संतजनों का लिया आशीर्वाद, पढ़ा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश
- मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में संत महात्माओं के मार्गदर्शन को समाज की अमूल्य धरोहर बताया।

**जयपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर के विभिन्न संत आश्रमों एवं मंदिर परिसरों में पहुंचकर संतजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया और गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

उपमुख्यमंत्री ने दिन का आरंभ विद्याधर नगर स्थित श्री पापड़ वाले हनुमान जी मंदिर में महंत रामदास / रामसेवक दास महाराज से आशीर्वाद लेकर किया। इसके बाद वे अंबाबाड़ी, सीकर रोड स्थित श्री सियाराम दास जी की बगीची पहुंचीं, जहाँ उन्होंने महाराज हरिशंकर वेदांती से दर्शन कर गुरु वंदना की। अंतिम पड़ाव में उपमुख्यमंत्री ने वनीपार्क स्थित श्री कौशल्या दास जी की बगीची में महाराज कौशल्या दास के सान्निध्य में गुरु परंपरा को नमन किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि "गुरु न केवल हमारे आध्यात्मिक मार्गदर्शक होते हैं, बल्कि समाज को नैतिकता, सेवा और समर्पण की ओर भी प्रेरित करते हैं।" उन्होंने संत समाज के योगदान को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भेजा गया शुभकामना संदेश भी उपस्थित श्रद्धालुओं को पढ़कर सुनाया गया।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए संत महात्माओं के मार्गदर्शन को समाज की अमूल्य धरोहर बताया। कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं, संतजनों, समाजसेवियों, क्षेत्रीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में अपहरण कर एक स्कूल की चौदह वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित रिश्तेदार झूठ बोलकर धोखे से अपने साथ ले गया था। जहां विरोध करने पर नाबालिग छात्रा को मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित नाबालिग छात्रा की मां की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर की रहने वाली पीडिता की मां ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी चौदह वर्षीय बेटी स्कूल में पढ़ती है। वहीं पड़ोस में रहने के कारण आरोपित रिश्तेदार का घर पर आना-जाना था। दूर का रिश्तेदार होने के चलते नाबालिग बेटी से उसकी बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि पढ़ाई करने जाते समय आरोपित रिश्तेदार उसके रास्ते में मिला। झूठ बोलकर आरोपित रिश्तेदार ने धोखे से अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने पर मारने की धमकी दी। इसके बाद अकेला मिलने पर डरा-धमकाकर नाबालिग स्कूल छात्रा से देहशोषण करने लगा।

## पुलिस की बहादुरी को सलाम: कुएं में गिरी महिला को बचाया

- दो पुलिस कांस्टेबल कमल सिंह और महेश ने अनुकरणीय साहस और त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया

**जयपुर।** दौसा जिले में पुलिस ने एक बार फिर अपनी बहादुरी और मुस्तैदी का परिचय दिया है। जानकारी के अनुसार 9 जुलाई की रात को दौसा पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर पापड़दा थाना क्षेत्र के खवारावजी गांव में एक महिला को पानी से भरे एक पुराने कुएं से सकुशल बाहर निकाला गया। इस चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन में दो पुलिस कांस्टेबल कमल सिंह और महेश ने अनुकरणीय साहस और त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

पुलिस अधीक्षक राणा ने बताया कि घटना बुधवार रात की है, जब पापड़दा थाने की टीम गश्त पर थी। तभी उन्हें सूचना मिली कि खवारावजी में एक महिला एक गहरे कुएं में गिर गई है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी संतचरण अपनी टीम के साथ बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों और पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। इसके साथ ही संभावित आवश्यकता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम को भी अलर्ट पर रहने के लिए कहा।

मौके पर पहुंचने से पहले ही बीट कांस्टेबल कमल सिंह और आसूचना अधिकारी महेश आवश्यक बचाव उपकरण जैसे रस्सी और ड्रैगन लाइट लेकर मौजूद थे। उनके साथ स्थानीय लोग भी सहायता के लिए इकट्ठा हो गए थे। जानकारी के अनुसार यह कुआं लगभग 80 फीट गहरा और जर्जर हालत में था। जिसमें लगभग 30 फीट तक पानी भरा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम और ग्रामीणों ने मिलकर तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। रेस्क्यू के दौरान मौके पर भीड़ जमा होने लगी। लेकिन पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए भीड़ को नियंत्रित किया ताकि बचाव कार्य बाधित न हो।

पुलिस टीम और ग्रामीणों के अथक प्रयासों, सूझबूझ और देसी जुगाड़ के इस्तेमाल से आखिरकार महिला को पानी से भरे कुएं से सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता मिली।

हीरो हैं कमल सिंह और महेश

इस पूरे ऑपरेशन की सफलता का श्रेय मुख्य रूप से कांस्टेबल कमल सिंह और महेश को जाता है। पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इन दोनों जवानों ने न केवल सूचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। बल्कि बचाव के लिए आवश्यक संसाधनों को भी तेजी से इकट्ठा किया। उन्होंने आम जनता और पुलिस के मददगारों को एकजुट कर सहयोग प्राप्त किया। घटनास्थल पर भीड़ को नियंत्रित किया और भारी बारिश के बावजूद पीड़ित महिला को कुएं से निकालकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया। उनके सराहनीय प्रयासों ने एक जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 'कलाकारों को तलाशने और तराशने का नायाब मंच साबित हो रहा डेल्फिक क्लब'



जयपुर में डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान का चौथा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**जयपुर।** राजस्थानी कला और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने, युवा कला प्रतिभाओं को तलाशने एवं तराशने के साथ-साथ माकूल मंच प्रदान करने और पारंपरिक कला रूपों को संरक्षित रखने की दिशा में डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, यह कहना है काउंसिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा का।

श्रेया गुहा ने यह बात हरिश्चन्द्र माथुर रीपा में आयोजित डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के चौथे स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि काउंसिल का उद्देश्य कला की मूल भावना को प्रोत्साहित एवं पल्लवित करने के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों के समग्र उन्नयन के प्रयासों को धरातल पर उतारना है। उन्होंने बताया कि ने बताया कि डेल्फिक काउंसिल पिछले चार वर्षों से राजस्थान में कला व संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर कार्यरत है। डेल्फिक काउंसिल द्वारा युवा वर्ग को कला, संगीत, साहित्य, नृत्य, हस्तकलाओं, फोटोग्राफी, फिल्म मेकिंग इत्यादि से जोड़कर उनकी भागीदारी कला एवं संस्कृति क्षेत्र में बढ़ाने हेतु विभिन्न संस्थानों में 'डेल्फिक क्लब' की शुरूआत की गई है।

प्रदेश में पहले से ही संचालित सात डेल्फिक क्लब कार्यरत है, जिनके साथ-साथ तीन नये डेल्फिक क्लब, सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल तथा धाबास हाई स्कूल में गठित किये जा रहे है।

## दस हजार रुपये की रिश्वत लेते ट्रेप

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की हनुमानगढ़ टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन हनुमानगढ़ जंक्शन के मैनेजमेंट फैकल्टी (एमडी )पंकज छाबड़ा को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी हनुमानगढ़ टीम को परिवादी ने शिकायत कि कॉलेज ऑफ़ एज्यूकेशन हनुमानगढ़ जंक्शन के प्रिंसिपल पंकज छाबड़ा ने उसकी बेटी की उपस्थिति कम करने व प्रायोगिक परीक्षा में फेल करने की धमकी देकर तीस हजार रुपये मांग कर अठारह हजार रुपये पूर्व में प्राप्त कर लिये व बारह हजार रिश्वत की ओर मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी हनुमानगढ़ की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुधा पालावत के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कॉलेज ऑफ़ एज्यूकेशन हनुमानगढ़ जंक्शन के मैनेजमेंट फैकल्टी (एमडी) पंकज छाबड़ा को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

## पेपर लीक प्रकरण में सीएम का निर्णय पेश, बहस जारी

- 'अब तक की जांच में 53 ट्रेनी दोषी पाए गए हैं'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में दायर याचिका पर सुनवाई जारी है। अदालत मामले में शुक्रवार को सफल अभ्यर्थियों की ओर से पेश दलील सुनेगी।

जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने भर्ती से जुड़ा रिकॉर्ड पेश किया। जिसमें कैबिनेट सब कमेटी की ओर से भर्ती परीक्षा रद्द नहीं करने की सिफारिश पर मुख्यमंत्री की ओर से दी गई सहमति की पत्रावली भी शामिल थी। अदालत ने सब कमेटी की ओर से फिलहाल भर्ती परीक्षा रद्द नहीं करने की सिफारिश पर सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि कमेटी ने भर्ती परीक्षा को लेकर स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा है। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि कमेटी ने अभी तक के साक्ष्य के आधार पर फिलहाल भर्ती रद्द नहीं करने की सिफारिश की है। इस पर अदालत ने कहा कि यदि भविष्य में अधिक लोगों की मिलीभगत सामने आती है तो क्या भर्ती को रद्द किया जाएगा? इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि अभी सरकार सौ लोग रडार पर है। यदि भविष्य में व्यापक स्तर पर मिलीभगत की बात सामने आई तो भर्ती रद्द करने पर भी निर्णय लिया जा सकता है। एजी ने कहा कि अब तक की जांच में 53 ट्रेनी दोषी पाए गए हैं। दोषियों की छंटनी संभव है। इसलिए, भर्ती रद्द नहीं की जा रही है। वहीं चयनितों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन माथुर ने कहा कि याचिका में किसी आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। वहीं भर्ती रद्द नहीं करने का निर्णय हो गया है। इसलिए यह याचिका सारहीन हो गई है। सांख्यिकी विभाग ने वैज्ञानिक तरीके से डाटा संग्रहण किया है।

## शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने डीएसटी पश्चिम की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर चेन स्नैचर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की सोने की चैन व वारदात के काम में ली गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने लूट के मामले में एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को भी निरुद्ध किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने डीएसटी पश्चिम की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए शातिर चेन स्नैचर विक्की बागरिया उर्फ राजू (20) फागी निवासी समेत एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया है। वहीं पुलिस ने आरोपित विक्की से लूट की सोने की चैन व मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित दहशत फैलाने के लिए मोटरसाइकिल में एक चाकू भी रखता था। वारदात को अंजाम देते वक्त यदि कोई सामने आता तो चाकू दिखाकर फरार हो जाता था। बताया जा रहा है कि आरोपी नशा करने का आदि है और नशे मे वारदात को अंजाम देता था।

# हथियार सप्लायर कुख्यात अपराधी सद्दाम गिरफ्तार


पुलिस महानिदेशक के अवैध हथियार तस्करी विरोधी अभियान के तहत प्रतापगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

- अवैध हथियार तस्करी रैकेट में एक और नाम जुड़ा
- जोधपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया आरोपी

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक के अवैध हथियार तस्करी विरोधी अभियान के तहत प्रतापगढ़ पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।

जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह के मार्गदर्शन में एजीटीएफ के साथ छोटी सादड़ी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हथियार तस्करों को हथियार उपलब्ध कराने वाले कुख्यात अपराधी सद्दाम को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी बंसल ने बताया कि 28 जून को छोटी सादड़ी थाना पुलिस द्वारा की गई एक छोटी कार्रवाई ने एक बड़े हथियार तस्कर रैकेट का खुलासा किया है। 28 जून को थानाधिकारी प्रवीण टांक मय टीम द्वारा राकेश राठौर निवासी गंगधार, झालावाड़ को एक ऑटोमेटिक देसी पिस्टल और दो खाली मैगजीन के साथ गिरफ्तार करने के बाद शुरू हुई।

राकेश से मिली सूचना के आधार पर, सलमान पुत्र शेरखान निवासी नागदा को भी गिरफ्तार किया गया था, जिसके पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार, जिनमें देसी-विदेशी हथियार और जिंदा कारतूस शामिल थे बरामद किए गए थे।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार हथियारों की सप्लाई करने वाले अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। इस टीम ने गहन अनुसंधान करते हुए मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ा निवासी सद्दाम पुत्र लाल मोहम्मद को जोधपुर केंद्रीय कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

**सद्दाम का बड़ा नेटवर्क :** जांच में सामने आया है कि राकेश ने सद्दाम को 12 बोर बंदूक और पिस्टल सप्लाई की थी। सद्दाम इन अवैध हथियारों को मारवाड़ के तस्करों और कुख्यात अपराधी व सुपारी किलर बाबू फकीर निवासी गोतमपुरा इंदौर को सप्लाई करता था। गौरतलब है कि बाबू फकीर वर्ष 2024 में नीमच में एक व्यवसायी पर जानलेवा हमले के दौरान क्रॉस फायरिंग में मारा गया था।

सद्दाम के खिलाफ थाना छोटी सादड़ी, रठांजना, बोरनादा जोधपुर आयुक्तालय, नारायणगढ़, पिपल्या मंडी, नई आबादी मंदसौर और सिटी कोतवाली नीमच मध्यप्रदेश में एनडीपीएस एक्ट, हथियार तस्करी, और हत्या के प्रयास सहित कुल 9 प्रकरण दर्ज हैं। अभियुक्त से अवैध हथियार सप्लाई के संबंध में पूछताछ और अनुसंधान जारी है, जिससे इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश होने की संभावना है।

इस सफल अभियान में थानाधिकारी छोटी सादड़ी प्रवीण टांक के नेतृत्व में उप निरीक्षक निर्भय सिंह, सहायक उप निरीक्षक शंकरलाल, श्रीराम, हेड कांस्टेबल महेंद्र, कांस्टेबल रामराज शामिल थे।



## Let us eat French Fries!

Whether you call them 'French Fries,' 'Chips,' Finger Chips, or French-Fried Potatoes, this delicious treat is loved around the world, and French Fries Day celebrates them. French Fries are the delicious result of 'batons' of potato cut to various thicknesses and then fried in oil. The outside of this staple companion food to hamburgers generally have a golden texture, varying from soft to crispy, and most often served with little more than a dusting of salt. What could be better to celebrate this day than enjoying potato fried in oil? Visit your favourite fast-food joint, restaurant, or try frying up your own French fries. Don't forget ketchup!



#PAINED

## DON'T TAKE GIRLS IN PAIN SERIOUSLY!

Any biases in judgments about pain would be hugely important because they can exacerbate inequitable healthcare provision.





When assessing how much pain a child is experiencing based on identical reactions to a finger-stick, American adults believe boys feel more than girls, according to a new study.


Researchers attribute this downgrading of girls' pain and/or upgrading of boys' pain to culturally ingrained, and scientifically unproven, myths like 'boys are more stoic' or 'girls are more emotive.'


A diverse sample of American adults watched the same video of a 5-year-old receiving a finger-stick at a pre-kindergarten doctor's visit, and afterwards, researchers asked them to rate how much pain they thought the child was actually experiencing. While all participants watched an identical video of an identical child exhibiting identical behaviors, the group who knew the child as 'Samuel' said that he was in more pain than the group who knew her as 'Samantha.'

This new research backs up studies done on gender stereotyping and biased clinical assessment of pain in adult patient populations but is only the second of its kind to take these questions to the pediatric level.




"We really hope that these findings will lead to further investigation into the potential role of biases in pain assessment and healthcare more generally," says Joshua Monrad, second author of the study. "If the phenomena that we observed in our studies generalize to other contexts, it would have important implications for diagnosis and treatment. Any biases in judgments about pain would be hugely important because they can exacerbate inequitable healthcare provision." The study appears in the *Journal of Pediatric Psychology*. The Yale psychology department funded the study.





# The Recapture of Point 5770







Major Navdeep Cheema.




We had done it and our boys did the impossible to others. Still greater, the news was that there were no casualties to own troops, not a scratch at the time of capture. I immediately spoke to my commander, who congratulated the success. The enemy is known to carry out very quick counterattacks in the past. All our troops were alerted for the same. It took no longer than 20 minutes for the enemy artillery to bring down a very heavy volume of fire on our troops including my position and our deployments nearby. I estimated about 300-400 rounds of field and medium enemy artillery rounds in our vicinity through the afternoon and evening.



Picture of Point 5770 taken by me from the glaciers before its capture.



LT GEN (DR) K HIMALAY SINGH (Retd)

This is a true account from my NDA coursemate Lt Gen KH Singh (Manipuri).

25 years ago, I had the unique honour of commanding my paltan during the Kargil war as part of 3 Infantry Division in the Chalunka/Turtuk sector to the north of the Shyok river valley. Most of the actions during the war in the area North of Khardungla Pass remain unknown to the 'fouji' fraternity till date, leave alone the civilians. Spectacular battles fought by our soldiers in the areas such as Point 5810 in Ladakh Range and Point 5770 near NJ 9842 deserve mention among others in this sector.

### A Turning Point

Infact, the capture of Point 5770 by my paltan has been cited as one of the three turning points in the war by a research team of Naval War College, USA in 2002. No less a person than the Ex COAS during the war, Gen VP Malik, in his tweet had mentioned about my unit and those braves who deserved to have been accorded far greater recognition than they had otherwise been. In his book 'From Surprise to Victory,' Gen VP Malik mentioned about the capture of Point 5770, which was one of the toughest and most audacious operations, at par with the capture of Bana Top in 1987 in the Northern Glacier. Gen Malik personally conveyed these sentiments to me during one of his visits to Mhow sometime in 2016. Coming from the wartime Chief to a CO of the unit involved in the said battle meant a lot for me. Few details are available of this operation by my unit due to ignorance of people. Harping into the 'hows' and 'whys' of this lapse of recognition to the braves at that time will serve no purpose and I consider it as unsoldierly to do so now, even as the lessons of such battles need to be shared for greater good of our army.

Point 5770 (Enemy Balal Post) lies in the proximity of NJ 9842, which defines the point on the map up to which the Line of Control was delineated after the Shimla Agreement in 1972. From here on, the Actual Ground Position Line (AGPL) commences along the Siachen group of glaciers upto the Karakoram Pass. This 19000 feet high massive feature dominates a large chunk of the Southern Glaciers and area opposite in the POK. The approach to the feature was interspersed with dangerous glaciers, crevasses, ice overhangs, ice gullies and vertical rock faces.



Capture of Point 5770.

#KARGIL



It is believed that the Pakistani efforts to occupy this position had been in progress during late 1998 alongside the planned intrusion in multiple points, all along the LOC north of Zojila Pass as part of OP BADR. The Pakistani military aim was clearly to block Srinagar-Leh highway, threatening the major lifeline to our deployments in Siachen and eastern ladakh then. The Pakistani operation unfolded on the ground during early 1999 even as thorough planning and limited occupation of critical points may have commenced sometime late 1998. Indications of their activities were also detected in the unheld gaps along the LOC between ChorbatLa and the Turtuk Sector during the period. Point 5770 was part of their occupation plan by using Northern Light infantry troops.

### Information Dryout

Multiple intelligence inputs trickled down as merely information to units without much analysis during the entire period. Inputs about logistics build up by the enemy opposite, increased shelling across the LOC and AGPL sectors were indicators for challenging times of 1998-99. Blissfully unaware of rapid changes in operational scenario, I, along with a large contingent of my unit, were flagged off on 03 May from Leh for a cross-country adventure trek across the Ladakh Range, through a pass called DigarLa and rafting down the mighty Shyok River thereafter. This was the level of our appreciation of the situation based on intelligence inputs of that time.

### Orders to Occupy

On official commencement of OP VIJAY on 06 May, my unit was given the tasks to relieve the unit in Southern glacier, patrol the unheld gaps in the Ladakh Range and to be prepared to occupy Point 5770 at the earliest.

We got down to business at double time. Physical reconnaissance of the intended objective by me and my team revealed that the feature is under enemy occupation for some time. It was estimated that the objective could be held by about platoon less a section strength with well-coordinated fire support. The gradient on the enemy side of the feature was relatively gradual. Our plans for capture of the objective were shared with the higher HQs. The plan entailed a daylight silent assault taking a route along the most difficult approach by fixing ropes stealthily as near as possible to the objective. Arty guns were to be kept on standby, small teams for the actual assault in two echelons and larger teams for the re-organisation stage, while fire support were to be provided from flanks from existing locations in range.

> Higher Hqs sent Capt Shyamal Sinha (KUMAON) and two others from HAWS and four boys from the Ladakh scouts for assisting the unit in the rope fixing operations in particular. It was a huge calculated risk in that and I took the decision for a day assault by two small teams in each rope in the first echelon to be followed by a quick 2nd echelon of another platoon led by a JCO.

Higher Hqs sent Capt Shyamal Sinha (KUMAON) and two others from HAWS and four boys from the Ladakh scouts for assisting the unit in the rope fixing operations in particular. It was a huge calculated risk in that and I took the decision for a day assault by two small teams in each rope in the first echelon to be followed by a quick 2nd echelon of another platoon led by a JCO. The formal teachings recommended at least 3 to 1 numerical superiority and 6 to 1 in mountains.

It was planned for Maj NS Cheema and Capt Sinha to lead one each of the teams in 1st echelon with Cheema as the assault commander. Doing away with artillery preparatory bombardment was another very risky decision I had to take to maintain surprise. In location, Company Commander, Maj DS Saini was made responsible to coordinate all the fire support. I had chosen my command posts near a huge rocky point, nearly 650 meters from the objective, from where I could observe the enemy as well as my troops during their approach to the objective. I was to remain in line communication with both Cheema and Sinha. The assaulting troops were in no position to see the route clearly. The selected route was concealed from the enemy due to its gradient of nearly 85 degrees. In sum, rifle coy plus a platoon of the troops were involved in the operations including the 2nd Echelon, Reorg party and the Fire support party.

The first attempt to capture the objective was planned for 25 June '99. The team commenced their approach at about 2.30 AM and reached about 150-200M short of the objective around 1 PM, when a strong blizzard engulfed the area with a total whiteout conditions. It was not possible for me to telephonically guide the troops to the objective nor was it possible for them to see the route to the objective then. I called off the operations that day and ordered the assault troops to fall back. Luckily for us, the enemy didn't seem to have smelt our movements that day.

### Lucky Day

We had to figure out next possible attempt for the operations. 27 June '99 was Tuesday, a revered day for our troops, being 'Lord Hanuman's Day.' It was also the lucky number of my unit i.e., 27 RAJPUT! A positive feeling came over all of us. We made the decision to resume the operations on 27 June '99. The morning was calm. Our assault troops had already commenced their approach and could be seen halfway to the objective by 10 AM or so. About 100 m short and below the objective, Major Cheema reported to me the existence of an ice overhang due to which they were unable to proceed further. I suggested a diversion skirting the overhang and conveyed to him accordingly. Captain Sinha was on the listening device too. Once they were past the spot of the ice overhang, I could not observe their movements further towards the objective. I spoke to both the officers and told them that no enemy movements were observed till then and wished them all the best for the final assault, the last 40-50 meters. We had planned the H hr around 2 PM. It was the longest wait ever in my life. All seemed normal, all quiet all around except the noise of silence. My buddy NK (later Hony Capt) Madan Singh offered me a cup of tea. Late Major (later Colonel) Maniraj was also with me at the command post, observing me and my anxiety!

At about 2 PM, we heard the explosions, the firing and all that followed in a close quarter battle situation. I knew that Lord Hanuman had blessed us. Later, I learnt that one of our boys had used the PIKA gun of the enemy for fire support, when our own LMG malfunctioned at a very crucial time. A few enemy soldiers, who were caught totally surprised, were neutralized as they tried to run away. Some of them fell down towards their side of the slope. Fortune favours the braves. Point 5770 was captured in a matter of 20-25 minutes of fighting without a single casualty to own troops. The



calculated risk paid off handsomely. Major Cheema tried to contact me on line through radio of the success but couldn't do so at this critical juncture. He was able to contact Maj (Later Brig) VS Yadav to convey the message to me immediately. We had done it and our boys did the impossible to others. Still greater, the news was that there were no casualties to own troops, not a scratch at the time of capture. I immediately spoke to my commander who congratulated the success. The enemy is known to carry out very quick counter-attacks in the past. All our troops were alerted for the same. It took no longer than 20 minutes for the enemy artillery to bring down a very heavy volume of fire on our troops, including my position and our deployments nearby. I estimated about 300-400 rounds of field and medium enemy artillery rounds in our vicinity through the afternoon and evening.

Among the dead enemy soldiers was Captain Taimur Malik with his ID card and a letter written by his mother and his own letter to his father, a retired Brigadier. His body, along with four others, were handed over to the Pakistani soldiers in Kargil area nearly a month after they were buried under the snow in point 5770. The initial order for me was to retrieve the body of the officer only. However, on my insistence, the bodies of the dead soldiers of 3 NLI were also retrieved. I was later told that the grandfather of the officer had approached our embassy in London for the body of Capt. Taimur Malik.

Point 5770 is now renamed 'Navdeep Top' after the gallant leader of the assaulting troops, Maj Navdeep Singh Cheema of my unit.

Many lessons can be drawn from this battle by military researchers. The most important lesson from this success is the audacity of our soldiers, ably led by young lions like Maj Cheema and Capt Sinha. Need to take calculated risk in war and maintaining the surprise are few tactical lessons one should aim for in war. I remain proud of all officers and men whom I had the privilege to be with during the war, and later, all through the period in the one year of Siachen Glacier tenure of the unit. What more can one ask for as a Commanding Officer, when we had victory at our feet, the ultimate joy of the INFANTRY.

rajeshsharma1049@gmail.com




The captured booty (top and bottom).

#POINT 5770

# There Is Grace To A War Too

Captain Taimur Malik's grandfather had approached the Indian defence attaché and wanted his request to be conveyed to me, Taimur's and other bodies were exhumed, and returned to the Pakistan Army near Kargil.



Gen V. P. Malik
*Former COAS*




Capt Taimur Malik's letters

In the Southern Glacier lies the Chulung La on the Saltoro Range, devoid of snow for about five months a year. Indian troops occupy its eastern shoulder while the Pakistanis occupy the other.

Pakistan had made several attempts in the past to capture the eastern shoulder as that would permit it to cut off our Gulab Complex and the SSW and allow a thrust towards Chalunka in the Shyok Valley. Towering above the western shoulder stand the twin glaciated peaks of Point 5770 on the Saltoro Range. The Pakistanis had established a post named *Pimple* some distance below. By occupying Point 5770, they would have been able to choke off our Bahadur Complex and facilitate the capture of Chulung La. Therefore, a decision had been taken way back in December 1997 to occupy Point 5770.

In the summer of 1998, 4 JAK Rifles, assisted by three units, namely, a High-Altitude Warfare School (HAWS) team, 5 Para and Ladakh Scouts, established posts north and south of Point 5770. But all attempts to secure the top proved unsuccessful due to permanent ice overhangs and falling icicles. The enemy later noticed these posts and periodic exchanges of fire had become a norm.


In June 1999, appreciating that the enemy would try to secure Point 5770 once again, 102 Infantry Brigade came up with a bold plan to attempt to capture it directly from the east, after a stiff 1-kilometre perpendicular climb. A task force of six personnel (two each from 27 Rajput, Ladakh Scouts and HAWS) under Major Navdeep Singh Cheema was selected and trained to lead the assault. To achieve stealth and surprise, it was decided that




artillery firing would not be resorted to unless it became necessary for the safety of the task force. Due to heavy snowfall, the fixing of ropes for the assault on Point 5770 could commence only on 25 June. On 26 June, a rifle shot was heard from the direction of the summit. Undaunted, the fixing of ropes continued. On 27 June, the six-man task force commenced the ascent at 0700 hours. After seven hours of arduous climbing, they reached the top, but to their horror, found that eleven Pakistani Army personnel had already reached there from their post, Pimple. The Pakistanis were unaware of the Indian task force that had stealthily crept up from an unexpected direction. Some of them were busy constructing a sangar, two were writing letters and some resting in a makeshift fibreglass hut nearby. Major Navdeep Singh Cheema took the courageous decision to assault the Pakistanis along with his colleagues and was successful in killing all of them. Eight weapons, including a mortar, were captured. Immediately thereafter, all hell broke loose. The Pakistanis let loose intense artillery and mortar fire and missiles in the next three hours. Fortunately, the task force did not suffer any casualties. In this operation, Captain Shayamal Sinha and Havildar Joginder Singh, both from the High-Altitude Warfare School, and Rifleman Tsewang Morup of the Ladakh Scouts, exhibited exceptional valour at the time of the final approach and assault. This was one of the toughest and the most audacious operations, at par with the capture of Bana Top in 1987 in the Northern Glacier.

Soon after the war was over, we received a request through our defence attaché in London to return the body of a young Pakistani officer, Captain Taimur Malik, of the Special Service Group, attached to 3 Northern Light Infantry, who had been killed at Point 5770. Captain Taimur Malik's grandfather, who was living in London, had approached the Indian defence attaché and wanted his request to be conveyed to me. On receipt of this message, we got young Taimur's and other bodies exhumed from the area. They were returned to the Pakistan Army near Kargil, with proper military honours.

In the subsequent operations in Subsector Haneef, 13 Kumaon captured some of the highest features that witnessed fighting during Operation Vijay, including Point 5810, Point 5685 and the Ring Contour. Also, 11 Rajputana Rifles succeeded in capturing the daunting feature Point 5990, where Captain Haneef-ud-din had been killed earlier. These operations were conducted on some of the most formidable mountain features in the world, under the most trying climatic conditions, with fortitude and utmost devotion to duty.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सूने मकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर व नगदी चोरी

## पीड़ित अपनी पत्नी व बेटी के साथ कृषि कार्य के लिए खेत पर, जबकि बेटा दुकान पर गया हुआ था

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र ने बेखौफ बदमाशों और चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि दिन हो या रात वारदातों को अंजाम देने से कतराते नहीं हैं। ताजा मामला झांतल गांव से सामने आया है, जहां दिनदहाड़े बदमाशों ने एक सूने मकान के ताले तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिये। वारदात को लेकर ग्रामीणों में दहशत है।

जानकारी के अनुसार, बनेड़ा थाना क्षेत्र के झांतल गांव निवासी मुकेश पुत्र बद्रीलाल शर्मा सुबह करीब आठ बजे उसकी पत्नी व बेटी के साथ कृषि कार्य के लिए खेत पर, जबकि बेटा दुकान पर गया हुआ था। इस दौरान घर सूना था। मुकेश ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पड़ौसी श्यामलाल शर्मा के मकान से होकर अज्ञात बदमाश परिवादी के मकान तक पहुंचे और इन बदमाशों ने मकान के ताले तोड़ अंदर घुसकर 87 हजार रुपये नकद, गुल्लक में रखे 18 हजार रुपये, आठ तोला सोने के जेवर अंगुठी, रखड़ी, झुमरियां आदि गहनों के साथ ही एक किलो चांदी के जेवर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शाम पांच बजे खेत से घर लौटी परिवादी मुकेश की पत्नी को वारदात का पता चला।



**चोरी की वारदात के बाद मकान में सामान बिखरा पड़ा है।**

- **शाम पांच बजे खेत से घर लौटी परिवादी मुकेश की पत्नी को वारदात का पता चला, चोरी की सूचना पुलिस को दी**

इसके बाद दिनदहाड़े चोरी की खबर गांव में फैल गई। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोरी की तलाश में जुटी है।

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ शाहपुरा में नगर कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाहपुरा, (निसं)।** कांग्रेस द्वारा गुरुवार को उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन नगर परिषद को नगर पालिका में बदले जाने और शहर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के खिलाफ था। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर इन जनविरोधी फैसलों को तुरंत वापस लेने की मांग की।

कांग्रेस के कार्यवाहक नगर अध्यक्ष रमेश सेन और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेंद्र कुमार रेगर ने किया। उन्होंने कहा कि शाहपुर की नगर परिषद को बिना जनभावनाओं की परवाह किए नगर पालिका में तब्दील कर दिया गया, जिससे शहर के विकास कार्यों में भारी बाधा उत्पन्न होगी। स्मार्ट मीटरों को लेकर भी विरोध दर्ज किया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि इन मीटरों के कारण उपभोक्ताओं को गलत और अधिक बिल थमाए जा रहे हैं, जिससे आमजन त्रस्त है। तकनीकी गड़बड़ियों और पारदर्शिता की कमी के चलते उपभोक्ताओं में भारी असंतोष व्याप्त है।

- **कार्यकर्ताओं ने जनविरोधी फैसलों को तुरंत वापस लेने की मांग की**

प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द ही शाहपुर को पुनः नगर परिषद का दर्जा नहीं दिया गया और स्मार्ट मीटरों की व्यवस्था पर पुनर्विचार नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध तरीके से बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगी। इसमें धरने, रैलियां और व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम शामिल होंगे।

ज्ञापन के दौरान जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय मेहता, अखिल व्यास, मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सुवालका,पूर्व पालिका उपध्यक्ष नमन ओझा, नेता प्रतिपक्ष रचना सुनील मिश्रा, नगर महामंत्री ओम सिंधी, रामप्रसाद धाकड़, अर्जुन सिंह राणावत, अविनाश शर्मा, प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ अतुल त्रिपाठी, सेदीपेंद्रवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर, यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन पौंडरीक,पार्षद इशाक मोहम्मद, मदन सर्वा, सिंह, राम सिंह मीणा, मानक घुसर, सुनील पाराशर, कालू धोबी, शंकर खटीक, रामचंद्र बैरवा, आनंद तिवारी, आशीष भारद्वाज, दलपत सिंह, सोहेल खान, भेरू जाट मौजूद रहे।

# पालिका की लापरवाही से लोहे के पोल में फैला करंट, गौवंश की मौत

**पावटा, (निसं)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में नगरपालिका की लापरवाही एक बार फिर देखने को मिली है। प्रागपुरा कस्बे के कीरों के मोहल्ले में पालिका द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए लगाए गए बिजली के लोहे के पोल में करंट लगने से एक गाय की मौत हो गई। बुधवार शाम से हुई बारिश के कारण पोल में करंट आ गया था।

जानकारी के अनुसार इन बिजली के लोहे के खंभों से करंट की चपेट में आने के कारण कई बार जानवरों की मौत हो जाती है। जिस पर ना तो पालिका कोई एक्शन लेता और ना ही कोई कार्रवाई की जाती है। ऐसा ही मामला गुरुवार को प्रागपुरा कस्बे के कीरों के मोहल्ले में सामने आया। जहां पर एक लोहे के बिजली के खंभे की चपेट में एक गाय आ गई जिसके कारण गाय की मौके पर ही मौत हो गई। प्रागपुरा कस्बे में पालिका की ऐसी लापरवाही कई बार देखने को मिली है ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं जहां जानवरों की मौत का कारण पालिका की लापरवाही होती है। वहीं पावटा प्रागपुरा नगरपालिका की भी लापरवाही यहां देखने को मिली क्योंकि गाय का शव दो घंटों तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा लेकिन नगरपालिका का कोई भी कर्मचारी गाय के शव को उठाने नहीं पहुंचा।

- **बुधवार शाम से हुई बारिश के कारण पोल में करंट आ गया था**

दो घंटे बाद पालिका के कर्मचारी संसाधनों के साथ पहुंचे जब जाकर गौ वंश को मिट्टी दी गई। वही मौके पर स्थानीय लोगों ने बताया कि गाय अपने रास्ते जा रही थी, तभी खंबे के पास गाय पहुंची और गाय को खंभे में आ रहे करंट ने लगभग 5 कदम की दूरी से अपनी तरफ खींच लिया। वहां मौजूद लोगों ने करंट की चपेट से गाय को छुड़ाने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ ही मिनटों में गाय ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना तुरंत विद्युत विभाग और नगरपालिका को दी गई।

## युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में युवक ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में फिनायल पीने से अचेत बिहार हाल खेमपुरा निवासी पवन पुत्र वेलदार चौहान की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। पवन मजदूरी करता था एवं रात में उसने फिलायल पी लिया, जिसकी तबीयत खराब होने पर साथी उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। हेड कांस्टेबल बाबूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# कलेक्टर ने कई ग्राम पंचायतों में अंत्योदय शिविरों का निरीक्षण किया

**करौली, (निसं.)।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने ग्राम पंचायत अतेवा, राजोर एवं खोहरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने शिविर में आये परिवादियों के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग के काउण्टर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की जिससे राज्य सरकार के 'हरियालो राजस्थान' के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं उनका संरक्षण करने की बात भी कही। इस अवसर पर शिविर के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों से विभिन्न विभागों के द्वारा लाभन्वित किये गये लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी ली एवं शाम तक प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- **कलेक्टर ने विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जायजा लिया**
- **आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये**

# बरजू में बन रहे पावर ग्रिड सब स्टेशन के प्रोजेक्ट में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

**बीकानेर, (निसं)।** यहां बरजू गांव में निर्माणाधीन पावर ग्रिड सब स्टेशन के प्रोजेक्ट में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है। दिसंबर में शुरू होने वाला यह प्रोजेक्ट करीब तीन हजार करोड़ का है, जिस पर वर्तमान में लगभग 200 श्रमिक काम कर रहे हैं।

लाखूसर, भानीपुरा सहित आसपास के एरिया में खेजड़ी की अवैध कटाई की सूचना पर टीम बरजू पहुंची, जहां पावर ग्रिड के विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। वहां काम कर रहे कई श्रमिकों के सिर पर हेलमेट, हाथों में दस्ताने और पैरों में जूते ही नहीं थे। श्रमिक खुद ईंटों से अपने के लिए आशियाना बना रहे थे। तेज गर्मी और उमस के माहौल में श्रमिक महिलाएं बिना दस्ताने ही लोहे की गर्म चद्दरें ढोती हुई नजर आई। धूप से बचाव के लिए किसी के चश्मा भी नहीं था। ना ही फेस शील्ड नजर आई। मीडिया टीम को देखकर कुछ श्रमिकों ने रेडियम जैकेट और हेट पहने। निर्माण कार्य के दौरान कंपनी के अधिकारी मौके पर निगरानी करने के बजाय एयर कंडिशनर ऑफिस में बैठे हुए मिले। पिछले साल मई में 300 पौधे लगाए थे, जो सार संभाल के अभाव में नष्ट हो गए।

जानकारी के अनुसार ऊर्जा मंत्रालय ने 35 साल के लिए यह प्राजेक्ट पावर ग्रिड कार्पोरेशन को सौंपा है। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड इसकी निर्माण एजेंसी है। ग्रिड सब स्टेशन का काम दिसंबर तक शुरू करना प्रस्तावित है, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए संभव नहीं लग रहा। वन संपदा की कटाई करने के लिए तहसीलदार की अनुमति जरूरी है। खेजड़ी राज्य वृक्ष है। इसकी हर चीज महत्वपूर्ण और उपयोगी है। हजारों साल तक जमीन से पानी लेकर जिंदा रहती है। छपनियां अकाल में इसकी छाल के पाउडर की रोटियां खाकर लोगों ने भूख मिटाई थी। अवैध कटाई पर खातेदारी तक निरस्त की जा सकती है। लीज पर खेजड़ी काटने की कंडीशन नहीं होती। यह लीज का उल्लंघन है। लीज धारक केवल जमीन का उपयोग कर सकता है। प्रशासन को ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। बरजू में निर्माणाधीन पावर ग्रिड सब स्टेशन से बिजली की सप्लाई तीन स्तर पर होगी।

- **दिसंबर में शुरू होने वाला यह प्रोजेक्ट करीब तीन हजार करोड़ का है, जिस पर वर्तमान में लगभग 200 श्रमिक काम कर रहे हैं**

ग्रिड अधिकारियों ने बताया कि 765 केवी की लाइन नीमराणा तक डालने का काम चल रहा है। इसके जरिए बिजली वहां बड़े ग्रिड स्टेशन पर स्टोर होगी। इसी प्रकार 400 केवी की लाइनों से जयमलसर और जलालसर ग्रिड सब स्टेशन को जोड़ा जा जाएगा। करीब एक दर्जन सोलर कंपनियों से एग्रीमेंट किया गया है। उनसे 220 केवी बिजली लेकर 765 और 400 केवी की लाइनों में शिफ्ट कर दी जाएगी। बरजू का प्रोजेक्ट ऑपरेशनल होने के बाद बीकानेर में पावर ग्रिड के तीन सब स्टेशन हो जाएंगे। इनमें जरिए 14 हजार मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा ट्रांसमिट की जा सकेगी।

पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई। पर्यावरण प्रेमी और गांव वालों के विरोध के बाद कटे हुए पेड़ों की मौका रिपोर्ट पटवारी ने तैयार कर दी। उन्हें हटाने का काम ग्राम पंचायतों को सौंप दिया गया। अब सोलर कंपनी के लिए रास्ता और भी साफ हो गया। उन्हें पेड़ हटाने की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पर्यावरण नष्ट हो गया। पक्षी और जीव जंतुओं के आसरे खत्म हो गए। किसी का कुछ नहीं बिगड़ा। एग्रीमेंट के तहत सोलर कंपनी को जमीन दी जाती है ना कि वहां उपजी वन संपदा को हटाने की अनुमति। खेजड़ी राज्य वृक्ष है। उसके काटने की अनुमति नहीं दी जा सकती।खातेदार चाहे तो पेड़ काटने का मुकदमा पुलिस में दर्ज करवा सकते हैं, लेकिन सोलर कंपनी से मोटी रकम मिलने के कारण वे भी बचते हैं।

पूगल तहसीलदार अशोक पारीक का कहना है कि टिनेंसी एक्ट में प्रति खेजड़ी सौ रुपए जुर्माने का प्रावधान है। जमाबंदी में जमीन खातेदार के नाम होती है। चूंकि वह लीज पर दी जा चुकी है इसलिए हम रिपोर्ट में लीज धारक सोलर कंपनी का नाम भी दर्ज करने लगे हैं। उपखंड अधिकारी दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद तय करेंगे कि जुर्माना कौन भरेगा। हालांकि जुर्माने की रकम सोलर कंपनी से ही वसूली जाएगी, क्योंकि वह उसका व्यापारिक उपयोग कर रहा है।


# पत्नी को न्याय दिलवाने के लिये पति मोबाइल टावर पर चढ़ा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के जहाजपुर में राजनीतिक हटधर्मिता का शिकार बनी ममता जाट को न्याय दिलाने के लिए उनके पति मुकेश जाट ने गुरुवार को पड़ेर ग्राम में स्थित एक मोबाइल टावर पर चढ़ गये। उनकी मांग है कि जब तक सरपंच एवं पूर्व प्रशासक ममता जाट को पद ग्रहण नहीं करवाया जाता है तब तक टावर पर ही रहेंगे।

गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बाद ग्राम पंचायत पण्डेर की सरपंच एवं पूर्व प्रशासक ममता मुकेश जाट मंगलवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकालते हुए पंचायत भवन पहुंची, लेकिन जैसे ही वे ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचीं, वहां मुख्य गेट पर ताला लगा मिला था। जानकारी के अनुसार ममता मुकेश जाट के खिलाफ पूर्व में पद का दुरुपयोग, अनियमितता और नियमों की अवहेलना के आरोपों की जांच रिपोर्ट में कई आरोप प्रमाणित पाए गए थे। इसमें सामुदायिक भवन और चारदीवारी के उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करना, शिलापट्ट पर नाम नहीं अंकित करना, रोड लाइट में कम सामग्री लगाकर अधिक भुगतान करना, पट्टों की पत्रावलियों में अनियमितता और बिना दस्तावेजों की पूर्ति के पट्टे जारी करना जैसे गंभीर आरोप शामिल थे।

- **पति की मांग है कि जब तक सरपंच एवं पूर्व प्रशासक ममता जाट को पद ग्रहण नहीं करवाया जाता है तब तक टावर पर ही रहेंगे**

इन आरोपों के आधार पर राज्य सरकार ने 11 फरवरी 2025 के आदेश के तहत उन्हें ग्राम पंचायत पण्डेर के प्रशासक पद से पदच्युत कर दिया था। इससे पूर्व 24 जनवरी 2025 को जिला कलेक्टर भीलवाड़ा द्वारा उन्हें प्रशासक नियुक्त किया गया था। उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा मौके पर पहुंचे और पहुंचने के साथ ही जनता ने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उक्त निर्णय को निरस्त करते हुए ममता मुकेश जाट को फिर से पदग्रहण की अनुमति दी। आदेश की पालना में वे मंगलवार को पंचायत भवन पहुंची, लेकिन वहां ताले लगे मिले जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और पंचायत की राजनीति में नई हलचल देखने को मिली। अब यह हलचल आक्रोश का रूप ले चुकी है।



**मांगों को लेकर युवक पड़ेर ग्राम में स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया।**

## मवेशी ने श्रद्धालुओं पर हमला किया, एक की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती शिकारपुरा स्थित एक आश्रम में गुरुवार सुबह हादसा हो गया। अत्यधिक भीड़ को देख कर एक मवैशी (सांड) अनियंत्रित हो गया। उसने अपने सींगों से श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई जबकि महिला सहित दो लोग जख्मी हो गए। इन्हें उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है। बाद में सांड को नियंत्रित कर अन्यत्र छोड़ा जा सका।

जानकारी के अनुसार लूणी के शिकारपुरा में स्थित एक आश्रम में सुबह से ही गुरू पूर्णिमा पर काफी श्रद्धालु आए हुए थे। इस बीच एक आवारा सांड वहां अंदर आ गया। अत्यधिक भीड़ के चलते सांड अनियंत्रित हो गया और उसने अपने सींगों से हमला करना शुरू कर दिया। उसे बाहर जाने का मार्ग नहीं मिला। उसके सींगों से घायल पाली के रोहट निवासी 75 साल के केवलराम की मौत हो गई। वहीं लूणी फींच की एक महिला और एक बुजुर्ग भी जख्मी हो गए। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सांड के अनियंत्रित होने पर एक बारगी वहां अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि भगदड़ वाली स्थिति नहीं बनी अन्यथा और बड़ा हादसा हो सकता था।

# "वंदे गंगा जल अभियान" में खैरथल-तिजारा जिले ने जनसहभागिता दिखाई

## जिले को राज्य में 8वां स्थान मिला, जिले में 7,750 कार्यक्रमों का सफल आयोजन हुआ

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा शुरू किए गए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला खैरथल-तिजारा ने जल संरक्षण और जनसहभागिता के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर राज्य स्तरीय रैंकिंग में शीर्ष से 8वां स्थान प्राप्त किया है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान जिले में 7,750 कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया, जिनमें 2.15 लाख महिलाओं सहित 4.03 लाख आमजन ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह अभूतपूर्व जनभागीदारी इस बात का प्रमाण है कि समाज के सभी वर्ग जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को लेकर जागरूक और संवेदनशील हो रहे हैं। प्रभारी मंत्री, प्रभारी सचिव एवं जनप्रतिनिधियों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वयं मौके पर पहुंचकर श्रमदान एवं जनजागरूकता में योगदान दिया। अभियान की सफलता में सरकारी तंत्र, सामाजिक संस्थाएं और स्वयंसेवियों का सामूहिक योगदान सराहनीय रहा। अभियान की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि जिले ने सीएसआर और जनदान के माध्यम से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान समिति मद में 55.83 लाख एकत्र किए, जिससे खैरथल-तिजारा राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। साथ ही, एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के जल संरक्षण कार्य भी सीएसआर माध्यम से करवाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान 2,423 जल स्त्रोतों, गौशालाओं, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। 384 कार्यों का अवलोकन, लोकार्पण और नए कार्यों का शुभारंभ किया गया। वहीं 2,290 स्थलों पर आमजन द्वारा श्रमदान कर जल संरक्षण के प्रति सामूहिक चेतना का परिचय दिया गया।

- **2.15 लाख महिलाओं सहित 4.03 लाख आमजन ने भागीदारी निभाई**
- **प्रभारी मंत्री, प्रभारी सचिव एवं जनप्रतिनिधियों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वयं मौके पर पहुंचकर श्रमदान एवं जन जागरूकता में योगदान दिया**

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि सीएसआर सहयोग से "कर्मभूमि से मातृभूमि योजना" के अंतर्गत 99 रिचार्ज शाफ्ट/संरचनाएं तैयार की गईं, जो वर्षा जल को भूमिगत रिचार्ज करने में सहायक होंगी। इसके अलावा 284 मैजिक पिट व सोक पिट का निर्माण किया गया। जनजागरूकता के लिए 1,642 आईईसी (सूचना, शिक्षा व संप्रेषण) गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें निबंध, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रभात फेरियां आदि सम्मिलित रहीं। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और स्वयंसेवी संगठनों को विशेष रूप से जोड़ा गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संरक्षण के साथ-साथ वृक्षारोपण पर भी विशेष जोर दिया गया। हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत जिले में 3,14,860 वृक्षारोपण हेतु गड्ढों की खुदाई की गई। ग्रामीण क्षेत्रों के 596 गांवों में 5,701 कार्यक्रम और शहरी क्षेत्रों के 7 शहरों में 2,049 कार्यक्रम आयोजित कर व्यापक जनसंवाद और हरियाली का संकल्प लिया गया।

कलेक्टर ने बताया कि 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' केवल जल स्त्रोतों के संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि "जन से जन तक जागरूकता फैलाकर, प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व को निभाने की मुहिम" बन चुका है। खैरथल-तिजारा जैसे जिले इस दिशा में आगे बढ़कर राज्य के अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।

## दुकान से नकदी व सामान चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** गोगुन्दा कस्बे में स्थित ललित मोटर्स शोरूम से व मोबाइल दुकान से नकदी व सामान चोरी करने वाली गैंग का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की।

पीड़ित विरेन्द्रसिंह पुत्र जसवंतसिंह राव निवासी प्रोपराईटर ललित मोटर्स गोगुन्दा ने चार जुलाई को एक रिपोर्ट पुलिस थाने में दी। जिसमें उसने बताया कि 3 जुलाई रात में अज्ञात चोर शौरूम में घुसकर 2 लाख 80 हजार रूपये नकदी व टायर तथा सामान चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृत्व में एसआई हितेश कुमार मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना पर आरोपी प्रेमाराम पुत्र नाथूराम गमेती निवासी बांगडा गोगुन्दा, पुष्कर पुत्र नाथूराम निवासी बागडा गोगुन्दा तथा भमराराम पुत्र चुन्नीलाल गमेती निवासी बागडा गोगुन्दा को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# मंदिरों में चोरी करने वाली गैंग के छह बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** सूरजपोल थाना पुलिस ने मंदिरों से कलश चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 4 अगस्त को गोपाल वसीटा पुत्र टेकचंद वसीटा निवासी स्वराज नगर सूरजपोल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया जिसमें उसने बताया कि मुख्य मार्ग पर भारतसिंहजी बावजी भेरूजी का मंदिर है। 3 अगस्त रात में गुम्बज पर लगा पितल का कलश चुरा ले गए। दूसरे दिन इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना दी। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना पर अर्जुन वागरी पुत्र राजु वागरी निवासी रेल्वे स्टेशन कच्ची बस्ती सूरजपोल, आकाश वागरी पुत्र प्रकाश वागरी निवासी रेल्वे स्टेशन कच्ची बस्ती, नरेश वागरी पुत्र अमरसिंह पवन वागरी पुत्र दिनेश वागरी, विशाल वागरी पुत्र महेश वागरी तथा शिव वागरी पुत्र किशन वागरी निवासी कच्ची बस्ती रेल्वे स्टेशन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कृष्ण मंदिर रंग निवास भरत जी बावजी माछला मगरा मंदिर, शिवजी मंदिर हिरणमगरी, प्रतापनगर कष्ण मंदिर, जैन मंदिर खेड़ा गांव देबारी, गोवर्धन विलास जैन मंदिर चुंगी नाका जैन मुंदिर कुण्डाल, नाई थाना क्षेत्र में भेरूजी वाबजी मंदिर हवाला गोरला गांव माताजी मंदिर सिसारमा, सुखेर थाना क्षैत्र ठाकुरजी का मंदिर, न्यू केशव नगर, रूपनगर रोड़, कैलाशपुरी शनिदेव मंदिर तथा हाथीपोल दरगाह अश्विनी बाजार रोड़ से चोरी करना कबूल किया है।

**हादसे में युवक की मौत :** उदयपुर शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में शोभागपुरा से बी ब्लॉक चित्रकूट नगर रोड़ पर हुए सड़क हादसे में घायल बी ब्लॉक चित्रकूट नगर निवासी रोहित माली (30) पुत्र मोहन माली की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। रोहित बाइक पर शोभागपुरा से घर लौट रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। सूचना पर परिजन उसे उपचार के लिए चिकित्सालय लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल दुर्गासिंह ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

## आरोपी की पहचान के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**करौली, (निसं)।** करौली कलेक्ट्रेट कार्यालय के पुल विभाग में चालक के बैंक खाते से एटीएम बदलकर राशि निकालने वाले आरोपी की पहचान करने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने का पीड़ित चालक ने आरोप लगाया है।

- **बैंक खाते से एटीएम बदलकर राशि निकालने का मामला**

चालक राजू सिंह ने बताया कि गत दो माह पूर्व बैंक में से अज्ञात व्यक्ति ने मेरा एटीएम बदल कर राशि निकाली जिसका कोतवाली थाने पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था।

जिस मुकदमे में पुलिस ने अज्ञात चोर को पकड़ भी लिया और मुझे भी चोर की पहचान के लिए बुलाया गया, जिसकी मैने पहचान की। उसके उपरांत पुलिस अधीक्षक एवं प्रशासन के उपखंड अधिकारी को लिखित में शिकायत करते हुए चोर को गिरफ्तार करने की मांग कई बार कर चुका हूं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## सार-समाचार

### रात्रि चौपाल आयोजित



**कोटपूतली,** (निसं)। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत समिति बहरोड़ की ग्राम पंचायत बसई में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। अटल सेवा केंद्र बसई में आयोजित रात्रि चौपाल में बडी संख्या में ग्रामीण परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हुए। जिला कलक्टर ने एक-एक कर आत्मीयता पूर्वक ग्रामवासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर नियमानुसार शीघ्रतापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई व रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जाने एवं त्वरित निस्तारण की गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही करें। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी एवं पंचायत विभाग को आपसी समन्वय से पेयजल समस्याओं के समाधान करने, विद्युत निगम को विद्युत के टूटे एवं तिरछे पोल्स सही करने, बजट के तहत भूमि आवंटन प्रक्रिया का फॉलो-अप करने एवं पुलिस विभाग को अवैध खनन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, निःशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना, एकल नारी पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग, रसद विभाग, शिक्षा विभाग सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने उपस्थित आमजन से राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की. चौपाल में भूमि विवाद, राजस्व, पेयजल, जलभराव, पेंशन, विद्युत, सड़क, अतिक्रमण, पुलिस, खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न प्रकृति के परिवाद प्राप्त हुए। चौपाल में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण एवं तहसीलदार अभिषेक यादव, नायब तहसीलदार गंडाला अजित यादव सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन किया




**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में बार एसोसिएशन ने धारने के 49वें दिन शांतिपूर्ण व संवैधानिक तरीके से रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में अधिवक्तागणों ने न्यायालय परिसर में घूम कर अपना प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन भरतपुर के प्रवक्ता एडवोकेट हेमराज शर्मा अंगिरा ने बताया कि धरना स्थल पर राजस्थान उच्च न्यायालय खण्डपीठ जयपुर बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सतीश खाण्डल, सिकराय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह कसाना तथा दौसा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष महेश शर्मा तथा वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र खेडड पधारे, जिनका भरतपुर संघर्ष समिति द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सुरेन्द्र कसाना और महेश शर्मा ने धरना स्थल पर अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की हम सिकराय बार एसोसिएशन तथा दौसा बार एसोसिएशन की तरफ से प्रतिनिधि बनकर आए हैं। दौसा और सिकराय बार एसोसिएशन आपके आंदोलन का पूरा समर्थन करती है तथा आपकी तरफ से आदेश मिलते ही न्यायालय में न्याययिक कार्य को बंद कर दिया जाएगा। राजस्थान उच्च न्यायालय खण्डपीठ जयपुर बार के पूर्व महासचिव सतीश खाण्डल ने कहा कि जयपुर हाई कोर्ट बार के समस्त अधिवक्ता आपके साथ है तथा आंदोलन में तन मन धन से सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय खंडपीठ जयपुर की बार की मीटिंग बुलवाकर आपके समर्थन में आंदोलन को गति दी जायेगी। धरने पर ताराचंद शर्मा, उदयवीर कसाना, गिरीश चतुर्वेदी, के के दुबे, महेश सोगरवाल, जमुना प्रसाद शर्मा, मुकेश खोंखर, पुष्पेंद्र तिवारी, यदवीरसिंह सिनसिनवार, विशाल तिवारी, के के उपाध्याय, मोहनसिंह राना, मनजीत सिंह सोगरवाल सहित काफी अधिवक्तागण मौजूद थे।

### संपत सुवालका प्रदेश महासचिव मनोनीत

**देवली,** (निसं)। अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार, जायसवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश धानावत ने देवली शहर के समाजसेवी संपतराम सुवालका को संस्था के प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष नरेश धानावत ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए संपतराम सुवालका को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौपी है। और समाज हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया है।इस पर संपत सुवालका ने प्रदेश अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि वह समाज हित में सदैव सेवा हेतु समर्पित रहेंगे। देवली के संपत सुवालका प्रदेश महासचिव मनोनीत किये गए।

### दो नई बसों का संचालन

**श्रीमाधोपुर।** रोडवेज बस डिपो से गुरुवार को दो नई बस सेवाओं का शुभारंभ किया गया। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ब्रह्मचारी मोड़ पर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहली बस सेवा श्रीमाधोपुर से अजीतगढ़ के बीच शाम 6:15 बजे शुरू होगी।

# गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए

**निवाई,** (निसं)। गुरूवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित आश्रमों व धार्मिक स्थलों पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरू भक्तों ने अपने-अपने गुरूओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भेंट अर्पित की और आशीर्वाद लिया। महोत्सव को लेकर चारभुजा नाथ मंदिर स्थित श्रीकृष्णानन्द सत्संग भवन व शिवाजी कालोनी स्थित श्री नर्बदेश्वर सत्संग भवन में ब्रह्मलीन श्रीकृष्णानन्दजी महाराज के

■ **गुरू पूजन के लिए आश्रमों में लगी रही भक्तों की लाईन**

अनुयायियों द्वारा अखण्ड रामचरित मानस का पाठ किया।

गुरूवार की सुबह अखण्ड पाठों की पूर्णाहुति के बाद महाराजश्री की चरण-पादुकाओं की पूजा की गई। सुबह से ही गुरू आश्रमों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया जो शाम तक चलता रहा। इसी प्रकार खणदेवत रोड पर स्थित दादूदयाल आश्रम पर गुरू भक्तों ने ब्रह्मलीन संत रामपालदास महाराज व रामप्रसाददास महाराज की चरण वंदना की। दिन भर धार्मिक आयोजन किए। इसी प्रकार गांव पलेई में स्थित श्रीराम आश्रम में भक्तों ने संत मनीषदास महाराज की पूजा-अर्चना की। इसी प्रकार कुंज बिहारी आश्रम में संत रामकृष्ण वेदान्ती के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी प्रकार सरावडीया स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। शाम



गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर पलेई में संत मनीषदास महाराज की पूजा-अर्चना करते हुए पूर्व सांसद जौनापुरिया।

को आरती के बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ठाहण की। इसी प्रकार गांव भावती के श्री निरंजन अद्वैत आश्रम में संत जगदीश महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव में आस-पास अनुयायियों सहित अन्य शहरों के गुरु भक्त आश्रम पर गुरू पूजा की। श्रद्धालु सुदामा चौधरी भावती ने बताया कि आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर सुबह से ही श्री गुरु चरण पूजन एवं पुष्प दर्शन का दौर रहा उसके बाद शाम 4 बजे तक सत्संग किया गया। शाम 5 बजे से पंगत प्रसादी करवाई गई। इस अवसर पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया, विधायक रामसहाय वर्मा, प्रभु बाडोलिया व भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने संतो से आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार अद्वैत आश्रम राहोली में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। श्रद्धालु रामकिशोर सैनी ने बताया कि जीवानंद गिरी महाराज के सानिध्य में आश्रम पर स्थित मंदिर एवं समाधि स्थल पर सुरानंद गिरी महाराज का पूजन एवं महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई। इसी प्रकार गांव रतनपुरा उर्फ रोहेडा में श्री बालाजी नवयुवक मंडल के तत्वावधान में गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर बाबा बालकनाथ के चित्र पर पुष्प चढाकर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर रामप्राद बैरवा, रतनलाल बैरवा, रामजीलाल बैरवा, सूरजकरण बैरवा, रामफूल बैरवा, हिमांशु बैरवा, राहुल बैरवा व अंकित बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी प्रकार गांव जगमोहनपुरा में गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर ध्वज यात्रा निकालकर गुरु महाराज के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। ध्वज यात्रा गांवों के मुख्य मार्ग से निकलती हुई गुरु महाराज की देवभूमि पर पहुची जहां श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इसी प्रकार मां भद्रकाली आश्रम कांटोली में संत पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसी प्रकार महामंडलेश्वर भजनानंद गिरि महाराज सन्यास आश्रम घटा करिरिया पर स्वामी कर्मानंद गिरी महाराज के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान महाआरती करके हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ठाहण की। इसी प्रकार गुरु पूर्णिमा हरभांवता आश्रम पर विधायक रामसहाय वर्मा सहित कई श्रद्धालुओं ने संत बालकानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रेषित किए गए सम्मान को महाराज को भेंट किया।

## बीएड के छात्र ने की आत्महत्या

**श्रीमाधोपुर।** बीएड स्टूडेंट ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह परिजनों को उसका कमरा अंदर से बंद मिला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। जांच अधिकारी ने बताया- उमेश अटल उर्फ उदय (21) श्रीमाधोपुर के वार्ड 28 का रहने वाला था। उमेश के बड़े भाई सुनील ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई बीएड कर रहा था। पढ़ाई के तनाव के चलते गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उसने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। उमेश के भाई ने बताया सुबह नहाने के बाद अपने कमरे में पढ़ाई कर रहा था। करीब 10 बजे जब उसका कमरा अंदर से बंद मिला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई।

# विधायक धनकड़ ने महंत, साधु-संत व पुजारियों का सम्मान किया

**पावटा** (निसं)। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य सरकार इस बार भी गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुजनों के सम्मान में गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस अवसर पर प्रदेश भर में धर्मगुरुओं, महंतों और पुजारियों का सम्मान किया जाएगा। निर्देशों के तहत विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र में मंदिर-मठों में जाकर साधु संतों से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और सम्मान किया।

विधायक कुलदीप धनकड ने मंदिरों व आश्रमों श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर हरिदास महाराज रामपुरा, श्री श्री 108 महंत शंकरदास महाराज जवानपुरा, श्री श्री 108 महावीर दास महाराज संत कुटिया चतरपुरा, श्री श्री 108 सत्यनारायण भारती महाराज श्याम मंदिर चतरपुरा, , श्री श्री 108 मंगलदास महाराज भरतदास जी की बगीची टोरडा गुजरान, श्री श्री 108 प्रेमनाथ महाराज निर्मल नाथ जी का आश्रम टोरडा गुजरान, श्री श्री 108 सेवा दास महाराज भोमिया बाबा मन्दिर टसकोला रोड पावटा, श्री श्री 108 मोहनदास रामायणी महाराज गोपाल भैया मंदिर पावटा, श्री श्री 108 राधा मोहनदास महाराज राठी वाला मंदिर पावटा,श्री श्री 1008 माधोदास महाराज गूंजेडा धाम प्रागपुरा, श्री श्री 1008 ज्ञानदास महाराज बड़नगर में पहुंचकर धर्मगुरुओं, महंतों और पुजारियों से आशीर्वाद लेकर उन्हें अंग वस्त्र व फूल-माला पहनाकर सम्मान व अभिनंदन किया। साधु-संतों-महात्माओं के चरण पखारे व आशीर्वाद लिया।विधायक धनकड ने साधु संतों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद कहा कि गुरुजन, साधु-संत व्यक्ति और समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। देश व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूरे विधानसभा क्षेत्र में साधु संतों का अभिनंदन वंदन करते हुए आभार जताकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्र भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों के विकास और देश व प्रदेश के गौरव के उत्थान के लिए कार्य किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा के साथ ही आस्था व अध्यात्म के केंद्रों राष्ट्रवाद के नायकों सामाजिक जागरण के प्रणेता रहे महापुरुषों के सम्मान के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

# नरेगा टेंडरों में अनियमितता को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पावटा।** पंचायत समिति पावटा के अधिकारियों पर चहेती फर्मों को ठेके दिलवाने के लिए निविदा में नियम विरुद्ध शर्तें थोपने का मामला सामने आया है। जिसे लेकर विभिन्न फर्मों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को कोटपुतली बहरोड़ जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच करवाने की मांग की है। गणेश कंस्ट्रक्शन कंपनी, सारा कंस्ट्रक्शन कंपनी, परी एंड संस कंपनी समेत अन्य फर्मों के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में लिखा है कि पावटा पंचायत समिति में चहेते लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर में अनियमितता की जा रही है।ज्ञापन द्वारा महावीर चावला, राजीव डेहरवाल, गणेश सैनी सहित ठेकेदारों ने बताया कि पावटा पंचायत समिति में 13 जून 2025 को निविदा डाली गई थी। लेकिन चहेते लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए निविदा के नियम बदलकर 21 जून 2025 को टेंडर निरस्त कर दुबारा टेंडर डाल दिए गए है ताकि चुनिंदा फर्मों के टेंडर निकल जाए।

## पौधे लगाए

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर टेंट एंड इवेंट अध्यक्ष नाथूलालजी व महामंत्री हनुमानजी के सानिध्य में इससे जुड़े कारोबारियों ने देवयानी तीर्थ स्थल पर पौधे लगाए। टेंट व इवेंट कारोबारियों ने शादी समारोह आदि कार्यक्रमों में ग्राहकों को गुणवत्ता व बेहतर कार्य उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। अध्यक्ष नाथूलाल के द्वारा सभी को एकसूत्र पिरोकर रखने व बेहतर कार्य में योगदान के लिए उनका अभिनंदन उनके प्रति अपनी आस्था प्रकट की।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी


**श्रीमती गीता देवी**

समदवाल धर्मपत्नी लल्लूराम जी का स्वर्गवास दिनांक 09.07.2025 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 11.07.2025 को 4:00 से 5:00 बजे निवास स्थान ए-111, जगदंबा नगर हीरापुरा में होगी।

**शोकाकुल-** मंगल (देवर) मोहन, लालाराम, चौथमल, रामदास, गुलाब, शैतान, रामलाल, कैलाश (पुत्र) शुभम, तन्मय, पुरुषोत्तम (पौत्र) एवं समस्त समदवाल परिवार- 9314753186, 9057242440



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


## विपिनदास महाराज से आशीर्वाद लिया

**सांभरझील,** (निसं)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पंचमुखी बालाजी मंदिर के महंत श्री श्रीश्री 1008 विपिन दास जी महाराज त्यागी की शिष्यों ने चरण वंदना की। गुरु को पुष्पहार पहनाकर श्रीफल भेंट किया तथा आध्यात्मिक व सर्वांगीण उन्नित के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी जीवो में परमात्मा को देखना चाहिए। परमात्मा हर कण-कण में व्याप्त है। गुरु आपकी आत्मा को जागृत करता है और गुरु के माध्यम से ही परमात्मा की अनुभूति मिलने का रास्ता सरल हो जाता है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के खंड अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रखंड मंत्री सुनील शर्मा आदि की मौजूदगी रही।

## ज्ञापन सौंपा

**टोंक।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर कर्मचारियों ने 11 सूत्रीय मांगों वआरजीएसएच (राजस्थान सरकारी स्वास्थ्य योजना) में व्याप्त संस्थागत भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान रैली निकाली गई, जहां प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव राज. सरकार के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर गायों को हरा चारा खिलाया

**निवाई,** (निसं)। गुरू पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में भाजपा के कार्यकर्ता व अधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित गौ-शालाओं में गायों को हरा चारा खिलाया व सभी आश्रमों में महामंडलेश्वर, पीठाधीश्वर व संतों को शॉल ओढाकर, माला पहनाकर व श्रीफल भेंट करके आशीर्वाद लिया।

विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि गुरू के बिना मनुष्य का ज्ञान अधुरा होता है। उन्होंने कहा कि गुरू ही मनुष्य

■ **गुरू के बिना मनुष्य का ज्ञान अधुरा होता है : विधायक वर्मा**

को सच्चा मार्गदर्शन प्रदान करते है। गुरुओं का आशीर्वाद लेने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं, उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुओं को समर्पित है और गुरू पूर्णिमा पर्व पर शिष्य अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह पर्व भारतीय संस्कृति में गुरु व शिष्य परंपरा के महत्व को दर्शाता है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने बताया कि गुरूवार को विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कार्यकर्ताओं के साथ



गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर संतों को सम्मानित करते हुए विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी।

ने गायों को हरा चारा खिलाया एवं परमहंस आश्रम पर संत रामकृष्ण वेदांती, पटेल रोड स्थित मोनी बाबा आश्रम के संत, गांव पलेई आश्रम के संत मनीषदास महाराज, निरजनी आश्रम भावती के संत, नोहटा आश्रम पर संत शंकरगिरी महाराज, टोंक अठावाल धर्मशाला में संत वर्धमान सागर महाराज, सद्गुरु आश्रम के संत राजकुमार शर्मा, काला भाटा आश्रम के संत, किवाड़ा भैरूपुरा आश्रम में संत प्रकाशदास महाराज, घाटा करीरिया आश्रम में संत कर्मानंदगिरी महाराज, कांटोली के मां भ्रदकाली आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज एवं हरभावता आश्रम में महामंडलेश्वर संत बालकानंदगिरी महाराज से आशीर्वाद लेकर सभी संतों को माला पहनाकर, शॉल ओढाकर व श्रीफल भेंट करके सम्मानित किया गया। इस दौरान तहसीलदार नरेश गुर्जर, मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, नारायण यादव, ममता चौधरी, मंजू बलाई, महेश मिश्रा व वीरेंद्र गुर्जर सहित कई कार्यकर्ताओं ने गायों को हरा चारा खिलाया।

## सार-समाचार

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधकारी रामजीलाल ने बताया कि 9 जुलाई को परिवादी रामराय शर्मा ने मामला दर्ज करवाया था कि कृष्णा कॉलोनी में दिव्या महादेव मंदिर में चोर पानी की मोटर को चुराकर ले गए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गठित टीम द्वारा जगह-जगह संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी एवं करीब 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक किया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी रमेशचंद्र सैनी पुत्र राधेश्याम सैनी निवासी पहाड़ी चुंगी नाका व राम सैनी पुत्र ऊकार सैनी निवासी गली नंबर 9 शिवाजी कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया चोरी के आरोपी रमेशचंद्र सैनी ने आरोपी राम सैनी को पानी की मोटर को 900 रुपए में बेचना बताया है। जिस पर आरोपी राम सैनी के कब्जे से चुराई गई पानी की मोटर को बरामद किया है।

### अवैध बजरी से भरे 2 ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व पविहन की रोकथाम अभियान को लेकर अवैध बजरी से भरे 2 ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अरिक्ति पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी व डीवाईएसपी अरविन्द कुमार के निदेशन में अवैध बजरी खनन व पविहन की रोकथाम अभियान को लेकर थानाधिकारी बरोनी के नेतृत्व में गठित प्रथम टीम के पुलिस सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हैड कानि लालाराम, कानि रत्तिराम कानि व चालक रामू ने गश्त के दौरान गांव प्यावडी रोड से बजरी से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जप्त किया है। इसी प्रकार द्वितीय टीम के हैड कानि राजूलाल, कानि महेश व चालाक अजयराज ने गांव मण्डावर के समीप रोड से बजरी से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह आम सुचना प्रेषित कर सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमान चन्द प्रकाश गुप्ता, आयु 77 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय श्री विजय सिंह गुप्ता, निवासी फ्लेट नम्बर टी-185, फर्स्ट फ्लोर, फेस-3, रंगोली गार्डन, कनकपुरा, महाराणा प्रताप मार्ग, जयपुर, राजस्थान, जिनकी स्वतंत्र उपयोग व उपभोग कि अचल सम्पत्ति यूनिट नम्बर एलजी-2, स्टील्ट फ्लोर, प्लाट नम्बर 05, माँ करणी नगर जी, ग्राम पांच्यावाला, जयपुर, राजस्थान मे स्थित है उक्त सम्पत्ति को बेचान करना चाहते, यदि उक्त भुखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति है तो अन्दर मियाद 7 दिवस की अवधि मे मेरे से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करे, उक्त मियाद पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी

नन्दकिशोर प्रजापत
एडवोकेट, मोबाइल : 9079140132

**कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) आमेर, जिला जयपुर**

क्रमांक-भू.अ./2025/4280 दिनांक-10.7.25

**आम सूचना का नोटिस** हर आम खास को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रार्थी श्री अर्नव सत्यवीर सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह जाति जाट निवासी 222, पद्मावती कॉलोनी निर्माण नगर जयपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि स्व0 श्रीमति जानकी देवी पत्नि श्री उम्मेद सिंह जाति जाट निवासी नया सर तहसील व जिला झुंझुनू द्वारा अपने जीवनकाल में एक अन्तिम वसीयतनामा प्रार्थी श्री अर्नव सत्यवीर सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह जाति जाट निवासी 222, पद्मावती कॉलोनी निर्माण नगर जयपुर के पक्ष मे दिनांक 02.03.2022 को उपपंजियक दशम के यहां निष्पादित करवाया गया। वसीयतकर्ती की मृत्यु दिनांक 23.11.2022 को हो चुकी है। प्रार्थी, वसीयतकर्ती जानकी देवी का रिश्ते में पौत्र लगता है। मृतक खातेदार जानकी देवी पत्नि श्री उम्मेद सिंह जाति जाट निवासी नया सर तहसील व जिला झुंझुनू के नाम राजस्व ग्राम दौलतपुरा तहसील आमेर में स्थित कृषि भूमि खाता सं0 324 मे ख0न0 1092, 1093 किता 02 कुल रकबा 0.98 हेक्टे मे हिस्सा 1733/2533 तथा खाता संख्या 323 मे ख0न0 1094 रकबा 0.54 हेक्ट0 मे हिस्सा 30257/ 136782 दर्ज रिकॉर्ड है। उपरोक्त भूमियो का नामान्तकरण अर्नव सत्यवीर सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह जाति जाट के पक्ष मे नामान्तकरण दर्ज करने हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण वसीयत का होने के कारण धारा 135 (2) एलआर एक्ट 1956 के तहत दर्ज किया जाकर यह पत्रावली खोली गई। प्रकरण मे यदि किसी को कोई उज्ज-एतराज, अथवा आपत्ति हो तो, प्रकरण मे नियत आगामी तारीख पेशी 21/7/2025 को न्यायालय हाजा मे अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

यह नोटिस आज दिनांक 10/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार (भू.अ.) तहसील आमेर (जयपुर)

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/430 दिनांक-17/6/25

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 11/87, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 189.00 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री विरेन्द्र कुमार गोदीका पुत्र स्व. श्री मोहनलाल गोदीका को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1119 दिनांक 18.06.1996 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 26.06.2001 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 5096 दिनांक 10.10.2001 के द्वारा श्री विरेन्द्र कुमार गोदीका पुत्र स्व. श्री मोहनलाल गोदीका के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 20.07.2002 को करवाया गया। श्री विरेन्द्र कुमार गोदीका के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री रोशन लाल अरोड़ा पुत्र श्री बनवारी लाल अरोड़ा को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 02.07.2005 को करवाया गया। श्री रोशन लाल अरोड़ा के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्रीमती मीनाक्षी देवी एवं श्री लालचन्द टीकयानी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 20.06.2006 को करवाया गया। श्रीमती मीनाक्षी देवी एवं श्री लालचन्द टीकयानी के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री राजेन्द्र बेदी पुत्र श्री एल.आर. बेदी एवं श्रीमती रिटा बेदी पत्नी श्री राजेन्द्र बेदी को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रोका निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 07.08.2023 को करवाया गया। श्री राजेन्द्र बेदी पुत्र श्री एल.आर. बेदी एवं श्रीमती रिटा बेदी पत्नी श्री राजेन्द्र बेदी द्वारा उक्त आवास की लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध मे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि मे कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री राजेन्द्र बेदी एवं श्रीमती रिटा बेदी के पक्ष मे उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त द्वितीय, जयपुर

H.G.J.XXII (नमूना काबिज फरोक्त)

ता.पेशी 14/7/25

**सम्मन वास्ते करारदाद**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

अदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जिला इटावा

नम्बर परिवाद सं.-866/24 साकिन धारा 144 वी.एन.एस.एस.

मुद्दई श्रीमती फरजाना फैयाज बनाम जुनैद मजहर खां साकिन...मुद्दाअलेह

हरगाह के आपके नाम एक नालिश दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व 14 तारीख 7 माह सन् 2025 ई... वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकद्मा के हालात करार माफिक किया गया और कुल उपराव या अहन मुताबिक मुकद्मा का जवाब दे सके या जिसके जवाबदेही दावा करें। आपको लाजिम है कि जमुला दस्तावेज पेश करें। जिन पर बताईद अपनी जबाबदेही दस्ततदान करना चाहते है

आपको इत्तिला दी जाती है अगर अजकूर आप हाजिर न होंगे मुकद्दमा बगैरह हाजिरी मसमुआ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत का आज दिन 24 माह 6 सन् 2025 ई. जारी किया गया।

इत्तिला

(1) अगर आपको अन्देशा है कि आपकी गवाह अपनी मजकूर हाजिरी होगे तो अदालत जजी से सम्बन्ध हुई मरादा जारी कर सकते है तो गवाह हाजिर न हो व जबरन हाजिर कराया जाए और जिस दस्तावेज की किसी जगह हसे पेश कराने का आप इन्तजार कर सकते है वह पेश कराई जाए व शर्तें आप खर्च जरूरी अदालत में दाखिल करके इस अम्ल दरुखास्त गुजरायें।

(2) अगर आप मतावता मुद्दई की तारीख करते है जो आपको लाजिम है कि रूपये मय खर्च नालिस अदालत में पेश करें ताकि कार्यवाही इजराय डिगरी की आपकी जान माल दोनों ही करना पड़े। (मोहर)

**आम सूचना** मै बाबु लाल शर्मा पुत्र श्री दामोदर शर्मा निवासी 7, प्रताप नगर, कंडीरा टैन्ट वाली गली, झोटवाड़ा, जयपुर सर्वसाधारण को सूचित करता हुं कि मै अपने छोटे पुत्र नीरज उर्फ गोरू को पारिवारिक कलह एवं प्रताड़ित किए जाने के कारण मैने अपनी समस्त चल- अचल सम्पतियों से तत्काल प्रभाव से बेदखल करता हुं तथा उसको पुत्र होने के समस्त अधिकार से वंचित किया जाता है। नीरज उर्फ गोरू द्वारा पूर्व में एवं भविष्य में किए गए किसी भी कृत्य या लिए गए किसी भी ऋण का दायित्व का भार मेरे उपर नहीं रहेगा उसके के लिये वह स्वं जिम्मेदार होगा अतः सूचनार्थ यह सूचना जारी की जाती है।

भवदीय, बाबु लाल शर्मा

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण 1 अजीमुद्दीन 2, शरफुद्दीन 3 अमीरूद्दीन 4 नूरुद्दीन 5 इब्राहिम पुत्रान मरहूम. नईमुद्दीन निवासीगण 2359 चौकडी तोपखाना हुजूरी घाटगेट जयपुर के रहने वाले है मेरे अभिभाष्यगण का भाई सिराजुद्दीन पिछले कई वर्षो से हम से अलग रहता है और अब मेरे अभिभाष्यगण ने अपने भाई अपने जीवन व अपनी सम्पूर्ण रिलेशन समाप्त कर दिये है पिछले कई वर्षो से हमारे भाई से हमारा कोई लेना देना व सरोकार सम्बन्ध या वास्ता नही रहा है तथा कोई व्यक्ति, संस्था, सरकारी अर्द्धसरकारी संस्था किसी भी प्रकार का लेन देन ऋण या संव्यवहार करते है तो उसका हमारा भाई स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण का अब अपने भाई सिराजुद्दीन से कोई सम्बन्ध व सरोकार नही रहा है। सूचित रहें।

(नौशाद कुरैशी) एडवोकेट, मो.-9828293948

**नाम परिवर्तन**

मैं एकनाथ शामरावजी कोथळकर कानूनी तौर पर न. 15444317P, NK (NUR ASST), नाम कोथळकर अविनाश एकनाथराव का पिताजी हुं वर्तमान में मेरा गांव अचलपुर पो. अचलपुर तह. असलपुर, जिला- अमरावती महाराष्ट्र- 444806 में रहता हु मेने मेरा नाम एकनाथराव शामरावजी कोथळकर से बदलकर एकनाथ शामरावजी कोथळकर कर लिया है, मेरा शपथ पत्र संख्या- 2550340041268200837064 दिनांक 21.04.2025 अचलपुर महाराष्ट यह है।

मैं प्रमिला एकनाथराव कोथळकर कानूनी तौर पर न.15444317P, NK (NUR ASST), नाम कोथळकर अविनाश एकनाथराव की मां हुं वर्तमान में मेरा गांव अचलपुर पो. अचलपुर तह. असलपुर, जिला- अमरावती महाराष्ट्र- 444806 में रहती हु मेने मेरा नाम प्रमिला से बदलकर प्रमिला एकनाथराव कोथळकर कर लिया है, मेरा शपथ पत्र संख्या- 2550340041268200837062 दिनांक 21.04.2025 अचलपुर महाराष्ट्र यह है।

मैंने मेरा नाम Abdul Shaheed से बदलकर Abdul Sayeed रख लिया है भविष्य में मुझे Abdul Sayeed के नाम से ही जाना व पहचाना जावे। अब्दुल सईद, 8/45 कागजी मौहल्ला, खटीकों का मौहल्ला, सांगानेर (जयपुर)

मैंने अपना नाम अनिल कुमार से बदलकर अनिल कुमार जैन रख लिया है। भविष्य में मुझे अनिल कुमार जैन पुत्र श्री सुमेर चन्द जैन निवासी- 90/56, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर के नाम से जाना जायेगा।

मैंने अपना नाम अवधेश कुमार मौर्य से बदलकर अवधेश कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे अवधेश कुमार पुत्र श्री राज बाली निवासी 5, कागदीवाडा, शंकर नगर-बी, ब्रह्मपुरी रोड, जयपुर 302002 के नाम से जाना जाये।

I VISHAL ANAND R/o. Address: Unit 2, Ground Floor, Bauhinia Street, Vatika Infotech City,Urban Woods, Thikariya, Jaipur 302026 has changed my Name from Vishal Anand to Vishal Anand Sharma for all future purposes.

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)

क्रमांक :- ज.स.अ./2025/134 दिनांक :- 09/07/2025

**ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 37 से 42/2025-26**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http;//sppp.rajasthan.gov.in के UBN No:- JMC2526WSOB01040, JMC2526WSOB01041, JMC2526WSOB01042, JMC2526WSOB01043, JMC2526WSOB01044 एवं JMC2526WSOB01045 पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/5963 अधिशाषी अभियन्ता (मु0)

## संक्षिप्त

### अटल जन सेवा शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। जिला कलेक्टर सीकर के निर्देशानुसार पंचायत समिति श्रीमाधोपुर के वी.सी. रूम में ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 20 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 10 परिवादो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष 10 परिवाद संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित कर इनके शीघ्र ही निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। अटल जन सेवा शिविर में प्राप्त प्रकरणों में पीएचईडी 4, पंचायती राज 8, नगर पालिका 3, राजस्व 2, सांख्यिकी 1 एवं पुलिस विभाग से संबंधित 2 परिवाद प्राप्त हुए है। अटल जन सेवा शिविर में विकास अधिकारी श्रीमाधोपुर व अजीतगढ़, तहसीलदार श्रीमाधोपुर, सीडीपीओ श्रीमाधोपुर व अजीतगढ़ एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान श्रीमती इन्दिरा श्रीमती इंदिरा शर्मा सहायक निदेशक लोक सेवाएं सीकर द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया।

### संतों का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

**अलवर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले में धर्मगुरुओं, महंतों और पुजारियों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने देवनाथ महाराज, संत फूलनाथ महाराज, संत बेअंत नाथ जी महाराज, संत रुपनाथ जी महाराज, अट्टा मंदिर महंत रामदास जी, श्री श्री 1008 श्री गंगागिरी जी आश्रम, संत प्रेमनाथ जी महाराज, संत गंगा दास वेदांती महाराज का सम्मान राशि, श्रीफल, शॉल, मिठाई एवं गुरुवंदन संदेश भेंट कर सम्मान किया एवं गुरुजनों के चरण वंदन कर उनका आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा संत समाज को भेजे गए बधाई संदेश को भी पढ़कर सुनाया। इस दौरान वन मंत्री शर्मा ने अंधेरी स्थित गंगागिरि महाराज के आश्रम में पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान होता है। उन्होंने कहा कि गुरु का सम्मान करना हमारी सनातन परम्परा का हिस्सा है।

### सहायक आचार्य भौतिकशास्त्र में चयन

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर के पूर्व छात्र धर्मेन्द्र सिंह सामोता पुत्र रामेश्वर लाल सामोता, निवासी- त्रिलोकपुरा के कॉलेज व्याख्याता बनने पर बधाई प्रेषित की गई। धर्मेन्द्र सिंह सामोता ने 5 वी रैंक के साथ आरपीएससी द्वारा आयोजित सहायक आचार्य भौतिकशास्त्र परीक्षा में चयनित होकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया की धर्मेन्द्र सिंह सामोता वर्तमान में वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मण्डफिया (चित्तौड़गढ़) में स्कूल व्याख्याता (भौतिक शास्त्र) के पद पर कार्यरत है। चयनित होने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सिंह व स्टाफ सदस्यों ने छात्र को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विद्यालय को एसी भेंट किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर को व्यवसायी शिवपाल योगी एवं उनके पुत्र दीपेंद्र योगी द्वारा प्रधानाचार्य कक्ष हेतु एक एसी भेंट किया है। इस अवसर पर श्रीमाधोपुर विधायक पुत्र व युवा नेता अजय सिंह खर्रा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमाधोपुर श्रीमती सुमन शर्मा,नगर मंडल अध्यक्ष रोशन लाल बिजारणिया एवं प्रेरक बजरंग सिंह बिजारणिया अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मय स्टाफ मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने राजेश कुमार ने अंकुर ने मेहमानों एवं भामाशाहों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

### गुरु दीक्षा महोत्सव मनाया

**दूदू,** (निसं)। नगर पालिका मुख्यालय पर जयपुर रोड स्थित काली माता एवं बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया इस अवसर पर महंत बालक दास महाराज का शिष्यों द्वारा चरण पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया पश्चात दिन में गायक कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन किया गया वहीं बन्ध बालाजी के यहां गुरु महाराज का शिष्यों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन भी किया गया

# गुरु का सम्मान करना हमारी सनातन परंपरा का मूल स्तंभ : कलेक्टर

■ गुरु पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री का सम्मान संदेश लेकर आश्रम व मंदिरों पर पहुंचे अधिकारी जनप्रतिनिधियों ने संतों का किया सम्मान

**खैरथल।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा की अनुकरणीय पहल पर देवस्थान विभाग की ओर से आयोजित भारतीय गुरु परंपरा संतों का सम्मान कार्यक्रम के तहत प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में खैरथल-तिजारा जिले में विभिन्न आश्रमों और मंदिरों में स्थित संतों व महंतों का भावपूर्ण सम्मान किया गया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मुंडावर स्थित रैणागिरी आश्रम में स्वामी बालक दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर मुख्यमंत्री का शुभकामना संदेश, श्रीफल, शॉल, मिठाई एवं 2100 की सम्मान राशि भेंट कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कलेक्टर ने संतों के प्रति सम्मान प्रकट किया और मुख्यमंत्री का संदेश भी उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष पढ़कर सुनाया, जिसमें गुरु की भूमिका को राष्ट्र और चरित्र निर्माण की आधारशिला बताया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु का सम्मान करना हमारी सनातन परंपरा का मूल स्तंभ है। संत न केवल समाज को आध्यात्मिक दिशा देते है, बल्कि नैतिक मूल्यों और संस्कृति के संरक्षण में भी महती भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा में गुरु न केवल शिक्षा के प्रदाता हैं, बल्कि वे जीवन के मार्गदर्शक, राष्ट्र निर्माण के सूत्रधार और चरित्र निर्माण के प्रेरणा स्त्रोत भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार संतों, साधु-संत समाज और धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध है।



खैरथल तिजारा के मुंडावर स्थित रैणागिरी आश्रम में स्वामी बालक दास महाराज का सम्मान कर आशीर्वाद लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

इस कार्यक्रम के तहत जिले में महंत बलवीरनाथ (सीतावाली प्याऊ आश्रम, जलालपुर), महंत दीपकनाथ (बाबा सोमनाथ धाम, लाडपुर), श्याम सुंदर महाराज (हनुमान मंदिर घाटा, बम्बोरा) एवं शुभनाथ महाराज (मुंडावर) को भी आश्रमों में जाकर शॉल, श्रीफल, मिठाई, 2100 नकद राशि व मुख्यमंत्री का संदेश देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

इसके अलावा गुरूपूर्णिमा पर्व पर राजस्थान सरकार की और से गुरूवंदन कार्यक्रम के तहत पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, एसडीएम मनीष जाटव तहसीलदार नरेंद्र भाटिया ने गांव मीरका के श्याम बाबा मंदिर, टहटडा के शिव मंदिर, गंज के हनुमान मंदिर, बम्बोरा घाटा के हनुमान मंदिर व अर्चट माता मंदिर पर मंदिर के मंहतो को मिठाई देकर व शॉल ओढाकर सम्मान किया व आर्शीवाद लिया एवं राजस्थान सरकार व केन्द्रिय मंत्री भूपेन्द्र यादव की और से भेजी गई सम्मान सामग्री व गुरु वंदन संदेश भेंट किए।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान आश्रम कमेटी की ओर से जिला कलेक्टर सहित पहुंचे अधिकारी जनप्रतिनिधियों का पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## सीयूईटी में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के बालाजी रोड पर संचालित चाणक्य एजुकेशन हब पर गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह संस्था निदेशक सुरेश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षाविद कृष्ण गोपाल गौड एवं विशिष्ट अतिथि पत्रकार योगेन्द्र गहलोत, मुखराम डूडी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात संस्था के सदस्यों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था सीयूईटी परीक्षा में भारतीय स्तर पर टॉप रैंक में चयनित नवीन कुमावत, तनीषा कंवर, प्रियंका चौधरी, पायल चौधरी, अंजली यादव, कविता चौधरी, राजेन्द्र सैनी का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम का सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के जी गौड ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है, बिना शिक्षा के सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती, उन्होंने चयनित सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि डूडी ने कहा कि फुलेरा परिक्षेत्र में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाकर आज अभिभावकों ओर विद्यार्थियों की पहली पसन्द चाणक्य एजुकेशन हब बना हुआ है। इसके अलावा उन्होंने चाणक्य टीम की सराहना की। इसके साथ ही निदेशक सुरेश चौधरी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य फुलेरा में शिक्षा के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है। जिससे बच्चों को इधर-उधर भटकना ना पड़े। आगे यह भी बताया कि इस वर्ष उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए कृषि विज्ञान संकाय में फाउंडेशन बेच शुरू किया गया है।

इस मौके पर फाउंडेशन छात्रा कनिष्का सैनी को केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर संदीप चौहान, सोहन लाल, गिरधारी लाल, हितेश, सुरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सुशील कुमार, नरेन्द्र चौधरी, संजय डूडी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# मानव अधिकार सहायता शिविर का आयोजन

■ संगठन को विवादित मामलों पर निस्तारण और राहत के लिए 25 आवेदन प्राप्त हुए

**देवली,** (निसं)। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय महिला विंग संगठन की ओर से मानव अधिकार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तकअंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक एवं न्याय संगठन महिला विंग के तत्वाधान में सहायता परामर्श एवं जानकारी परिवादियों को शिविर के माध्यम से दी गई है।

संगठन महिला विंग का उद्देश्य रहा की प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को मानव अधिकार के तहत योजनाओं के प्रति जागरूकता और जानकारी प्राप्त हो सके। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर और प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला शर्मा ने जानकारी में बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नीरज सिंह अलवर एवं संगठन महिला विंग की अध्यक्ष चमन कवर के नेतृत्व में यहां वार्ड नंबर एक के सामुदायिक भवन मैं शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान आयोजित शिविर मैं कुल पांच दर्जन परिवादी समस्या लेकर पहुंचे जिनमें 25 पीड़ित व्यक्ति,और महिलाओं ने, विवादित मामलों पर समाधान हेतु आवेदन किया उक्त संगठन महिला विंग ने आवेदनों को ध्यान में रखते हुए तुरंत निस्तारण हेतु परिवादियों के बीच समझाइश की गई, और साथ ही मामलों से संबंधित विभाग को आवेदन भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई तो वही सरकार की लाभार्थी योजना से वंचित व्यक्तियों के प्राप्त हुए आवेदन संबंधित विभागीय अधिकारियों के कार्यालय तक पहुंचने का आश्वासन दिया गया। शिविर में प्रदेश अध्यक्ष रीना सच्चर ने बताया कि प्राप्त 25 आवेदनों में एक आवेदन मकान और भूमि पर हुए कब्जे से राहत पहुंचने के लिए प्राप्त हुआ है। रीना सच्चर उर्मिला शर्मा ने यह भी बताया कि पीड़ित मुस्ताक नामक व्यक्ति ने आवेदन किया और महिला विंग को बताया कि प्रताप कॉलोनी स्थित उसके मकान और भूमि पर कुछ असामाजिक तत्व महिलाओं ने जबरदस्ती कब्जा कर रखा है जिसकी शिकायत देवली पुलिस थाना में समय रहते दी गई इस पर पुलिस ने जांच करते हुए मुस्ताक से लिखित बयान भी लिए लेकिन पुलिस परिवादी मस्तक को अब तक राहत नहीं पहुंच सकी ऐसे में उक्त असामाजिक तत्व महिलाओं के कब्जे से मकान और भूमि को अब तक नहीं छुड़वाया गया है। इस परिवाद,पर टोंक जिला अध्यक्ष ममता शर्मा ने उक्त पीड़ित व्यक्ति को आश्वासित किया कि इस मामले कि जानकारी टोंक जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंचाई जाएगी और उक्त मामले में कार्रवाई करने के लिए कहा जाएगा।

# श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट की बैठक आज

**निवाई,** (निसं)। देवधाम जोधपुरिया में स्थित भगवान श्री देवनारायण जी के मंदिर में श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के अध्यक्ष फूलचंद लांगडी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सुबह 10 बजे मंदिर ट्रस्ट एवं समाज लोगों की बैठक आयोजित होगी। मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरज्ञानसिंह गुर्जर एवं संयुक्त मंत्री मनफूल गुर्जर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया की बैठक आयोजित होगी। जिसमें 27, 28 एवं 29 अगस्त को आयोजित तीन दिवसीय लक्खी मेले की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मंदिर परिसर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में 29 नवंबर को आयोजित लक्खी मेले की तैयारी को लेकर पदाधिकारी को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट का कार्यकाल अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फर्जी पंपलेट छपवाकर समाज के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। बैठक में ऐसे लोगों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव करने एवं कठोर कार्रवाई करने पर चर्चा भी की जाएगी।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया

**निवाई,** (निसं)। नाथ संप्रदाय के चौरासी सिद्धों में से प्रमुख सिद्ध श्री जालंधर नाथजी महाराज की प्राचीनतम गद्दी जालंधर नाथ मठ निवाई मे महंत बबलूनाथ महाराज के सानिध्य में नाथ परंपरा व संस्कृति के अनुसार गुरु गद्दी व चरणों का पूजन करके भगवा वस्त्र भेंट करके मंत्रोच्चार के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर नाथ संप्रदाय के अनुयाई व भक्तजनों ने नाथ महाराज का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आस बुद्धि पाव, संतोष आर्या, डॉ अशोक योगी, कमल योगी, धर्मराज योगी, बाबूलाल योगी व कालूराम योगी सहित नाथ संप्रदाय के अनुयाई मौजूद थे। इस प्रकार सिरस में भी बस स्टैंड बालाजी मंदिर में गुरू पुर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कमलेश शर्मा, भेरूलाल, देवनारायण गुर्जर, बुद्धि पारीक, श्यामलाल, मुकेश सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

## बिजली चोरी करने वालो पर गिरी गाज

**कोटपूतली,** (निसं)। जिले में लगातार मिल रही बिजली चोरी की शिकायतों के मद्देनजर एवं अत्याधिक टी एंड डी लोसेस वाले उपखंड क्षेत्र में अधीक्षण अभियंता, कोटपूतली एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(सतर्कता) जयपुर के निर्देशानुसार अधिशाषी अभियंताओ के नेतृत्व में कुल 11 सहायक अभियंताओं की टीमों का गठन किया गया। इन टीमों द्वारा बहरोड शहर, बहरोड ग्रामीण एवं पावटा क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध विशेष कार्यवाही की गई। प्रात:कालीन समय में की गई इस सघन छापामार कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान अनेक उपभोक्ता बिजली मीटर को बायपास कर अतिरिक्त सर्विस लाइन के माध्यम से ए.सी., कूलर, पंखे एवं मोटर आदि का संचालन करते हुए पाए गए। जिसमें बड़े पैमाने पर बिजली चोरी सामने आई। सभी 11 टीमों ने मिलकर कुल 131 वीसीआर (टब्) भरे, जिनके तहत 3,49,000 यूनिट का आंकलन करते हुए 57.97 लाख का जुर्माना ठोका गया। निर्धारित 15 दिवस की अवधि में जुर्माना राशि जमा नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत चोरी की एफआईआर थाने में दर्ज करवाई जाएगी। जांच दल में शामिल अधिशासी अभियंता कोटपूतली, बहरोड, बानसूर के साथ वृत्त के सभी 11 सहायक अभियंताओं की टीम एव थानाधिकारी (एटीपीटीएस) बहरोड तथा थानाधिकारी (एटीपीटीएस) जयपुर ग्रामीण की समस्त टीम ने एकजुटता से कार्यवाही को अंजाम दिया।

# विधिक जागरूकता शिविर व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**अलवर,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) द्वारा आज जिले की उमरैण ग्राम पंचायत में जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनंत भंडारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी की उपस्थिति में सृजन की सुरक्षा 2025 योजना का शुभारम्भ तथा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

■ नव प्रसूताओं ने अपने बच्चे की तरह पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनंत भंडारी ने सृजन की सुरक्षा 2025 योजना के महत्व पर विस्तृत प्रकाश कहा कि यह योजना राजसमंद जिले के पिपलांत्री मॉडल से प्रेरित है, जहाँ प्रत्येक बालिका के जन्म पर 11 पौधे लगाने की एक अनूठी परंपरा है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत चयनित पंचायतों में प्रत्येक बालिका के जन्म पर न्यूनतम 11 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल से बालिका के जन्म को वृक्षारोपण से जोड़कर और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देकर गांव को न केवल हरा-भरा रखा जा सकेगा, बल्कि यह महिलाओं को सशक्त बनाने, बालिकाओं को आगे बढ़ाने और पर्यावरण को संरक्षित एवं पोषित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम होगा।




सृजन की सुरक्षा योजना के शुभारम्भ पर पौधारोपण किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी ने कहा कि सृजन यानी प्रकृति अर्थात प्रकृति से जुड़े हुए पेड़-पौधे और दूसरा मातृत्व शक्ति जिसमें संतान की उत्पत्ति होती है। इन दोनों की सुरक्षा के लिए सृजन की सुरक्षा स्कीम बनायी गई है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि परिवार में जिस तरह नन्ही बेटी का पालन-पोषण किया जाता है उसी प्रकार पौधों का पालन पोषण करना चाहिए। इस दौरान नव प्रसूताओं ने अपने बच्चे की तरह पौधों का संरक्षण करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उपवन संरक्षक अलवर राजेंद्र कुमार हुड्डा, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 शर्मा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 1 धीरज शर्मा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 2 श्रीमती रिद्धिमा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्चना गुप्ता, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 श्रीमती स्वाति राव, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 5 मनोज कुमार, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 4 सुश्री आशिमा माथुर, प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती स्वाति पारिक, उप प्रधान महेश सैनी एवं सरपंच भविन्द्र पटेल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### पौधारोपण के लिए प्रेरित किया

**अलवर,** (निसं)। अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में ग्राम झरेडा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मूलचंद डीगवाल पहुंचे और 200 पौधों लगाकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया है इसके अलावा उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों से भी सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आ ान किया है । डीगवाल के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी का प्रतीक कार्यकर्ता पौधारोपण में लगा हुआ है । इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी का मंडल स्तर पर भी पौधारोपण करने का आदेश जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने दिया हुआ है और प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को पौधारोपण करने का दायित्व दिया हुआ है । इसके अलावा उन्होंने बताया है कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय में पौधारोपण करते हैं इसके साथ ही विद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग देते हैं और विद्यालय के आवश्यकताओं का अनुसार व्यवस्थाओं में सुधार करते हुए विद्यालय के संचालन के लिए आवश्यक सभी कार्य को करते हुए । इसमें स्थानीय ग्राम झारेडा का भी सहयोग रहता है वही फिर भी आवश्यकता पडऩे पर स्थानीय उद्योगपतियों से भी विद्यालय में विकास कार्य कराए गए हैं।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य स्टाफ में बताया है कि भाजपा के नेता मूलचंद डीगवाल का विद्यालय के विकास में विशेष सहयोग रहता है इसके अलावा 200 पौधों रोपण किया है । हर साल मूलचंद डीगवालका विद्यालय का प्रतीक सहयोग रहता है और व्यवस्था और विकास के लिए हमेशा सहयोग प्रदान करते हैं इसके अतिरिक्त हाल में 10 कुर्सी की व्यवस्था भी मूलचंद डीगवाल निजी स्तर पर कर रहे हैं ।आज के पौधों रोपण कार्य में पाठशाला के स्टाफ के अलावा सीनियर विद्यार्थियों ने भी सहयोग प्रदान किया है । इस अवसर पर विद्यालय की ओर से भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष मूलचंद डीगवाल का विद्यालय में पौधारोपण एवं सहयोग के लिए आभार किया गया। इसी प्रकार भविष्य में भी विद्यालय के विकास वन्य आवश्यकताओं में सहयोग करने का आश्वासन देने पर भी विद्यालय के स्टाफ की ओर से भाजपा नेता मूलचंद डीगवालका आभार व्यक्त किया गया है ।

### दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि आज

**कोटपूतली,** (निसं)। राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर हेतु दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 11 जुलाई शुक्रवार है। प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान वर्ग में प्रवेश हेतु मुख्य सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। मुख्य सूची एवं प्रतीक्षा सूची को महाविद्यालय नोटिस बोर्ड तथा कॉलेज की वेबसाईट पर देखा जा सकता है। मुख्य सूची एवं प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को 11 जुलाई तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाना तथा ई मित्र पर फीस जमा करवाना अनिवार्य है। निर्धारित समय तक फीस जमा नहीं करवाने वाले विद्यार्थियों का नाम प्रवेश सूची तथा प्रतीक्षा सूची से से हटा दिया जायेगा तथा उन्हें पुन: दुबारा से अवसर नहीं मिलेगा। नोडल अधिकारी देशराज यादव ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के समय विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका, मूल टीसी तथा सीसी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु), बोनस अंक हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र यदि लागू हो ई-मित्र से डाउनलोड किया गया बधाई पत्र आदि प्रमाण पत्र मूल एवं स्वप्रमाणित छाया प्रतियों सहित प्रस्तुत करने होंगे। महाविद्यालय में लेट फीस का प्रावधान नहीं होता है। अत: निर्धारित तिथि तक अपने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवा कर फीस जमा करवायें।

### बीएसएनएल के दो पूर्व अधिकारियों को 4 साल का कारावास

**भरतपुर** (निस)। जयपुर सीबीआई कोर्ट ने भरतपुर के पूर्व टेलीकॉम जिला प्रबंधक राजेश कुमार बंसल और रिटायर्ड जूनियर अकाउंट्स एमएल बंसल को 4-4 साल की सजा और 50-50 हजार का जुर्माना लगाया है। दोनों ने एक ठेकेदार से लंबित भुगतान को मंजूरी देने के एवज में 1 लाख 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद सीबीआई ने टेलीकॉम जिला प्रबंधक को 1 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था।यह फैसला सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने बुधवार को सुनाया। भरतपुर बीएसएनएल के पूर्व टेलीकॉम जिला प्रबंधक राजेश कुमार बंसल ने एक ठेकेदार का 60 लाख लंबित भुगतान को पेमेंट के लिए मंजूरी दी थी। जिसकी एवज में पूर्व टेलीकॉम जिला प्रबंधक राजेश कुमार बंसल ने अपने जूनियर अकाउंट ऑफिसर एमएल बंसल के जरिए ठेकेदार से 1 लाख 20 हजार रुपये की डिमांड की थी। जिसके बाद ठेकेदार ने सीबीआई में शिकायत की, जिस पर 6 अप्रैल 2017 सीबीआई ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जिसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर पूर्व टेलीकॉम जिला प्रबंधक राजेश कुमार बंसल को 1 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस दौरान जूनियर अकाउंट ऑफिसर एमएल बंसल भी मौजूद था। सीबीआई ने रिश्वत की रकम राजेश बंसल के पास बरामद की थी। जांच पूरी होने के बाद 22 सितंबर 2017 को दोनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई के पक्ष में मिले सबूतों को स्वीकार किया। कल दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए कोर्ट ने 4-4 साल की सजा और 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु

**निवाई,** (निसं)। गुरुवार को किन्नर तनीषा सैनी सनातनी के निवास पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया एवं श्रीफल भेंट करके खुशहाली की मोनोकामना की। इस दौरान तनीषा सैनी के निवास पर आशीर्वाद लेने के लिए दिन भर गांव रजवास, खेड़ा, झिलाय, कनेसर, राहोली, गुंसी व मूंडिया सहित दर्जनों गांवों के श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तनीषा सैनी सनातनी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर गुरुजनों और किन्नरों से आशीर्वाद लेने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि यह एक पारंपरिक प्रथा है जो गुरु पूर्णिमा के दिन निभाई जाती है। इस दिन श्रद्धालु किन्नर समुदाय के लोगों से आशीर्वाद लेते हैं, जो उनके लिए आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व रखता है।

## उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ ने विरोध प्रदर्शन किया

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर स्थित लॉबी रूम के सामने एनएफआईआर के आव्हन पर बुधवार को सायं 5:30 बजे उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कहा कि इस प्रदर्शन की हमारी सम्पूर्ण मांगे जायज और हमारा हक है। जिसे लेकर सरकार ने हठधर्मिता पकड़ रखी है।

सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द केन्द्र सरकार कर्मचारी हितों की तरफ ध्यान दे वरना आगामी समय मे विशाल विरोध का सामना करना पड़ सकता है। इसी क्रम में आगे बताया कि जो मुद्दे जेसीएम के माध्यम से हल हो चुके है। उनको भी सरकार लागू नही कर हमारी भावनाओ के खिलाफ कार्य कर रही है और पुरानी पेंशन बहाली और आठवें वेतन आयोग जो हमारा अधिकार है। उसे लेने लिए हम सदा कर्मचारियों के साथ खडे है। जब तक यह नही मिल जाते तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन की हमारी प्रमुख मांगे निम्न प्रकार है-1. पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, 2. एनएफआईआर के सुझावों के अनुसार आठवें वेतन आयोग के सन्दर्भो की शर्तों का निर्धारण किया जाए, 3. पदों के सृजन पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाए, 4. निजीकरण व ठेकेदारी प्रथा को बन्द किया जाए, 5. नए कार्यो के लिए नए पदों का सृजन किया जाए, 6. रेलवे के विभिन्न संवर्गो के सभी कर्मचारियों के लिए कार्य के वातावरण में सुधार किया जाए, 7. रेलवे के सभी संवर्गो की पुन: संरचना व अपठोडेशन लागू किया जाए, 8. सभी लंबित मांगो का पीएनएम एवं जेसीएम के माध्यम से शीघ्र निराकरण किया जाए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के सुनील कुमार यादव मण्डल संयुक्त सचिव, मनीष कुमार शर्मा मण्डल सहायक सचिव, दिनेश कुमार सिरोलिया ब्रांच सचिव, कन्हैया लाल कुमावत , शैयर यार हुसैन, भागचन्द गुर्जर, राघवेंद्र सिंह, बाबू लाल यादव, लालचन्द्र मीणा, गुलाब चन्द, श्रवण यादव, दीपक कुमावत, कमल किशोर कुमावत, सुशील कुमार शर्मा, सुदर्शन कुमार शर्मा, प्रवीण यादव, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, बाबू लाल मीणा, रामपसाद वर्मा, घनश्याम कुमावत, विष्णु कुमार चौधरी, दिलीप मीणा, नरेश कुमार शर्मा, नरेन्द्र वर्मा , ललित सैनी, परवीन बैरवा, दिलीप कुमार सैन, अनिल कुमार जांगिड, देवकी नन्दन जांगिड, राजाराम वर्मा, नरेन्द्र कुमार प्रजापत, अरविन्द कुमार कुमावत, माजिद हुसैन, संदीप, राम अवतार स्वामी, बच्चन लाल सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।



यह बहुत बड़ा सम्मान है। 1983 में, जब भारत ने विश्व कप जीता था, तब लॉर्ड्स से मेरा पहला परिचय हुआ था। मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा था। उस पल ने मेरे क्रिकेट के सफर को गति दी। – **सचिन तेंदुलकर**

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज, लॉर्ड्स म्यूजियम में लगी अपनी तस्वीर का अनावरण करते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## जैस्मीन कौर

**भारतीय** शॉटपुट खिलाड़ी जैस्मीन कौर को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके डोप परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी का पता चला है। जैस्मीन का नाम अस्थायी निलंबन के तहत आने वाले एथलीटों की नवीनतम सूची में शामिल है, क्योंकि उनका परीक्षण टरबुटालाइन के लिए सकारात्मक आया था। पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय इस एथलीट ने इस साल की शुरुआत में देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में आज तक किसी भी बल्लेबाज ने अपने डेब्यू सीरीज में 774 से ज्यादा रन नहीं बनाए हैं। सुनील गावस्कर का ये रिकॉर्ड आज तक नहीं टूटा है।

## जयपुर जिले की सब जूनियर गर्ल्स फुटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रॉयल सम्पन्न हुई

जयपुर, 10 जुलाई। राजस्थान स्टेट सब जूनियर गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली जयपुर टीम के चयन हेतु ट्रायल का सफल आयोजन 6 जुलाई रविवार को चौगान स्टेडियम जयपुर में संपन्न हुआ। जयपुर जिला फुटबॉल चयन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि ट्रायल में जयपुर जिले की 44 लड़कियों ने भाग लिया। ट्रायल के आधार पर प्रथम लिस्ट में 30 लड़किया शॉर्ट लिस्टिंग की गई। ट्रायल राष्ट्रीय खिलाड़ी और अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ से मान्यता प्राप्त "डी" लाइसेंस कोच निकिता कंवर द्वारा ली गई। अब इन 30 लड़कियों का सात दिवसीय कैंप राजस्थान फुटबाल संघ द्वारा राज्य चैंपियनशिप के आयोजन की तारीख के आधार पर लगाया जाएगा।

## 23 वर्षीय लड़के एवं लड़कियों की प्रतियोगिता 14 को विश्वविद्यालय खेल मैदान पर आयोजित होगी

जयपुर, 10 जुलाई। गोपाल सैनी, संयोजक जयपुर जिला एथलेटिक संघ तदर्थ समिति ने बताया कि 23 वर्षीय लड़के एवं लड़किर्यो की प्रतियोगिता 14 जुलाई 2025 को विश्वविद्यालय खेल मैदान पर रखी गई है। प्रतियोगिता सुबह 7 बजे से चालू हो जाएगी। प्रतियोगिता मे सभी एथलीट अपनी स्वेच्छा से भाग लेंगे। प्रतियोगिता में किसी भी तरह की शारीरिक, मानसिक इत्यादि क्षित का एथलीट स्वयं जिम्मेदार होगा, आयोजकों का उस पर कोई लेना देना नहीं होगा। प्रतियोगिता में 5-10-2002 से 4--10-2009 के बीच में पैदा हुए लड़के लड़कियां ही भाग ले सकते हैं, अन्य नहीं। प्रतियोगिता में चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले एथलीट राज्य प्रतियोगिता, जोकि झुंझुनू में 29 एवं 30 जुलाई को योगी स्टेडियम में आयोजित होगी उसमें भाग लेंगे। सभी इच्छुक एथलीट अपना आधार एवं यूआईडी नंबर की छाया प्रति अपने साथ लाएं।

## गुरु हीरानंद कटारिया का शिष्यों ने सम्मान किया



जयपुर, 10 जुलाई। कबड्डी की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी महाराणा प्रताप अवॉर्डी एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता राजस्थान की एक मात्र खिलाड़ी सुमित्रा शर्मा ने भी आज अपने गुरु हीरानंद कटारिया का केक खिलाकर सम्मान किया, उनके घर पर जाकर आशीर्वाद लिया। सुमित्रा शर्मा अभी वन विभाग में रीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर हैं। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपने कोच गुरु महाराणा प्रताप भगवती गुरु वशिष्ठ अवार्ड से सम्मानित हीरानन्द कटारिया का साफा पहनाकर केक खिलाकर सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक राजपाल सिंह, राजस्थान पशु संघ के अध्यक्ष विजय सिंह, शेखावत गणपत राम यादव मौजूद रहे। कटारिया ने अपने सीनियर खिलाड़ी राजपाल सिंह, रामकिशन यादव का भी सम्मान किया। साथी कबड्डी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सोनू यादव को भी उनकी जॉब लगने पर सरकारी सेवा में जॉब लगने पर सम्मानित किया। हीरानंद कटारिया ने खिलाड़ियों को इस अवसर पर कहा कि एक लक्ष्य लेकर आगे बढ़े और अपने राष्ट्र का नाम रोशन करें। इस पावन पर्व पर सभी खिलाड़ियों ने अपने गुरु को तेजाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की।

## राकेश की घातक गेंदबाजी से रेलवे क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 10 जुलाई। नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे अंडर-19 नेशनल कप में नेशनल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9.2 ओवर में मात्र 40 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें अधिकतम गौरव सैनी ने 22 रनों का योगदान दिया। रेलवे क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में राकेश लाखलान ने 5 विकेट व उदय सिंह राजावत ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे क्रिकेट अकादमी 7.1 ओवर में 42/3 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। जिसमें मोहम्मद सैफ ने नाबाद 19 रनों का योगदान दिया। नेशनल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में गौरव सैनी को 2 विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच- राकेश लाखलान रहे।

# जो रूट के जुझारू 99 रन, इंग्लैंड 251/4 विकेट



लॉर्ड्स, 10 जुलाई। जो रूट (नाबाद 99) और कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद 39) रनों की जूझारू पारी की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय चार विकेट पर 251 रन बना लिये है। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। नीतीश कुमार रेड्डी ने अपने पहले ही ओवर में बेन डकेट (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद रेड्डी ने एक बार फिर बेहतरीन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए इसी ओवर की आखिर गेंद पर जैक क्रॉली (18) को भी पंत के हाथों आउटकर भारत को एक ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई। नीतीश कुमार रेड्डी 2002 के बाद इस तरह अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। 2002 के बाद अब तक केवल दो भारतीय तेज गेंदबाजों ने पुरुष टेस्ट मैचों में पारी के अपने पहले ओवर में दो बार विकेट लेने का कारनामा किया हैं। इरफान पठान ने 2006 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ हैट्रिक ली थी। आज नीतीश कुमार रेड्डी ऐसा करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज बन गए हैं। भोजनकाल तक इंग्लैंड ने दो विकेट पर 84 रन बना लिये थे। इसके बाद जो रूट और ऑली पोप धीमी रफ्तार के साथ रन जोड़ेते हुए पारी को चायकाल तक 49 ओवर में दो विकेट पर 153 के स्कोर तक ले गये हैं। चायकाल तक जो रूट ने अपना अर्धशतक पूरा किया। स्टंप के रूट (नाबाद 54) और ऑली पोप (नाबाद 44) रन बनाकर खेल रहे थे। चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को 50वें ओवर की पहली ही गेंद पर रवींद्र जडेजा ने ऑली पोप (44) को आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी ब्रूक (11) को बुमराह ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। स्टंप के समय जो रूट 191 गेंदों में (नाबाद 99) और कप्तान बेन स्टोक्स 102 गेंदों में (नाबाद 39) रन बनाकर खेल रहे थे। भारत की ओर नीतीश कुमार रेड्डी ने दो विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पंत उंगली में चोट की वजह से मैदान से बाहर, जुरेल कर रहे कीपिंग

लंदन, 10 जुलाई। भारत को लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन के दूसरे सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए बुलाना पड़ा। दरअसल, ऋषभ पंत को दूसरे सत्र में लेग स्टंप के बाहर जाती हुई गेंद को कलेक्ट करते हुए बाएं हाथ की उंगली में चोट आ गई थी। जिसके बाद उनके उपचार के लिए खेल को काफी देर रोकना भी पड़ा, लेकिन इसके बावजूद पंत दर्द में नजर आए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी का वह 34वां ओवर तो पूरा किया लेकिन उसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। 2017 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नियम में बदलाव आया था जिसके बाद से मैच के दौरान विकेटकीपर को चोट लगने पर दल में मौजूद विशेषज्ञ विकेटकीपर से सब्सटिट्यूट किया जा सकता है, लेकिन वह सिर्फ कीपिंग कर सकता है। बल्लेबाजी करने की अनुमति उस सब्सटिट्यूट विकेटकीपर की नहीं होती है। डेब्यू करने के बाद से पंत भारत के लिए टेस्ट में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## सचिन को एक साथ लॉर्ड्स में मिले दो सम्मान, एमसीसी संग्रहालय में पोर्ट्रेट का अनावरण



लंदन, 10 जुलाई। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच से पहले लॉर्ड्स में सम्मानित किया गया। तेंदुलकर ने लॉर्ड्स म्यूजियम में लगी अपनी तस्वीर का अनावरण किया। इसके बाद लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में लगे बेल को बजाकर मैच का आगाज करने के संकेत दिए। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच क्रिकेट के मक्का यानी लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट में उनके योगदान के लिए उनका सम्मानित किया गया। लॉर्ड्स के म्यूजियम में सचिन की एक पुरानी तस्वीर लगाई गई है। तेंदुलकर अब तक के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं। 1989 से 2013 तक 24 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में, तेंदुलकर ने भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 34,357 रन बनाए। यह कुल स्कोर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज कुमार संगकारा (28,016) से 6,000 रन से ज्यादा है। मैच से पहले ही सचिन तेंदुलकर से ही इस तस्वीर का अनावरण कराया गया। तस्वीर यंग सचिन की है। इसमें वह भारत की पुरानी जर्सी में नजर आ रहे हैं। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड और एमसीसी ने भारतीय दिग्गज को उनके योगदान के लिए ये सम्मान दिया। सचिन ने लॉर्ड्स के मैदान पर 5 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने केवल 195 रन बनाए, जिसमें सर्वोच्च स्कोर 37 रन का रहा है।

# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, इंग्लैंड में जीती सीरीज



मैनचेस्टर, 10 जुलाई। राधा यादव और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की शानदार पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 18 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

बुधवार देर रात खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड के 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। सातवें ओवर में शार्लेट डीन ने शेफाली वर्मा (19 गेंदो में 31 रन) को आउट इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने मंधाना के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने स्मृति मंधाना (31 गेंदों में 32 रन) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। भारत का तीसरा विकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर (26) रन के रूप में गिरा। अमनजोत कौर (दो) रनआउट हुई। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (22) और ऋचा घोष सात रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन, सोफी एक्लस्टोन और इसी वॉन्ग ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 126 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट डेनियल वायट (पांच) के रूप में गंवा दिया। उन्हें श्री चरणी ने अरुंधति के हाथों कैच आउट कराया।

## लॉर्ड्स में नीतीश कुमार रेड्डी को कमान
## सालों बाद ऐसा करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने



लॉर्ड्स, 10 जुलाई। लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जहां, पहले दिन लंच तक मेजबान टीम को दो विकेट झटके लग गए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जैक क्रॉउली और बेन डकेट ने इंग्लैंड की टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन जब लगा कि दोनों सेट हो गए तो नीतीश कुमार रेड्डी ने एक ही ओवर में सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। इसके साथ ही नीतीश रेड्डी के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है।

नीतीश कुमार रेड्डी 2002 के बाद इस तरह अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। 2002 के बाद अब तक केवल दो भारतीय तेज गेंदबाजों ने पुरुष टेस्ट मैचों में पारी के अपने पहले ओवर में दो बार विकेट लेने का कारनामा किया हैं। इरफान पठान ने 2006 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ हैट्रिक ली थी। आज नीतीश कुमार रेड्डी ऐसा करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज बन गए हैं।

## सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 33 खिलाड़ी भाग लेंगे : हॉकी इंडिया

बेंगलुरु, 10 जुलाई। हॉकी इंडिया ने कहा है कि बेंगलुरु में स्थित साई केन्द्र में 14 जुलाई से सात अगस्त चलने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 खिलाड़ी भाग लेंगे। हॉकी इंडिया के अनुसार यह शिविर दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ऑस्ट्रेलिया दौरे और बिहार के राजगीर में 2025 में होने वाले महत्वपूर्ण हीरो एशिया कप के लिए भारतीय टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि 29 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाले एशिया कप की विजेता एफआईएच हॉकी पुरुष विश्वकप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

## भारत ने बनाया लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड



लंदन, 10 जुलाई। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में गुरूवार को टॉस हारने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड बना दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इस तरह भारत के नाम अब पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड हो गया है। भारत अब तक लगातार 13 टॉस हार चुका है और उसने वेस्ट इंडीज के 12 टॉस हारने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। टॉस हारने का रिकॉर्ड- भारत (31 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025), वेस्टइंडीज़ (2 फ़रवरी 1999 से 21 अप्रैल 1999), इंग्लैंड (17 दिसंबर 2022 से 12 मार्च 2023)।



## नोवाक जोकोविच ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ फेडरर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

लंदन, 10 जुलाई। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराकर विंबलडन में रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। साथ ही वह आठवीं बार खिताब जीतने से महज एक कदम और करीब पहुंच गए हैं। नोवाक अभी तक 24 ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किए हैं, जिसमें 7 विंबलडन शामिल हैं। इसके साथ ही जोकोविच ने रोजर फेडरर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। बता दें कि, जोकोविच और फेडरर दोनों के नाम 13-13 बार विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड था। अब जोकोविच ने फेडरर को पछाड़ दिया है।

क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली ने पहला सेट जीतने में कामयाबी हासिल की लेकिन जोकोविच ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से फ्लेवियो कोबोली को हराया। इससे पहले मुकाबले में भी जोकोविच ने कुछ इसी तरह से जीत अपने नाम की। उन्होंने आखिरी-16 के मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में जब जोकोविच का मुकाबला 23 साल के जैनिक सिनर से होगा। नोवाक जोकोविच ने मैच में 39 बेहतरीन शॉट लगाए, जबकि कोबोली ने 51 विनर्स मारे। जोकोविच की पहली सर्विस पर सफलता दर 75 प्रतिशत रही, यानी जब उन्होंने पहली सर्विस डाली, ज्यादातर बार उन्होंने पॉइंट जीता।

## भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया

आइंडहोवन, (नीदरलैंड) 10 जुलाई। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से हराया। भारत ने आयरलैंड को पहले मैच में 6-1 से हराया था। बुधवार को यूरोपीय दौरे पर खेले गये दूसरे मुकाबले में भारत ए के उत्तम सिंह ने शुरुआत में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। कप्तान संजय ने गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो प्रभावशाली गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार की ओर से किये एक-एक गोल किये। टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद भारतीय ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूँ। अब हमारा मुकाबला फ्रांसीसी टीम से होगा और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे। भारत ए पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला इसी मैदान पर शनिवार को फ्रांस से होगा।

## राधा यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर संभालेंगी भारत-ए टीमों की कप्तानी

नई दिल्ली, 10 जुलाई। लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत ए टीमों की कप्तानी संभालेंगी। भारत इस दौरे में तीन टी20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगा, जिसके बाद एक चार दिवसीय मैच होगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त, 2025 तक होने वाले आगामी बहु-प्रारूप ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

भारत ए महिला टीम तीन टी20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक चार दिवसीय मैच होगा।

यह दौरा 7 अगस्त, 2025 को मैके में शुरू होगा, जहां तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद मुकाबला नॉर्थ्स, ब्रिस्बेन में होगा, जहां तीन 50 ओवर के मैच खेले जाएंगे और उसके बाद एलन बॉर्डर फील्ड में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा।

**टी20 टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी. वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, तितास साधु

**एक दिवसीय और बहु-दिवसीय टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), धारा गुज्जर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, तितास साधु (श्रेयंका पाटिल और प्रिया मिश्रा का चयन बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) से फिटनेस मंजूरी पर निर्भर करेगा।)

## अगले तीन वर्षों तक भारत करेगा प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी

नई दिल्ली, 10 जुलाई। अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) द्वारा 2027 और 2028 के वैश्विक कैलेंडर को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, भारत को अगले तीन लगातार वर्षों के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए आधिकारिक रूप से चयनित किया गया है। हाल ही में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) को भेजे गए एक पत्र में आईएसएसएफ ने पुष्टि की है कि, भारत 2027 में आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) की मेजबानी करेगा। भारत 2028 में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन) की मेजबानी करेगा।

यह भारत को शूटिंग खेलों के लिए एक भरोसेमंद और सक्षम वैश्विक गंतव्य के रूप में और अधिक स्थापित करता है। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, भारत नवंबर 2025 में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया ( एसएलआई) के पहले संस्करण की मेजबानी भी करेगा - यह एक महत्वाकांक्षी और अग्रणी पहल है, जिसका उद्देश्य शूटिंग खिलाड़ियों के लिए एक पेशेवर लीग मंच तैयार करना है।

एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा, एलए ओलंपिक को लक्ष्य बनाते हुए, आगामी वर्षों में हर साल कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह वरिष्ठ खिलाड़ियों की तैयारी को मजबूती देता है और जूनियर्स को घर पर ही शीर्ष स्तर की प्रतियोगिता का अमूल्य अनुभव देता है। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया का शुभारंभ हमारे प्रयासों को एक नया आयाम देगा। हम आईएसएसएफ के विश्वास के लिए आभारी हैं और भारत को इस प्रिय खेल के लिए वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर पीएसजी क्लब विश्वकप के फाइनल में

न्यूयॉर्क, 10 जुलाई। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड को 4-0 से रौंदकर फीफा क्लब विश्वकप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। अब उसका मुकाबला पहले सेमीफाइनल की विजेता चेल्सी एफसी से होगा। मेटलाइफ स्टेडियम में बुधवार रात खेले गये दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पीएस जी की ओर से फैबियन रुइज ने (छठे, 24वें) मिनट में गोल किये।

# लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी 19 रन से विजेता



जयपुर, 10 जुलाई। एस.एच. एस. क्लब द्वारा आयोजित प्रथम अंडर-14 फेडस क्रिकेट कप में खेले गये मैच मे लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी और नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी ने 220/10 पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.0 ओवर में बनाए। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी की ओर से उत्सव शर्मा ने 33 रन, प्रियंक ने 50 रन और प्रियाशुं सैनी ने 55 रन बनाये। नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर की और से गेदबाजी करते हुए दक्ष बागवान ने 35 रन देकर 4 विकेट और पूजा ने 48 रन देकर के 2 विकेट , चर्चित यादव ने 43 रन देकर के 2 विकेट लिया। नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर ने बल्लेबाजी करते हुए 201/10 34.3 ओवर में ऑल आउट हो गई। नारायणा क्रिकेट एकेडमी जूनियर की ओर से हिमाशुं ने 42 रन, पार्थ डी ने 26 रन, आदित्य यादव ने 23 रन बनाये। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी गेदबाजी करते हुए मयंक यादव ने 14 रन देकर 2 विकेट, प्रियाशु सैनी ने 52 रन देकर 2 विकेट, कृष्णा ओझा ने 28 रन देकर 3 विकेट, हेमन्त सैनी ने 46 रन देकर 2 विकेट लिया। लक्ष्य क्रिकेट एकेडमी 19 रन से विजेता हुई।

## डीएलएस मैथड से स्टार क्रिकेट अकादमी 90 रन से जीती

जयपुर, 10 जुलाई। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे सोनी कप में स्टार क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 167/4 रन बनाए। जिसमें विजय ने 51 व रितिक सारन ने 37 रनों का योगदान दिया। टी सी ए क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में मोहन सैनी व रोहित वर्मा और रयान खान को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टी सी ए क्रिकेट अकादमी 9.1 ओवर में 19/5 रन (डीएलएस मैथड) ही बना सकी। डीएलएस मैथडसे स्टार क्रिकेट अकादमी ने 90 रन से जीत अपने नाम दर्ज की। स्टार क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में अमन सिंह ने 4 ओवर में मात्र 3 रन देकर 3 विकेट लिए व दीपक खारताला को 2 विकेट मिले। मैन ऑफ द मैच अमन सिंह रहे।

## वर्ष 2025 से राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के ऑन लाइन आवेदन आमंत्रित
## 30 दिन में ऑब्जेक्शन करने होंगे क्लियर, अन्यथा फार्म होंगे ऑटो रिजेक्ट



जयपुर, 10 जुलाई। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा वर्ष 2025 के लिए राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को देय प्रोत्साहन राशि के लिए ऑन लाइन आवेदन किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पात्र खिलाडी अपना आवेदन कर सकते है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि खिलाडियों के आवेदन में पूर्व में शपथ पत्र अपलोड नहीं किए जाने की वजह से आवेदन खिलाड़ी के लॉगिन पर पेंडिंग रह जाते है । लेकिन 2025 के आवेदन करते समय ही अन्य जानकारियो के साथ शपथ पत्र भी अपलोड करना होगा, जिससे ऐसी समस्या का सामना नहीं करना पडेगा। उन्होने बताया कि पूर्व में किए गए आवेदनों जिन पर विभाग द्वारा ऑब्जेक्शन लगाया गया है, ऑब्जेक्शन क्लियर करने का नोटीफिकेशन खिलाड़ियों के वाट्सअप व पोर्टल में उनके लोगिन अकाउंट में प्राप्त होगा। खिलाडी अपना ऑब्जेक्शन 30 दिन में क्लियर नहीं करते है तो उनका फार्म ऑटो रिजेक्ट हो जायेगा।

# मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर महन्त रामदास का सत्कार किया

## उन्होंने श्रीनाथ जी मंदिर में पंचामृत से अभिषेक किया व परिसर में वृक्षारोपण किया

डीग/भरतपुर/जयपुर, 10 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरूवार को डीग के पूंछरी का लौठा में श्रीनाथ जी के मंदिर में पंचामृत से अभिषेक तथा सपत्नीक पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में संत-महात्माओं का गुरु पूजन कर आशीर्वाद

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने भरतपुर में बड़ा हनुमान मंदिर के पास जन सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को अभिजनों की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा-अर्चना की और संत-महात्माओं का गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया।*

भी लिया तथा मंदिर परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने पूंछरी का लौठा में मुकुट मुखारविंद पर श्री गिरिराज जी का दुग्धाभिषेक किया।

इसके पश्चात, मुख्यमंत्री ने भरतपुर के सेवर में लुधावई स्थित बड़ा हनुमान मंदिर में सपत्नीक दर्शन किए। गुरू वंदन कार्यक्रम के तहत, मुख्यमंत्री ने बड़ा हनुमान मंदिर में महंत रामदास महाराज का सत्कार-सम्मान किया। उन्होंने महंत को सम्मान राशि, श्रीफल, शॉल, मिठाई एवं गुरू वंदन संदेश भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की।

मुख्यमंत्री ने बड़ा हनुमान मंदिर परिसर के समीप जनसुनवाई भी की, जिसमें उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुना तथा अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक जगत सिंह, बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी सहित, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 10 लाख भारतीय श्रमिकों की भर्ती की रिपोर्ट गलत ठहराई रुस ने

मास्को, 10 जुलाई। रूस के श्रम मंत्रालय ने आज उन रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि वह 2025 के अंत तक भारत से 10 लाख श्रमिकों की भर्ती करने की योजना बना रहा है। मॉस्को टाइम्स ने यूराल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख आंद्रेई बेसेदिन के हवाले से कहा था कि भारतीय कामगारों के आने से देश में श्रमिकों

- **रुस के श्रम मंत्रालय ने कहा कि भारत से मजदूरों की भर्ती का कोटा होता है जो नियोक्ता व क्षेत्र की जरुरत के आधार पर तय होता है।**

की कमी दूर होगी। इस बीच रूस के उद्योगपतियों और उद्यिमयों के संघ ने भारत में व्यावसायिक प्रशिक्षण स्कूल बनाने का विचार पेश किया है ताकि विशेष रूप से रूसी रोज़गार बाज़ार के लिए कामगारों को तैयार किया जा सके। श्रम मंत्रालय ने बाद में आरबीसी समाचार वेबसाइट को बताया कि भारत से कामगारों की भर्ती कोटा द्वारा नियंत्रित होती है जो क्षेत्रों और नियोक्ताओं की ज़रूरतों के आधार पर एक साल पहले निर्धारित किया जाता है।

# 'गुजरात में सड़क, पुल, बांध टूटना आम हो गया, जांच के नाम पर लीपापोती हो रही है'

## कांग्रेस ने वडोदरा पुल हादसे को लेकर गुजरात की भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की

नयी दिल्ली, 10 जुलाई। कांग्रेस ने गुजरात में पुल ढ़ हने से कई लोगों के मारे जाने की घटना को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा है कि राज्य में चरम भ्रष्टाचार के बीच वहां 'चंदा दो-धंधा लो' की व्यवस्था चल रही है और अधिकारी लापरवाह हो गये हैं इसलिए रोड, पुल, कैनाल, डैम टूटना, अग्निकांड की घटनाएं लगातार हो रही हैं और इनकी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है।

- **कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी, सेवा दल अध्यक्ष लालजी देसाई ने कहा, पिछले 16 मामलों में जांच टीम गठित हुई पर नतीजा शून्य रहा।**
- **कांग्रेस नेताओं ने कहा, गुजरात सरकार ने तय कर लिया है दुर्घटना का हिस्सा बनिए, चार लाख रु. का मुआवज़ा लीजिए। यहां जान की कीमत मात्र 4 लाख रु. है।**

गुजरात कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवानी एवं सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने गुरुवार को यहां कांग्रेस के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए सरकार तुरंत जांच शुरु करवा देती है, लेकिन परिणाम शून्य रहता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस तरह के पिछले 16 मामलों में जांच के लिए ईमानदार अधिकारियों की टीम गठित नहीं करती है तो सड़कों पर उतरकर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा गृहमंत्री हर्ष रमेश संघवी के इस्तीफे की मांग की जाएगी।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक मीडिया और विपक्ष के तौर पर कांग्रेस का दबाव रहता है, तब तक कुछ लोगों की गिरफ्तारी कर लीपा-पोती की जाती है और छोटी मछलियों को पकड़ा जाता है, लेकिन भाजपा से जुड़े बड़े मगरमच्छों को छोड़ दिया जाता है। गुजरात सरकार और उनके भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के कारण प्रदेश भर में पिछले कुछ साल में कई दुर्घटनाएं हुई हैं।

कांग्रेस नेताओं ने गुजरात में हाल में हुई दुर्घटनाओं का विवरण देते हुए कहा कि करीब तीन साल पहले मोरबी में सरकार की लापरवाही से 135 लोगों की जान चली गई। राजकोट में जनता ने चेताया था, लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया आखिर में गेमिंग जोन में आग लगने से कई लोगों की जान चली गई। वडोदरा में नाव पलटने से बच्चों समेत 14 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ महीने पहले डीसा की एक फैक्ट्री में आग लगने से करीब 22 लोगों की मौत हो गई थी।

गुजरात सरकार ने मानो तय कर लिया है कि दुर्घटना का हिस्सा बनिए, जान दीजिए और चार लाख रुपए का मुआवजा ले जाइए- यानी यहां आम जनता की जान की कीमत मात्र चार लाख रुपए है।

## इण्डिया गठबंधन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने के लिए दबाव डालता रहेगा।

कानूनी विशेषज्ञों ने भी चुनाव आयोग के इस कदम पर सवाल उठाए हैं और यह तर्क दिया है कि बिहार में लगभग 8 करोड़ मतदाताओं को कवर करने वाला इतना बड़ा पुनरीक्षण - वह भी विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले - सन्देह पैदा कर सकता है तथा कई लोगों को मतदाता सूची से निकाले जाने और संभावित हेरफेर का कारण भी बन सकता है। पहले कल्याणकारी योजनाओं में लगे जिला अधिकारियों को अचानक इस पुनरीक्षण कार्य में लगा दिया गया, जिससे राज्य तंत्र के दुरुपयोग और शासन में अव्यवस्था की आलोचना हुई है। अब, जब सुप्रीम कोर्ट इस मामले को अपने संज्ञान में ले चुका है, तो गेंद पूरी तरह से चुनाव आयोग के पाले में है। यदि आयोग अपने कार्यों को संवैधानिक मानदंडों के अनुरूप नहीं करता, तो विपक्ष ने चेतावनी दी है कि आयोग को कानूनी और ज़मीनी -दोनों स्तरों पर व्यापक जनविरोध का सामना करना पड़ सकता है।

## कनिष्ठ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पेपर लीक के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसओजी ने अब तक इस मामले में 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# वडोदरा हादसे के बाद एक्शन में गुजरात सरकार

वडोदरा, 10 जुलाई। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने गुरुवार को वडोदरा में महिसागर नदी पर बीते दिन पुल के ढ हने के सिलसिले में राज्य के सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियरों को निलंबित कर दिया। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई है और कुछ लोग अब भी लापता हैं। सड़क एवं भवन विभाग के प्रभारी मुख्यमंत्री पटेल ने विशेषज्ञों से पुल की मरम्मत, निरीक्षण और गुणवत्ता जांच पर एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा था। इसी रिपोर्ट के आधार पर चारों इंजीनियरों को निलंबित करने का निर्णय लिया गया।

- **चार इंजीनियर सस्पेंड किए, अन्य पुलों का तत्काल निरीक्षण करने के आदेश दिए।**

तत्काल प्रभाव से निलंबित किए गए लोगों में कार्यकारी अभियंता एनएम नायकवाला, उप कार्यकारी अभियंता यूसी पटेल और आरटी पटेल के साथ-साथ, सहायक अभियंता जेवी शाह शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को इस घटना के मद्देनजर राज्य के अन्य पुलों का तुरंत गहन निरीक्षण करने का आदेश दिया है।

ज्ञातव्य है कि बुधवार सुबह वडोदरा के पादरा कस्बे के पास गंभीरा गांव के पास आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ने वाले चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे।

वडोदरा जिले के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने दिन में बताया, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीन से चार लोग अभी भी लापता हैं। तलाशी और बचाव अभियान अभी भी जारी है।

# लॉ कॉलेज दुष्कर्म केस, सरकार ने कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी

कोलकाता, 10 जुलाई। दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता हाईकोर्ट को जांच की प्रगति रिपोर्ट सौंपी है। यह रिपोर्ट कोलकाता पुलिस की तरफ से की जा रही जांच के आधार पर तैयार की गई है और इसे सीलबंद लिफाफे में अदालत को सौंपा गया। न्यायमूर्ति सौमेंद्र

- **प.बंगाल सरकार ने पुलिस जांच की रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में पेश की, कोर्ट ने रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने का निर्देश दिया है।**

सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास डे की खंडपीठ ने पुलिस की केस डायरी को भी देखा और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे चार सप्ताह बाद जांच में हुई आगे की प्रगति की नई रिपोर्ट पेश करें। मामले में अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। इस मामले में अदालत ने कहा कि पीड़िता के परिवार के वकील को रिपोर्ट की एक प्रति दी जा सकती है।

# गुरु पूर्णिमा पर दो छात्रों ने गुरु की हत्या की

## हरियाणा के हिसार जिले के एक गांव में प्रधानाचार्य की चाकू मार कर हत्या की

हिसार, 10 जुलाई। गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरुवार को हरियाणा के हिसार के बास बादशाहपुर गांव में स्थित करतार मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को एक सनसनीखेज वारदात के तहत स्कूल के प्रधानाचार्य जगबीर सिंह की दो छात्रों ने चाकू मारकर हत्या कर दी।

- **पुलिस को स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिली है। इसमें दोनों आरोपी छात्र वारदात के बाद भागते नज़र आ रहे हैं। आरोपी छात्रों की पहचान कर ली गई है। अभी दोनों फरार हैं।**

इस घटना ने स्कूल परिसर में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। वारदात के बाद दोनों छात्र वहां से फरार हो गये। जिस वक्त यह वारदात हुई, उस समय स्कूल में पेपर चल रहा था। घायल प्रधानाचार्य को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। पुलिस को वारदात में शामिल चाकू मौके पर ही पड़ा मिला है। स्कूल स्टाफ ने बताया, यह बिल्डिंग नारनौंद के पूर्व विधायक सरोज मोर के परिवार की है। इस बिल्डिंग को जगबीर सिंह ने दो साल पहले लीज पर लिया था। अचानक हुए हमले से जगबीर सिंह ने बचने की कोशिश भी की, लेकिन छात्रों ने उन पर चाकुओं से वार करना जारी रखा। कुछ ही सेकेंड में शरीर पर कई वार किये। इससे जगबीर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद दोनों आरोपी छात्र चाकू लहराते हुए वहां से भाग गये। वहां मौजूद टीचर और अन्य स्टाफ ने तुरंत घायल जगबीर को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गयी। उधर, घटना के बाद स्कूल की भी छुट्टी कर दी गयी। पेपर दे रहे बच्चों को घर भेज दिया गया।

सूचना मिलते ही थाना बास पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक जगबीर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एक टीम स्कूल भी भेजी गयी, जिसने घटना के बारे में स्कूल स्टाफ और छात्रों से जानकारी ली। 'सीन ऑफ क्राइम' टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाये।

थाना बास प्रभारी मनदीप सिंह ने बताया कि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सामने आयी है। इसमें दोनों आरोपी छात्र वारदात के बाद भागते हुये नजर आ रहे हैं। आरोपी छात्रों की पहचान कर ली है। उन्हें पकडऩे के लिए टीमें लगायी गयी हैं। हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

पुलिस ने अभी तक जो जांच की है, उसमें सामने आया है कि प्रिंसिपल जगबीर सिंह स्कूल के सभी छात्रों को अपने बाल छोटे रखने के लिए कहते थे। जिन दोनों लडक़ों पर हत्या करने का आरोप लगा है, उन्हें भी टोकने की बात सामने आयी है। इसके अलावा, एक आरोपी की उम्र करीब 16 साल है, जो कक्षा 11 का छात्र है, जबकि दूसरे की उम्र 17 साल है, जो 12वीं का छात्र है। दोनों की पहले भी शरारत करने की शिकायतें होती रही हैं, लेकिन अध्यापकों ने इन्हें नजरअंदाज कर दिया था।

## 'हमने ''उदयपुर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खुलेगी, तब वह फिर से इसका उल्लेख करें।

दिल्ली हाईकोर्ट एक और याचिका पर सुनवाई कर रहा है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से दायर इस याचिका में फिल्म की रिलीज़ पर यह कहते हुए रोक लगाने की मांग की गई है कि यह सांप्रदायिक रूप से भड़काऊ है।

# 'आधार कार्ड, वोटर पहचान पत्र...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दस्तावेजों को स्वीकार करने पर चुनाव आयोग को विचार करना है। द्विवेदी ने कहा कि यह आयोग के विवेक पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी जिसमें तीन मुख्य सवालों पर फोकस होगा। क्या चुनाव आयोग के पास मतदाता पूनरीक्षण प्रक्रिया को शुरू करने की शक्ति है? प्रक्रिया और तरीका क्या वैधानिक रूप से उचित है? क्या इतनी कम समयावधि, जबकि नवंबर में बिहार चुनाव हैं, में इसे पूरा करना संभव है?

न्यायालय ने कहा कि मामला सुनवाई योग्य है। आयोग को 21 जुलाई तक जवाब दाखिल करना है और प्रत्युत्तर 28 जुलाई से पहले।

न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि पूनरीक्षण प्रक्रिया चल सकती है, लेकिन कानून आधार को मान्यता देता है। और चुनाव आयोग इसे चुनौती नहीं दे सकता क्योंकि आधार का प्रबंधन गृह मंत्रालय के अधीन है, जैसा कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया।

द्विवेदी ने सुझाव दिया कि मामला 2 अगस्त को सुना जाए, तब तक ड्राफ्ट सूची सामने आ जाएगी। और अगर एक करोड़ लोग छूट जाते हैं, तब कोर्ट हस्तक्षेप कर सकता है।

अभिषेक मनु सिंघवी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दी गई तो इसे अदालत में ''अपरिवर्तनीय'' के रूप में पेश किया जाएगा।

न्यायमूर्ति बागची और धूलिया ने कहा कि पूरी प्रक्रिया व्यक्ति की पहचान पर केंद्रित है। आप जानना चाहते हैं कि यह व्यक्ति ए है या बी। आधार इस पहचान का प्राथमिक दस्तावेज है।

जस्टिस बागची ने हैरानी जताई कि आप जिन 11 दस्तावेजों को मांग रहे हैं, वे नागरिकता का प्रमाण नहीं है, सिर्फ पहचान के लिए हैं फिर भी आप आधार को मानने से इनकार कर रहे हैं।

चुनाव आयोग के वकील द्विवेदी ने कहा कि आधार सामान्य रूप से रहने वाले गैर-नागरिकों को भी जारी होता है और यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है।

इस पर द्विवेदी को बताया गया कि चुनाव आयोग की सूची में से कम से कम पांच दस्तावेज ऐसे हैं जो जन्म तिथि या जन्म स्थान नहीं दर्शाते - जबकि जन्मतिथि व जन्म स्थान मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता की अनिवार्य शर्तें हैं।

सिंघवी ने कहा कि आधार एक वैधानिक पहचान पत्र है, जिसे सरकार स्वयं बढ़ावा देती रही है, लेकिन अब उसे अस्वीकार किया जा रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के लाल बाबू हुसैन बनाम निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (1995) के फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि एक बार व्यक्ति मतदाता सूची में आ जाता है, तो इसका अर्थ है कि उसने अपनी नागरिकता के संदर्भ में अधिकारियों को संतुष्ट कर दिया है।

सिंघवी ने कहा कि चुनाव आयोग के पास नागरिकता पर फैसला लेने का अधिकार नहीं है।

अधिवक्ता कपिस सिब्बल ने बताया कि राज्य सरकार के सर्वेक्षण के अनुसार बिहार की केवल 14.1 प्रतिशत आबादी के पास मैट्रिक सर्टिफिकेट है और मात्र 2 प्रतिशत के पास पासपोर्ट है, लेकिन 87 प्रतिशत के पास आधार कार्ड है।

## नाबालिग का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक कमलेश शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर पीड़िता की मां ने 01 जुलाई, 2022 को गोविंदगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि अभियुक्त उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर एक साल तक दुष्कर्म करता रहा। जब अभियुक्त के घरवालों को बताया तो उनके साथ मारपीट की गई। वहीं, बाद में डरा-धमकाकर राजीनामा करवा लिया। इसके बाद 27 जून को अभियुक्त उसकी बेटी को भगाकर ले गया। घटना के 3 दिन बाद पुलिस ने पीड़िता को गोटन रेलवे स्टेशन से बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सुनवाई के दौरान, पीड़िता ने अदालत को बताया कि घटना के दिन अभियुक्त उसे डरा धमकाकर अपने साथ ले गया। रेलवे स्टेशन के पास उसे जूस पिलाया और वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसे दूसरे दिन गोठन गांव में होश आया। यहां अभियुक्त ने दो दिन तक उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। वहीं बाद में रेलवे स्टेशन पर पुलिस आकर उसे ले गई। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि पीड़िता की माता और उसके पिता के बीच पैसों के लेन-देन का विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# पिता ने अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी बेटी की हत्या की

## गुरुग्राम में पिता ने बेटी राधिका यादव को गोलियों से भून दिया

गुरूग्राम, 10 जुलाई। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में गुरुवार को एक दिल दहलाने वाले मामले में पिता ने अपनी टेनिस प्लेयर बेटी राधिका यादव को गोलियों से भून दिया। राधिका एक उभरती हुए प्लेयर बताई जा रही है, जिसने स्टेट लेवल पर कई खिताब जीते थे। पिता ने बेटी पर एक-एक कर पांच गोलियां दागीं, जिसमें से तीन उसे लगीं। घटना गुरुग्राम के सुशांत लोक-2 स्थित घर पर हुई। जिस बेटी ने पिता का नाम रोशन किया, वही क्यों उसका कातिल बन गया, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

- **राधिका यादव ने कुछ समय पहले एक टेनिस कोचिंग एकेडमी शुरु की थी। पुलिस के अनुसार पिता दीपक एकेडमी बंद करने के लिये दबाव बना रहा था। आज तीखी बहस के बाद उत्तेजित पिता ने अपनी बेटी को गोलियां मार दीं।**

जानकारी के मुताबिक पिता की गोलियों से छलनी राधिका को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के पीछे की असली वजह अब तक सामने नहीं आई है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे सेक्टर 57 स्थित आवास पर हुई। राधिका अपने परिवार के साथ यहां रहती थीं। गुरुग्राम पुलिस ने हत्या के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर मौके से उस रिवॉल्वर को भी बरामद कर लिया, जिससे इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। राधिका राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी थीं और कई प्रतियोगिताएं जीत चुकी थीं। राधिका यादव की अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ में युगल टेनिस खिलाड़ी के रूप में रैंकिंग 113 थी। राधिका यादव का जन्म 23 मार्च, 2000 को हुआ था और वह आईटीएफ युगल में शीर्ष 200 में थीं।पुलिस प्रवक्ता संदीप के अनुसार, दीपक यादव प्रॉपर्टी डीलर है और उनकी बेटी राधिका यादव ने क्षेत्र में एक टेनिस कोचिंग एकेडमी शुरू कर दी। इसमें काफी युवक-युवतियां कोचिंग लेने आते थे। पुलिस के अनुसार इस एकेडमी को बंद करने के लिए दीपक अपनी बेटी राधिका पर दबाव बना रहा था।

# कैनरा बैंक ने अनिल अंबानी के ऋण खाते से धोखाधड़ी का आरोप वापस लिया

मुंबई, 10 जुलाई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकिंग उपक्रम केनरा बैंक ने गुरुवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी के 1,050 करोड़ रुपये के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाले खाते के रूप में वर्गीकृत करने का अपना फैसला वापस ले लिया है।

गौरतलब है कि जून में, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाले खाते के रूप में वर्गीकृत किया था।

केनरा बैंक ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी इकाई को दिए गए 1,050 करोड़ रुपये के ऋण के दुरुपयोग के आरोप में संबंधित ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला खाता के रूप में चिह्नित कर दिया था। बैंक ने कहा था कि मूल रूप से 2017 में स्वीकृत कर्ज की उस धनराशि का कंपनी ने दुरुपयोग किया गया था। बैंक ने इस आरोप में खाते को नवंबर 2024 में इसे धोखाधड़ी वाला खाता घोषित कर दिया था।

केनरा बैंक ने आरोप लगाया था अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस कम्युनिकेशंस ने उस ऋण पर लागू मूल शर्तों का उल्लंघन किया गया और ऋण राशि को समूह की कंपनियों के साथ लेनदेन , म्यूचुअल फंड और अचल संपत्तियों में निवेश करने धन की दूसरे कामों के लिए हेराफेरी की ।

केनरा बैंक ने आरोप लगाया, प्राप्त ऋण की राशि को को म्यूचुअल फंड और अचल संपत्तियों में भी निवेश किया गया और संबंधित और गैर-संबंधित पक्षों को भुगतान करके इधर-उधर कर दिया।

# शशि थरूर ने आपातकाल पर अपनी ही पार्टी, कांग्रेस, को घेरा

## कांग्रेस सांसद थरुर ने कहा, आपातकाल भारत के इतिहास का काला अध्याय है इससे सबक लेना चाहिए

तिरुवनंतपुरम, 10 जुलाई। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े हुए हैं। इस बार उन्होंने कांग्रेस को आपातकाल को लेकर घेरा है। उन्होंने कहा कि आपातकाल मेंअनुशासन और व्यवस्था के नाम पर क्रूरताकी गई।आपातकाल को भारत के इतिहास का महज काला अध्याय नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसके सबक को पूरी तरह से समझना जरूरी है। उन्होंने आपातकाल में इंदिरा गांधी और संजय गांधी के कामों को लेकर सवाल उठाए।

एक मलयालम अखबार में प्रकाशित लेख में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 25 जून 1975 और 21 मार्च 1977 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले युग को याद किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास क्रूरता में बदल दिए गए। जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता।

- **शशि थरुर ने मलयालम अखबार में छपे लेख में आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी और संजय गांधी की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए।**

कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया। यह आपातकाल का गलत उदाहरण बना। ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और जबरदस्ती की गई। नई दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर दिया गया और उन्हें साफ कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। इसे दुनिया भर के लोगों के लिए एक स्थायी अनुस्मारक के रूप में काम करने दें। आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अधिक आत्मविश्वासी, अधिक विकसित और कई मायनों में अधिक मजबूत लोकतंत्र हैं। फिर भी आपातकाल के सबक अभी भी चिंताजनक रूप से प्रासंगिक हैं।

थरूर ने कहा कि सत्ता को केंद्रीकृत करने, असहमति को दबाने और सांविधानिक सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने का प्रलोभन विभिन्न रूपों में फिर से प्रकट हो सकता है। अक्सर ऐसी प्रवृत्तियों को राष्ट्रीय हित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जा सकता है।

इस लिहाज से आपातकाल एक कड़ी चेतावनी है। लोकतंत्र के रक्षकों को हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908